







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 15 | अंकः 58

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

शनिवार | 09 दिसंबर, 2023




## मोदी बोले, वेड इन इंडिया मूवमेंट चलना चाहिएः उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में कहा, धन्नासेठों के लिए विदेश में शादी फैशन

# देवभूमि में अपार संभावनाएंः मोदी

पतंजलि 10 हजार करोड़ का करेगी निवेश, बाबा रामदेव ने कॉरपोरेट्स से किया आह्वान

उत्तराखंड के लोगों ने पहले ही स्थिर और मजबूत सरकार बनाके दिखाईः पीएम मोदी

हाउस ऑफ हिमालयाज बना उत्तराखंड के उत्पादों का ब्रांड, पीएम मोदी ने किया लांच

पीएम मोदी बोले, उत्तराखंड की विकास यात्रा से जुड़ने का मिल रहा आपको अवसर

**1700** करोड़ अम्बुजा सीमेंट के विस्तार में खर्च करेंगे

**1400** करोड़ ग्राइंडिंग यूनिट पर खर्च करेंगे

**200** स्टेट की बसें सीएनजी से चलाएंगे

**300** करोड़ रुड़की प्लांट

जन एक्सप्रेस | देहरादून

विदेशों में जाकर शादी करना हमारे देश के धन्नासेठों के लिए फैशन बन गया है। मैं देश के धन्नासेठों को कहना चाहता हूं कि जब जोड़े ईश्वर बना रहा है तो जोड़ा अपने जीवन की यात्रा की शुरुआत उस ईश्वर के चरणों में आने की बजाय विदेश में जाकर क्यों करता है। मैं चाहता हूं देश के नौजवानों को मेक इन इंडिया की तरह वेड इन इंडिया मूवमेंट चलाना चाहिए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को देहरादून में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 के इनॉगरेशन के मौके पर यह बात कही। यह समिट 9 दिसंबर तक चलेगी। पतंजलि ग्रुप के बाबा रामदेव, जेएसडब्लू स्टील के चेयरमैन और एमडी सज्जन जिंदल समेत प्रमुख इंडस्ट्रियलिस्ट इस समिट में शामिल हुए हैं। समिट में बाबा रामदेव ने कहा कि पतंजलि ग्रुप उत्तराखंड में 10,000 करोड़ रुपए का नया निवेश करेगा।

### 8 हजार से अधिक प्रतिनिधि शामिल

दो दिन की इस समिट की थीम, पीस टू प्रोस्पेरिटी है। इसमें स्पेन, स्लोवेनिया, नेपाल, क्यूबा, ग्रीस, ऑस्ट्रिया, जापान, सऊदी अरब और अन्य देशों के 15 राजदूतों और मिशन प्रमुखों सहित 8,000 से अधिक प्रतिनिधि भाग लेंगे। प्रतिनिधिमंडल में वोल्टास, अमूल, आईजीएल, अंबुजा एक्सपोर्ट्स और थापर ग्रुप जैसे कॉर्पोरेट्स के टॉप ऑफिसर शामिल होंगे। समिट में राज्य की 15 इन्वेस्टर-फ्रेंडली पॉलिसीज और गुड गवर्नेंस को शोकेस किया गया है। एजेंडे में बिजनेस-टु-बिजनेस (बी2बी) और गवर्नमेंट-टु-बिजनेस (जी2बी) बैठकें भी शामिल हैं, जिनका उद्देश्य निवेशकों को अपने फैसले लेने में मदद करना है। यह समिट एग्जिबिटर्स और प्राइवेट और पब्लिश ऑर्गनाइजेशन्स को कटिंग-एज टेक्नोलॉजी, इनोवेशन्स और फ्यूचर ट्रेंड को शोकेस करने का मौका देगी।

### सभी उत्पादों को एक नाम से पहचाना जाएगा

राज्य के सभी उत्पादों को अब एक नाम से पहचाना जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को वैश्विक निवेशक सम्मेलन के दौरान हाउस ऑफ हिमालयाज की लांचिंग की। अभी तक हिमाद्री, हिलांस, ग्राम्यश्री जैसे तमाम उत्पाद अलग-अलग नाम से बाजार में जाते हैं, लेकिन अब सभी हाउस ऑफ हिमालयाज के नाम से पहचाने जाएंगे।

### पीएम मोदी के भाषण की 3 बड़ी बातें...

**1. डेस्टिनेशन वेडिंग उत्तराखंड में करें**

मैं चाहूंगा कि आप कुछ इन्वेस्टमेंट करें न करें... छोड़ो। अगले 5 साल में आपके परिवार की एक डेस्टिनेशन वेडिंग उत्तराखंड में करें। अगर एक साल में 5 हजार भी शादी यहां होने लगे तो नया इंफ्रास्ट्रक्चर खड़ा हो जाएगा। दुनिया के लिए बड़ा वेडिंग डेस्टिनेशन बन जाएगा।

**2. देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार कर रहे हैं**

पीएम मोदी ने कहा- हर इन्वेस्टर के लिए उत्तराखंड़ में बहुत सारा अनटैप पोटेंशियल है। हम पूरे देश में थीम बेस्ड टूरिज्म सर्किट तैयार कर रहे हैं। इस अभियान में उत्तराखंड सशक्त ब्रांड बनकर उभरने वाला है। यहां नेचर कल्चर, हैरिटेज, योग, आयुर्वेद, तीर्थ, एडवेंचर स्पोर्ट्स हर तरह की संभावना है। इन्हीं संभावनाओं को अवसरों में बदलना होगा।

**3. पांच साल में 13.5 करोड़ लोग गरीबी से बाहर आए**

पिछले 5 साल में 13.5 करोड़ से ज्यादा लोग गरीबी से बाहर आए हैं। हमें मिडिल क्लास की पोटेंशियल को समझना होगा। मैं उत्तराखंड सरकार को हाउस ऑफ हिमालय ब्रांड लॉन्च करने के लिए बधाई देता हूं, जो उत्तराखंड के लोकल उत्पादों को विदेशी बाजारों में स्थापित करेगा। भारत के हर जिले और ब्लॉक में ऐसे प्रोडक्ट हैं, जिनमें ग्लोबल बनने की संभावनाएं हैं।

### हेल्थ से लेकर एजुकेशन तक यहां अपार संभावनाएं

बाबा रामदेव ने कहा कि हेल्थ से लेकर एजुकेशन तक यहां अपार संभावनाएं हैं। मैं सभी कंपनियों से आह्वान करुंगा कि अपने सीएसआर से यहां स्कूल बनाएं। उन्होंने देहरादून के एयरपोर्ट को 24 घंटे के लिए खोले जाने की मांग की। कहा कि इससे उद्योगपतियों को और आसानी होगी।

### पतंजलि 10 हजार करोड़ का करेगी निवेशः बाबा रामदेव

बाबा रामदेव ने कहा कि हमने अब तक उत्तराखंड में बड़ा निवेश किया है। पतंजलि 10 हजार करोड़ का निवेश करेगा और 10 हजार लोगों को रोजगार देगा। मैं सभी कॉरपोरेट हाउस से आह्वान करता हूं कि अपना एक कॉरपोरेट हाउस उत्तराखंड में भी बना लो, आपकी उम्र बढ़ जाएगी।



# लोन महंगे नहीं होंगे

## आपकी ईएमआई भी नहीं बढ़ेगीः आरबीआई गवर्नर

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

आरबीआई एमपीसी ने एक बार फिर रेपो रेटो को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है। एमपीसी की बैठक के बाद आरबीआई गवर्नर ने बताया कि वैश्विक अनिश्चितता के माहौल में भी भारतीय अर्थव्यवस्था ने मजबूती दिखाई है। बैंकों के बैलेंस शीट में मजबूती दिखी है। केंद्रीय बैंक की एमपीसी ने रेपो रेट को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा है।आरबीआई गवर्नर के अनुसार इसके फलस्वरूप स्थायी जमा सुविधा दर 6.25 प्रतिशत और सीमांत स्थायी सुविधा दर तथा बैंक दर 6.75 प्रतिशत पर बनी हुई है। आरबीआई गवर्नर ने एफबाई24 में जीडीपी ग्रोथ 7 फीसदी रहने का अनुमान जताया है।

### सरकारी खर्च से निवेश के रफ्तार में आई तेजी

एमपीसी की बैठक में लिए गए फैसलों की जानकारी देते हुए आरबीआई गवर्नर ने कहा कि घरेलू मांग के कारण भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी जारी है। लागत खर्च में कमी से विनिर्माण क्षेत्र में मजबूती आई है। सरकारी खर्चे से निवेश के रफ्तार में आई तेजी है। एमपीसी के छह में पांच स्थर अकोमोडेटिव रुख वापस लेने के पक्ष में। सभी सदस्यों ने रेपो रेट को स्थिर रखने पर सहमति जताई।

### बैंकिंग सिस्टम पर क्या बोले आरबीआई गवर्नर?

आरबीआई गवर्नर ने कहा कि सिस्टम में नकदी की स्थिति संतुलित है। ओएमओ की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि फाइनेंशियल स्टेबिलिटी के लिए बैंक और एनबीएफसी के लिए हाल में उठाए कदम जरूरी थे। आरबीआई गवर्नर ने कहा कि कनेक्टेड लेंडिंग के लिए यूनिफाइड रेगुलेटरी फ्रेमवर्क लाएंगे। उन्होंने कहा कि वेब एग्रीगेशन के लिए रेगुलेटरी फ्रेमवर्क लाएंगे। उन्होंने कहा कि अप्रैल 2024 तक फिनटेक रिपॉजिटरी की शुरुआत की जाएगी। आरबीआई के एमपीसी की अगली बैठक 6-8 फरवरी 2024 को होगी।

### बुधवार को शुरू हुई थी एमपीसी की बैठक

रिजर्व बैंक की तीन दिवसीय द्विमासिक मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक बुधवार को शुरू हुई। आरबीआई आमतौर पर एक वित्त वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें आयोजित करता है, जहां यह ब्याज दरों, धन की आपूर्ति, मुद्रास्फीति दृष्टिकोण और विभिन्न व्यापक आर्थिक संकेतकों पर विचार-विमर्श करता है। लगातार चौथी बार मौद्रिक नीति समिति ने अक्टूबर की समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का फैसला किया था।

### एमपीसी की पिछली बैठक में क्या हुआ था?

पिछली चार बैठकों में रिजर्व बैंक ने रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखा था। रेपो रेट वह ब्याज दर होती है जिस पर आरबीआई दूसरे बैंकों को कर्ज देता है। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने अक्टूबर में मौद्रिक नीति समीक्षा में कहा था कि केंद्रीय बैंक चिंतित है और उसने उच्च मुद्रास्फीति को वृहद आर्थिक स्थिरता और सतत वृद्धि के लिए बड़ा जोखिम बताया था।

# साइबर क्राइम में देश में आठवें स्थान पर यूपी, यौन शोषण संबंधी अपराध बढ़े

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की रिपोर्ट के मुताबिक 2022 में साइबर क्राइम की वजहों में यौन शोषण के सर्वाधिक 787 मामले महाराष्ट्र में हुए, जबकि 542 मामले यूपी में हुए। यदि अन्य राज्यों में होने वाले साइबर क्राइम की घटनाओं की दर से तुलना की जाए तो यूपी आठवें स्थान पर है। यूपी में 2020 में साइबर क्राइम के 11,097, वर्ष 2021 में 8,829 और 2022 में 10,117 मामले दर्ज किए गए हैं। कर्नाटक में वर्ष 2022 में साइबर क्राइम के 10,741 मामले दर्ज हुए थे। बीते वर्ष यूपी में साइबर क्राइम के 45.3 प्रतिशत मामलों में ही अदालत में आरोप पत्र दाखिल हो सका। यूपी में साइबर क्राइम के मामलों की वजहों पर गौर करें तो बीते वर्ष 37 मामले आपसी रंजिश, 108 मामले गुस्से की वजह से, 4,506 धोखाधड़ी के उद्देश्य से, 1,250 वसूली के लिए, 883 छवि धूमिल करने के मकसद से और 58 मामले प्रैंक (मजाक) करने की वजह से अंजाम दिए गए थे। इसके अलावा 542 यौन शोषण, 57 राजनीतिक कारणों से और 13 देश के प्रति नफरत में किए गए थे। साइबर क्राइम में पुलिस ने बीते वर्ष 7,122 जालसाजों को गिरफ्तार भी किया। यूपी में बीते वर्ष पोर्नोग्राफी के सर्वाधिक 450 मामले भी दर्ज हुए।

### पर्यावरण संबंधी अपराधों में आई कमी

यूपी में पर्यावरण संबंधी अपराधों में लगातार कमी दर्ज की गई है। 2020 में पर्यावरण संबंधी अपराध के 2,981 मामले यूपी में दर्ज किए गए थे। 2021 में ये घटकर 1,573 और 2022 में ये 1,486 रह गई। बीते वर्ष पर्यावरण संबंधी अपराध के दर्ज मामले में वन्य संरक्षण अधिनियम के तहत 1,201, वन्यजीव संरक्षण अधिनियम के 120, पर्यावरण संरक्षण अधिनियम के 103, वायु एवं जल प्रदूषण के छह, सिगरेट व तंबाकू उत्पादों से संबंधित 55 और ध्वनि प्रदूषण का एक मामला दर्ज किया गया था। पुलिस ने इनमें से 96.2 प्रतिशत मामलों में अदालत में आरोप पत्र दाखिल किया।

# यूपीआई से अब पांच लाख रुपये तक कर सकेंगे भुगतान

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली




भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को एक बड़ा फैसला लेते हुए अस्पतालों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए यूपीआई भुगतान सीमा को मौजूदा एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये करने की घोषणा की। रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने दिसंबर की द्विमासिक मौद्रिक नीति की घोषणा करते हुए कहा कि यूनिफाइड पेमेंट्स इंटरफेस (यूपीआई) लेनदेन की विभिन्न श्रेणियों की सीमा की समय-समय पर समीक्षा की गई है। उन्होंने कहा, अब अस्पतालों और शिक्षण संस्थानों को भुगतान के लिए यूपीआई लेनदेन की सीमा को एक लाख रुपये से बढ़ाकर पांच लाख रुपये प्रति लेनदेन करने का प्रस्ताव किया गया है।% बढ़ी हुई सीमा से उपभोक्ताओं को शिक्षा और स्वास्थ्य देखभाल उद्देश्यों के लिए उच्च राशि का यूपीआई भुगतान करने में मदद करेगी। उन्होंने आगे कहा कि आवर्ती प्रकृति के भुगतान करने के लिए ई-मैंडेट ग्राहकों के बीच लोकप्रिय हो गए हैं। ई-मैंडेट फ्रेमवर्क के तहत 15,000 रुपये से अधिक के आवर्ती लेनदेन के लिए ऑथेंटिकेशन (एएफए) का एक अतिरिक्त फैक्टर जरूरी है।

### ई-मैंडेट के उपयोग में और तेजी आएगी

गवर्नर ने कहा, म्यूचुअल फंड सब्सक्रिप्शन, इंश्योरेंस प्रीमियम सब्सक्रिप्शन और क्रेडिट कार्ड रीपेमेंट के आवर्ती भुगतान के लिए अब इस सीमा को बढ़ाकर एक लाख रुपये प्रति लेनदेन करने का प्रस्ताव है। उन्होंने कहा कि इस कदम से ई-मैंडेट के उपयोग में और तेजी आएगी। 'फिनटेक रिपॉजिटरी' स्थापित करने की भी घोषणा की।


**कानपुर एक्सप्रेस**



कानपुर और उन्नाव की खबरों को पढ़ने के लिए देखें पेज 3 और 11

जन एक्सप्रेस फाइटर जी कहिन को इस Qr-code के माध्यम से सर्च करें


**रिपोर्ट** इन मदरसों को पिछले दो साल में कई देशों से दान के तौर पर लगभग 100 करोड़ रुपये मिले थे

# यूपी के 80 मदरसों को आखिर कहां से मिले 100 करोड़?

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा

- शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही तथाकथित मदरसों को हो रही बेहिसाब फंडिंग जांच एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है
- एसआईटी अब उस मुख्य मदरसे की पहचान करने की कोशिश कर रही है, जिसके तहत इन मदरसों द्वारा यह धनराशि खर्च की गई थी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शासन का प्रदेश के सभी मदरसों की पड़ताल करने का आदेश बेमानी नहीं है। शिक्षा की गुणवत्ता के साथ ही तथाकथित मदरसों को हो रही बेहिसाब फंडिंग जांच एजेंसियों के लिए चिंता का विषय है। यूपी में करीब 80 मदरसों की 100 करोड़ की फंडिंग को लेकर विशेष जांच दल (एसआईटी) ने जांच शुरू कर दी है। इन मदरसों को पिछले दो साल में कई देशों से दान के तौर पर लगभग 100 करोड़ रुपये मिले थे। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार एसआईटी अब उस मुख्य मदरसे की पहचान करने की कोशिश कर रही है, जिसके तहत इन मदरसों द्वारा यह



धनराशि खर्च की गई थी और क्या इसमें कोई अनियमितता थी।



### विदेशी फंडिंग से जुड़ रहे तार

हाल ही में एटीएस ने बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं के अवैध प्रवेश में शामिल एक गिरोह के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि दिल्ली से संचालित एक एनजीओ के जरिए तीन साल में 20 करोड़ रुपये की विदेशी फंडिंग मिली, जिसका इस्तेमाल उनकी मदद के लिए किया जा रहा था।

### पैसा मदरसा चलाने या फिर किसी और मद में खर्च किया जा रहा है



एटीएस के बड़े अधिकारी के अनुसार, 'उत्तर प्रदेश में लगभग 24,000 मदरसे हैं, जिनमें से 16,500 से अधिक यूपी मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त हैं। हम इस बात की जांच करेंगे कि विदेशी फंडिंग से मिला पैसा कैसे खर्च किया गया है। संक्षेप में यह जांचना है कि क्या पैसे का इस्तेमाल मदरसा चलाने या फिर किसी अन्य गतिविधियों के लिए किया जा रहा है?

### 8,449 मदरसे ऐसे पाए गए जो राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे

जांच पूरी करने के लिए राज्य सरकार द्वारा अभी तक कोई समय सीमा नहीं बताई गई है। जांच से जुड़े सूत्रों ने बताया कि एसआईटी पहले ही अपने बोर्ड से पंजीकृत मदरसों की डिटेल मांग चुकी है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने पिछले साल जिलाधिकारियों को गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया था। दो महीने के सर्वेक्षण के दौरान, 8,449 मदरसे ऐसे पाए गए जो राज्य मदरसा शिक्षा बोर्ड द्वारा मान्यता प्राप्त नहीं थे।

### नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और बहराइच में तेजी से बढ़े मदरसे

नेपाल सीमा से सटे लखीमपुर खीरी, पीलीभीत, श्रावस्ती, सिद्धार्थनगर और बहराइच के अलावा आसपास के कई इलाकों में 1,000 से ज्यादा मदरसे चल रहे हैं। सूत्रों ने बताया कि पिछले कुछ सालों में इन इलाकों में मदरसों की संख्या तेजी से बढ़ी है। इसके अलावा इन मदरसों को विदेशी फंडिंग मिलने की भी जानकारी मिली थी। जिसके बाद एसआईटी का गठन किया गया। अल्पसंख्यक विभाग की जांच में यह भी खुलासा हुआ है कि कई मदरसों को विदेशी फंडिंग मिल रही थी।

मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में बोले कृषि मंत्री

# विकसित भारत यात्रा के जरिए दी जा रही है सरकार की योजनाओं की जानकारीः शाही

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी-2023 चित्रकूट धाम मंडल बांदा, झांसी एवं कानपुर मंडल का आयोजन शुक्रवार को राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर सीतापुर चित्रकूट में आयोजित की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ कृषि मंत्री एवं कृषि उत्पादन आयुक्त ने फीता काटकर एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान विभिन्न विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया गया।

गोष्ठी में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि आज तीन मंडलों की रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन भगवान कामतानाथ की धरती पर किया गया। उन्होंने कहा कि कृषि से संबंधित उत्पादन बढ़ाने के लिए हमारे वरिष्ठ अधिकारियों ने अभी आपको बताया है बीज परिवर्तन बहुत महत्वपूर्ण है, बीज सभी कृषि भंडारों पर उपलब्ध है प्रदेश में मटर मशूर दलहन तिलहन का रकबा बढ़ा है उन्होंने कहा कि दलहन तिलहन का उत्पादन बढ़े इसके लिए 71 हजार किसान तीन मंडलों में विभिन्न बीजों के मिनीकिट किसानों को दिया गया है आजादी से पहली बार प्रधानमंत्री तथा मुख्यमंत्री के नेतृत्व में यह कार्य हुआ है विकसित भारत यात्रा लागू करके गांव-गांव भारत सरकार प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनमानस को दिया जा रहा है। कृषि क्षेत्र को आगे बढ़ाना है तो रासायनिक उर्वरक का प्रयोग कम करें और प्राकृतिक खेती को अपनाए पेट्रोल डीजल फर्टिलाइजर व तेल पर आप लोगों का अधिक पैसा लगता है अभी से ही आप लोग प्राकृतिक खेती को अपनाकर विभिन्न फसलों का उत्पादन करें उन्होंने कहा कि 1947 से काफी समय तक अन्न का उत्पादन फसलों में हुआ है। कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह ने कहा कि आप लोग प्राकृतिक खेती को बढ़ाकर स्वालंबी बने दलहन तिलहन की खेती को बढ़ावा दिया जाए पर ड्रॉप पर मोर की प्रक्रिया को अपने उन्होंने मंडलायुक्त तथा मुख्य विकास अधिकारियों से इस योजना का प्रचार प्रसार करने के लिए निर्देश दिए मूंगफली की खेती जहां पर होती है उसकी बिक्री की व्यवस्था सरकार कर रही है प्रोसेसिंग प्लांट के लिए भी पांच करोड़ से दश करोड़ रुपए की सब्सिडी दी जा रही है मूंग उर्दू के लिए जनपद ललितपुर में प्रोसेसिंग प्लांट बनाया जा रहा है बैंकर्स जो कृषि क्षेत्र में योजनाओं पर लाभ देते हैं उसमें किसानों को अधिक से अधिक लाभ दें फर्रुखाबाद में आलू के लिए प्रोसेसिंग प्लांट लगाया जा रहा है उन्होंने बताया कि पोटैटो सेंटर आगरा में बन रहा है, मालिनी मिल्क सोसायटी की तरफ से मिल्क प्लांट का निर्माण किया जा रहा है आप लोग अच्छी नस्ल के पशु रखे मक्का की खेती को बढ़ाएं शासन प्रोसेसिंग पर कार्य कर रही है समय से खेती की बुवाई करें, उन्होंने सिंचाई विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए की नहरो की सिल्ट सफाई समय से कराई जाए उन्होंने जिलाधिका महोबा एवं ललितपुर से कहा कि जो आप लोगों के यहां प्रोसेसिंग प्लांट लगाए गए हैं उनका शुभारंभ जल्द शासन करने जा रही है उसको सही ढंग से चलाएं किसान अपने 365 दिन में 300 दिन लगकर खेती कर रहे हैं उनकी आमदनी कैसे दोगुनी हो इसके लिए सरकार कार्य कर रही है। कृषि निदेशक डॉ राजशेखर ने कहा कि आज भगवान श्रीराम की तपोस्थली चित्रकूट में रबी उत्पादकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि हमारे जनपदों में रबी के सभी बीज उपलब्ध है खाद की कमी नहीं है जहां पर समस्या हो उसका तत्काल निस्तारण कराया जा रहा है। खाद्य वितरण एवं बीज वितरण ई-प्रणाली के माध्यम से की जा रही है जो पूरे भारतवर्ष में प्रदेश नंबर एक पर है अन्य प्रदेश भी इस व्यवस्था को लागू कर रहे हैं।

किसान भाई संतुलित मात्रा में उर्वरक का इस्तेमाल करें ताकि आपके उत्पादकता फसलों की बढ़ेगी लेकिन किसान खाद का प्रयोग अधिक करते हैं जिससे पैदावार में अंतर होता है जो यह चिंता का विषय है जिन जनपदों में उर्वरक लक्ष्य के सापेक्ष अधिक भेजी गई है उन जनपद के जिलाधिका से कहा कि वितरण व्यवस्था को देखें कि कहीं पर कलाबाजी तो नहीं हो रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का सभी किसान भाई लाभ ले प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जाए जिसे अपने और आमदनी को बढ़ाएं मृदा के हिसाब से खाद का प्रयोग करें कृषि रक्षा रसायन की दवाएं सभी जनपदों पर पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है जिन जनपदों में कमी होगी तो तत्काल शासन द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र के अनुसार खेती करें खेत तालाब योजना को अपनाया जाए सोलर पंप जो लगे हैं किसानों के उसमें जो सर्विस के लिए कुछ समस्याएं खराब होने पर आ रही हैं उसके लिए भी शासन व्यवस्था कर रही है। निदेशक उद्यान खाद्य एवं प्रसंस्करण अतुल कुमार सिंह ने आधुनिक फसलों के बढ़ावा देने के लिए किसान भाइयों से अपील की। उन्होंने कहा कि मुख्य रूप से आलू की फैसले अधिक होती है जो पूरे प्रदेश में सात लाख हेक्टेयर में आलू पैदा किया जा रहा है इसको और बढ़ाया जाएगा साथ ही साग सब्जी फल फूल की भी खेती करके किसान अपनी आय को बढ़ा सकता है ड्रिप स्प्रिंकलर सिस्टम को अपने और उसी से सिंचाई करें मशरूम मटर की खेती को भी बढ़ावा दिया जाए। मां कुलपति कृषि विश्वविद्यालय बांदा नरेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि अन्ना प्रताप बुंदेलखंड में अधिक है इसमें नस्ल सुधार किया जाए गाय बछड़ा सानू को अलग रखा जाए पशुओं को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ उत्पादकता भी बहुत कम है इसको बढ़ाया जाए परिस्थितियों के अनुसार अन्य की खेती करके अपनी आय को बढ़ाएं फसलों के अलावा फल फूल की खेती करें।

धाम मंडल बांदा के मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने कहा कि मंडल में सामान्य वर्षा का रिकॉर्ड रहा है, जो कम है। यहां की उत्पादकता बढ़ाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। मंडलायुक्त कानपुर अमित गुप्ता ने कहा कि मंडल में रबी की फसल मुख्य है, इसे बढ़ाने का भी प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि खाद, बीज की भी व्यवस्था किसानो को किया जा रहा है स्प्रिंकलर सिंचाई के साधन की भी व्यवस्था किया जा रहा है। मंडला आयुक्त झांसी डॉक्टर आदर्श सिंह ने कहा कि रबी की मुख्य फसल चना, मसूर व सरसों है। उन्होंने कहा कि बीज व उर्वरक की पर्याप्त व्यवस्था उपलब्ध है। कहा कि मंडल में नलकूप की जो समस्या है, उसको सही कराया जा रहा। जिससे कि किसानों को असुविधा न हो। मंडलीय रबी उत्पादकता गोष्ठी में आए विभिन्न जनपदों से हमीरपुर से राजबहादुर, बांदा से आलोक सिंह, चित्रकूट से रेवती रमण त्रिपाठी, झांसी से कमलेश कुमार लंबरदार, कानपुर नगर से राजकिशोर, कानपुर देहात से बलजीत सिंह, फर्रुखाबाद से बबलू राजपूत, इटावा से अरविंद प्रताप सिंह, औरैया, कन्नौज आदि किसानों ने अपने मत व सुझाव दिए।

# सुलह-समझौते से राष्ट्रीय लोक अदालत में कराएं मुकदमों का निस्तारणः जिला जज

* राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आज

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



नौ दिसम्बर शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन को उद्देश्य से जनपद न्यायाधीश ने बैठक ली। जिसमें उन्होंने सभी न्यायिक अधिकारियों को सुलह-समझौते के आधार पर अधिक से अधिक वाद निस्तारित करने को कहा।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जनपद न्यायाधीश विकास कुमार प्रथम ने शुक्रवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के नोडल अधिका अपर जिला जज दीप नारायण तिवारी और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव अपर जिला जज फर्रुख इनाम सिद्दकी के साथ बैठक की। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार नौ दिसम्बर शनिवार को दीवानी न्यायालय चित्रकूट समेत सभी राजस्व न्यायालय, बाह्य न्यायालय मऊ, ग्राम न्यायालय मानिकपुर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाना है। जिसमें शमनीय आपराधिक वाद, धारा-138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा वाद, श्रम वाद, बैंक वसूली वाद, विद्युत अधिनियम और जल वाद, सेवा मामले, पारिवारिक/वैवाहिक वाद, भूमि अधिग्रहण वाद, राजस्व /चकबन्दीवाद, किरायेदारीवाद, सुखाधिकार वाद, स्थायी निषेधाज्ञा व सिविल वाद, राजस्व वसूलीवाद, मोटर वाहन ई-चालान, लघु आपराधिक वाद आदि का निस्तारण किया जाएगा। इसके अलावा ऐसे वाद जो अभी न्यायालय के समक्ष नही आये हैं (विशेषकर पारिवारिक मामले) का निस्तारण प्री-लिटिगेशन के जरिए किया जाएगा। साथ ही उपभोक्ता फोरम तथा आर्बिट्रेशन सम्बन्धित वाद का भी निस्तारण किया जायेगा।

जिला जज ने कहा कि सुलह-समझौते के आधार पर मुकदमों का निस्तारण कराने के लिए बड़े पैमाने पर पक्षकारों को नोटिस और सम्मन भेजे गए है। इसके बावजूद यदि किसी पक्षकार को नोटिस, सम्मन प्राप्त नहीं हुआ है और पक्षकार सुलह-समझौते के आधार पर मुकदमे का निस्तारण करना चाहते है, तो ऐसे लोग सीधे राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर वाद का निस्तारण सुलह के आधार पर करा सकते है। उन्होंने कहा कि सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित मुकदमों में दोनों पक्षों की हार नहीं होती है। साथ ही समाज में सामंजस्य बना रहता है।

# वाटर वूमेन शिप्रा की रामजानकी वन गमन पद यात्रा पहुंची राजापुर

जन एक्सप्रेस। राजापुर, चित्रकूट



वाटर वूमेन शिप्रा पाठक के शुक्रवार को राजापुर यमुना पुल पर पहुंचते ही पुष्प वर्षा से रामभक्तों ने भव्य स्वागत किया। बताते चलें वाटर वूमेन शिप्रा पाठक अयोध्या से रामेश्वरम तक सरयू से सागर के नाम से जानी जाने वाली रामजानकी वन गमन पद यात्रा कर रही हैं, जो 27 नवंबर को अयोध्या से प्रारंभ हुई थी। राजापुर पहुंची शिप्रा पाठक बदायूं जनपद के दातागंज की रहने वाली है और इससे पहले भी नर्मदा, सरयू, गोमती नदी की पैदल यात्रा कर चुकी है। इनकी संस्था के माध्यम से अब तक लगभग 10 लाख पौधे रोपित किए जा चुके हैं। राजापुर पहुंचने से पहले शिप्रा की पद यात्रा को अयोध्या, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, प्रयागराज में भा समर्थन मिला। शुक्रवार को हनुमान मंदिर में वाटर वूमेन शिप्रा पाठक के स्वागत में जुटे रामभक्तों को उन्होंने बताया उनकी रामजानकी वन गमन यात्रा उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश, महाराष्ट्र केरल, कर्नाटक होते हुए रामेश्वरम तमिलनाडु पहुंचेगी। उन्होंने बताया भारत पूरी दुनिया में अध्यात्म की राजधानी है, यहां के संस्कार और संस्कृति को जानने पूरे संसार से लोग आते हैं। आज भारत वैश्विक स्तर पर अपने अध्यात्म के लिए जाना जा रहा है। दूर दराज के देशों से लोग भगवान राम का मंदिर देखने आ रहे हैं, ऐसे में हमें चाहिए अपनी रामजानकी रूपी धरोहर को आने वाली पीढ़ियों को बताएं। हमें भगवान राम का अपने माता-पिता के प्रति अनुसरण और माता जानकी के कठिनाई के समय में धैर्य न खोने के चरित्र को आत्मसात करना चाहिए। इस दौरान शिप्रा पाठक ने मंदिर प्रांगण में सीताराम जप में भी भाग लेकर आरती की।

# ट्रक वाहनों से अभद्रता और लेनदेन के मामले को एसपी ने लिया गंभीरता से

* दो निरीक्षक और एक पुलिस आरक्षी को किया निलम्बित, मामला थाना जसपुरा का है
* जांच आख्या आने पर हो सकती है और भी बडी कार्यवाही

जन एक्सप्रेस। बांदा



जनपद में अवैध तरीके से चल रही बालू खनन व ओवरलोड परिवहन पर पुलिस लगातार वसूली अभियान में मशगूल होकर लेनदेन कर ट्रकों को निकालने में अपना दबदबा कायम करती रही। एक कहावत है कि सौ दिन सोनार के, एक दिन लोहार के इसी कारनामे के चलते वसूली अभियान के दौरान वाहन चालक से पुलिस ने अभद्रता की तो मामला पुलिस अधीक्षक तक पहुंचा। मामले को गंभीरता से लेते हुये पुलिस अधीक्षक ने तत्काल रूप से थाने के दो निरीक्षक और एक पुलिस आरक्षी को निलम्बित कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच बैठा दी है। जांच आने के बाद और भी बडी कार्यवाही की जा सकती है। मामला थाना जसपुरा का है जहां मोरम भरे ट्रक को पुलिस ने रोककर ड्राइवर से अभद्रता की और बालू भरे ट्रक ड्राइवर से लेनदेन की बात की। न मानने पर पुलिस ने ट्रक को साइड से लगाने की धमकी दी। इस पर ट्रक ड्राइवर ने पुलिस अधीक्षक को लिखित शिकायत करते हुये आरोप लगाया है कि बालू भरकर ट्रक लेकर जा रहा था तभी जसपुरा पुलिस ने रोककर वसूली लेनदेन की बात करने लगी, न मानने पर पुलिस ने अभद्रता की। इस मामले को पुलिस अधीक्षक ने संज्ञान में लिया और जांच करायी तो मामला सही पाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक लक्ष्मी निवास मिश्रा ने बताया कि बुधवार को ट्रक ड्राइवर मोरम लादकर जा रहा था। तभी जसपुरा थाने की पुलिस ट्रक ड्राइवर से अभद्रता कर लेनदेन की बात करने लगी। इस संज्ञान पर मामला सही पाया गया जिस पर पुलिस अधीक्षक ने थाने के दो निरीक्षक और एक पुलिस आरक्षी को निलम्बित कर दिया। तीन दिन में जांच आख्या मांगी गई है। इसके अनुसार आगे की कार्यवाही की जायेगी।

# डीआईजी के स्थानान्तरण पर अधिकारी पहुंचे आवास



जन एक्सप्रेस। बांदा

चित्रकूट धाम मण्डल के डीआईजी डा0 विपिन कुमार मिश्रा से आवास पर अधिकारियों ने मुलाकात कर स्मृति चिन्ह भेंट किया है। डीआईजी डा0 विपिन कुमार मिश्रा के स्थानान्तरण हो जाने पर मण्डल के अधिकारियों ने जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल, पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल, पुलिस अधीक्षक चित्रकूट वृन्दा शुक्ला, पुलिस अधीक्षक महोबा अर्पणा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक हमीरपुर दीक्षा शर्मा तथा पुलिस बल के राजपत्रित अधिकारियों ने डीआईजी श्री मिश्रा से मुलाकात करके उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया।

## दो युवतियों ने खाया जहरीला पदार्थ

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** शहर के जेल रोड निवासी प्रिया (23) पुत्री प्रेमशंकर ने गुरुवार की रात को जहरीला पदार्थ खाकर जान देने का प्रयास किया। इसी तरह मटौंध थाना क्षेत्र के मरौली गांव निवासी गुंजन (25) पत्नी दुष्यंत ने भी गुरूवार की रात को जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां उनका उपचार किया जा रहा है।

## विवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/बांदा।** ससुराल में नवविवाहिता की जहरीला पदार्थ खाने से हालत बिगड़ गयी। परिजनों ने उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां पर उसकी मौत हो गयी। मृतका के मामा ने ससुरालीजनों पर जहर खिलाकर हत्या किये जाने का आरोप लगाया है। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के परास गांव निवासी आरती (26) पत्नी राजाभइया की गुरूवार की सुबह जहरीला पदार्थ खा लेने से हालत बिगड़ गयी। ससुरालीजनों ने देखा तो उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। वहां उपचार के दौरान शाम को उसकी मौत हो गयी। मौत की खबर मिलते ही परिवारीजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतका के मामा ने शिवरतन ने आरोप लगाया कि मृतका की बहन सुधा की शादी में दहेज में बाइक और अन्य सामान दिया गया था। आरती के ससुराल वाले भी पांच लाख रूपया और बाइक की मांग कर रहे थे, न देने पर ससुरालीजनों ने जहर खिलाकर आरती को मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# नकली डीएपी खाद बेचने वाले तीन अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस। बांदा

जनपद में डीएपी खाद के नाम पर किसानों को ठगने वाले नकली खाद विक्रेताओं को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना अतर्रा पुलिस के अनुसार पुलिस को जानकारी मिली कि नकली डीएपी खाद की बिक्री की जा रही है। जिस पर अतर्रा पुलिस फोर्स ने छापा मारकर तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है।

गिरफ्तार अभियुक्तों में भानू गुप्ता पुत्र शंकरलाल व लवकुश पुत्र गुड्डू निवासीगण बाकरगंज थाना कोतवाली नगर, जयकिशन पुत्र देवीदयाल साहू निवासी रमोले तालाब थाना गौरिहार जिला छतरपुर है इनके पास से 26 बोरी नकली डीएपी खाद बरामद हुई है पुलिस ने जब इनसे पूछतांछ की तो अभियुक्तों ने बताया कि प्रयागराज से वास्तविक ब्राण्ड की खाद लाते थे यहां इफ्को डीएपी का लेबल लगाकर नकली खाद तैयार करते थे। इनके खिलाफ कई धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया है।

# एसटीएफ ने 41 लाख की शराब व दो तस्करों को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



पंजाब से बिहार ले जायी जा रही अवैध शराब को जनपद मे एसटीएफ ने वाहन सहित तस्करों को दबोच लिया। तस्करो के कब्जे से लगभग 41 लाख की अवैध शराब को बरामद किया गया है। पूछताछ में पकड़े गये तस्करो ने बताया कि बिहार के अलावा अन्य राज्यों में भी शराब की तस्करी करते रहे है।

एसटीएफ ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी शराब को लुधियाना पंजाब प्रान्त से बिहार ले जा रहे थे। एसटीएफ के बयान के मुताबिक जिले के जहानाबाद इलाके में एसटीएफ कर्मियों ने एक ट्रक को रोक कर उसकी तलाशी लिया तो उस पर लदे कपड़ों के नीचे छुपा कर ले जाई जा रही भारी मात्रा में शराब बरामद किया गया। इस मामले में दो तस्कर साहिल और तसलीम को गिरफ्तार किया गया है। बरामद शराब की कीमत 41 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ के दौरान दोनों तस्करों ने एसटीएफ को बताया कि अंबाला का अतुल मिश्रा उर्फ गुड्डू पंजाब, बिहार और हरियाणा से शराब तस्करी का गिरोह चलाता है। उन्होंने बताया कि बरामद की गयी शराब लुधियाना से बिहार ले जा रही थे।

# केवाईसी पूर्ण कराकर नि :शुल्क एलपीजी रिफिल सिलेंडर का उठाएं लाभ

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर



प्रधानमंत्री उज्जवला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क एलपीजी गैस सिलेंडर रिफिल वितरित किये जाने हेतु कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा गांधी सभागार में मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री द्वारा घोषित सब्सिडी के दृष्टिगत जनपद के उज्जवला लाभार्थियों को दीपावली के अवसर पर प्रथम निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त करने की अन्तिम तिथि 31 दिसंबर तक है। जिसके अन्तर्गत उपभोक्ता गैस रिफिल प्राप्त करने के पश्चात् उनके खाते में शत-प्रतिशत सब्सिडी प्रेषित किया जा रहा है। उन्होंने योजना की प्रगति के संबंध में ऑयल कंपनियों के विक्रय अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान प्रगति पर रोष व्यक्त करते हुए कहा कि अवशेष उज्जवला लाभार्थियों को शत-प्रतिशत केवाईसी पूर्ण करने के पश्चात निःशुल्क गैस रिफिल 31 दिसंबर तक प्रत्येक दशा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिला पूर्ति अधिकारी ने बताया कि आईओसीएल कम्पनी के 205935 लाभार्थियों में 71316 की केवाईसी कराकर 06 दिसंबर तक 26245 लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल करायी गई। निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त करने हेतु शेष 179690 लाभार्थी हैं। बीपीसीएल कम्पनी के 54532 लाभार्थियों में 22846 की केवाईसी 06 दिसंबर तक 6526 लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल कराई गई। निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त करने हेतु शेष 48006 लाभार्थी है। इसी तरह एचपीसीएल कम्पनी के 16926 लाभार्थियों में 5931 लाभार्थियों की केवाईसी 06 दिसंबर तक 2643 लाभार्थियों को निःशुल्क गैस रिफिल कराई गई। निःशुल्क गैस रिफिल प्राप्त करने हेतु शेष 14283 लाभार्थी है। उन्होने कहा कि उज्जवला योजना के लाभार्थी निःशुल्क रिफिल का लाभ लेने के लिये ईकेवाईसी अवश्य कराये। संबंधित गैस एजेन्सी से संपर्क कर रिफिल लेने के पहले ई-केवाईसी कराना सुनिश्चित करें। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी, अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारी बिंदकी, सदर, जिला पूर्ति अधिकारी सहित सम्बन्धि अधिकारी उपस्थित रहे।

## कीटनाशक दवाओं को बेचने के लिए प्रशिक्षण हुआ आवश्यक

जन एक्सप्रेस। फतेहपुर

कीटनाशक दवाये बेचने वालो को लाईसेंस प्राप्त करने के लिए प्रशिक्षित होना अनिवार्य कर दिया गया है। पूर्व मे बने लाइसेंस धारको सहित आगामी लाइसेंस के लिए बिना प्रशिक्षण के नही जारी किये जायेगे। वही आदेश जारी किया गया है कि पूर्व मे बने लाईसेंस बिना प्रशिक्षण के बेचने वालो पर कार्यवाही करके लाईसेंस निरस्त किया जायेगा।

जिला कृषि रक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद में समस्त थोक व फुटकर विक्रेताओं को नेशनल इन्सटीट्यूट ऑफ प्लान्ट हेल्थ मैनेजमेन्ट के अर्न्तगत राज्य कृषि प्रबंध संस्थान रहमान खेड़ा लखनऊ द्वारा सर्टिफिकेट कोर्स ऑन इस्टेक्टीसाइड्स मैनेजमेंट प्रशिक्षण लेना अनवार्य कर दिया गया है। जनपद में बी0एस0सी0 कृषि-विज्ञान डिग्री धारक जिनके नाम कीटनाशी लाइसेंस है। उनको छोड़कर अन्य सभी थोक व फुटकर कीटनाशी विक्रेताओं को जिसके पुराने लाइसेंस है और जिन्होंने अभी तक प्रशिक्षण प्राप्त नहीं किया है। यदि वे दिसम्बर 2023 तक का प्रशिक्षण नहीं लेते हैं तो भारत के राजपत्र सं0 83, 01.02.2017 के अन्तर्गत उनका लाइसेंस निरस्त कर दिया जायेगा। जो विक्रेता कीटनाशी व्यवसाय हेतु निर्धारित योग्यता बी0एस0सी0 कृषि-विज्ञान नही रखते है। वो प्रशिक्षण में प्रतिभाग करने हेतु अपने आवेदन पत्र के साथ शैक्षणिक योग्यता सम्बधी अंकपत्र-अभिलेख, आधार कार्ड की छायाप्रति, दो फोटोग्राफ और रू0 7600 प्रशिक्षण शुल्क कार्यालय को जमा कराते हुये रू0 250.00 समेती के खाता मे प्रशिक्षण हेतु विज्ञप्ति प्रकाशित होने के तीन दिवस भीतर जमा करना सुनिश्चित करें। अन्यथा की स्थित मे बिना प्रशिक्षण के पूर्व का लाईसेंस निरस्त कर दिया जायेगा।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में आसमान साफ रहने के आसार हैं, बर्षा की कोई संभावना नहीं है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 25.0 (+0.8)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 14.0 (+3.9)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 96 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 56 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

हद कर दी आपने

# बच्चों की जान को शहर के प्राइवेट स्कूलों के अवैध मानक विहीन वाहनों से है खतरा





जन एक्सप्रेस । सनी राव मोघे

**कानपुर नगर।** शहर और ग्रामीण क्षेत्र में बने प्राइवेट स्कूल नन्हे मुन्ने बच्चों के जीवन के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं यह विद्यालय बच्चों को लाने और ले जाने के लिए जिन वाहनों का इस्तेमाल कर रहे हैं उन गाड़ियों के मानक पूरे नहीं है, और प्रबंध तंत्र मोटी रकम वसूलता है। आपको बताते चलें कि कानपुर शहर की चारों दिशाओं में हजारों की तादाद में प्राइवेट स्कूल संचालित हैं,इन स्कूलों में नन्हे मुन्ने बच्चों को लाने और ले जाने के लिए प्राइवेट वाहन भी रखे गए हैं, जिन वाहनों में बच्चों को लाया और ले जाया जाता है, उनके मानक पूरे नहीं है यह वहां आए दिन भी सड़क पर खराब अवस्था में देखे जा सकते हैं, कानपुर शहर की बात करें तो शहर से जुड़े हुए क्षेत्र में नामी गिरामी स्कूल संचालित है, जो बच्चों के माता-पिता से वहां शुल्क के नाम पर मोटी रकम वसूलते हैं, मजे की बात तो यह है कि वाहन चालक स्कूली बच्चों को गाड़ियों में भूसे की तरह भर लेते हैं, जहां एक और प्रदेश सरकार शिक्षा और सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विभिन्न कार्यक्रम चल रही है वहीं दूसरी ओर जिले के ज़िम्मेदार अधिकारी अभी भी ऑफिसों से बाहर नहीं निकालना चाहते हैं। प्राय देखने को यह मिलता है कि ज्यादातर विद्यालयों में छोटे वाहन के रूप में वैन का इस्तेमाल किया जाता है। कुछ विद्यालयों में तो नाबालिक ड्राइवर गाड़ी चलते देखे जा सकते हैं, इन वाहन चालकों का अगर लाइसेंस चेक किया जाए तो उनके पास लाइसेंस भी नहीं मिलेगा। सुबह होते ही यह मानक विहीन गाड़ियां मौत बनकर सड़कों पर फर्राटा भरने लगती है। अब देखने वाली बात यह होगी कि आखिर कब शहर में अवैध रूप से संचालित हो रही मानक विहीन स्कूली गाड़ियों पर जिला प्रशासन रोक लगाने में कामयाब हो पता है या नहीं।

# औद्योगिक क्रांति तथा जनसंख्या वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों का हुआ है दोहन: डॉ. सिंह

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर





चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ.आनंद कुमार सिंह राष्ट्रीय मत्स्य अनुवांशिकी अनुसंधान संस्थान लखनऊ के सभागार में केंद्रीय मृदा लवणता अनुसंधान संस्थान लखनऊ द्वारा आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। बताते चले कि यह राष्ट्रीय संगोष्ठी टिकाऊ कृषि एवं पर्यावरण हेतु प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण और प्रबंधन विषय पर आयोजित किया गया। इस अवसर पर कुलपति डॉ.सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि प्राकृतिक संसाधन(जल, मृदा, वन, खनिज व वन्य जीव आदि) असीमित नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि औद्योगिक क्रांति तथा जनसंख्या वृद्धि के कारण प्राकृतिक संसाधनों का निर्ममतापूर्वक दोहन किया गया है। उन्होंने कहा कि निश्चित रुप में इसके संरक्षण व प्रबंधन पर हम सबको ध्यान देना होगा। उन्होंने बताया कि पृथ्वी के विभिन्न प्राकृतिक संसाधनों तथा पारिस्थितिकी तंत्रों के विभिन्न अवयवों के मध्य संतुलन स्थापित करने में मनुष्य की भूमिका इस युग की सबसे बड़ी चुनौती है। उन्होंने उपस्थित वैज्ञानिकों से इस संतुलन को स्थापित रहने में मदद की अपील की। जिससे हम भावी पीढ़ी के लिए स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण सुनिश्चित कर पाएंगे। इस अवसर पर पूर्व निदेशक केंद्रीय लवणता अनुसंधान संस्थान करनाल डॉ.डी.के. शर्मा द्वारा अंग वस्त्र देकर कुलपति का स्वागत किया गया। कार्यक्रम मे डॉ.यू.के. सरकार, डॉ.संजय अरोरा, डॉ.अतुल कुमार सिंह, डॉ.वाई.पी. सिंह, डॉ.आर.पी.एन. सिंह, डॉ.राजीव, डॉ.आर.के. कनौजिया सहित देश के विभिन्न प्रांतो के वैज्ञानिक मौजूद रहे।




# योजनाओं का लाभ दिलाने के लिए निकाली जा रही विकसित संकल्प यात्रा

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

आवास विकास, हंसपुरम स्थित वॉटर पार्क, वार्ड 63 अतुल पब्लिक स्कूल के पास आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम का शुक्रवार को दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों से कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ आम जनता तक पहुंचाने के लिए विकसित संकल्प यात्रा निकाली जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बिना किसी भेदभाव के सभी जाति, धर्म, वर्ग, संप्रदाय के लोगों को समान रूप से सभी योजनाओं का लाभ मिल रहा है। शिवराम सिंह ने कैंप में मौजूद अधिकारियों को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक लोगों को पंजीकरण कराकर लाभ दिलाने की बात कही। कार्यक्रम में सरकारी विभाग द्वारा लगाए गए कैंप के माध्यम से प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री स्वानिधि योजना, किसान सम्मान निधि सहित अन्य योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी गई। कार्यक्रम मे विनोद मिश्रा, शिवम मिश्रा, जसविंदर सिंह, पवन दीक्षित, वीरेंद्र दिवाकर, पार्षद श्वेता गुप्ता, दीप्ती तिवारी,वंदना गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# केसर पान मसाला ट्रेडर्स पर जीएसटी की रेड





जन एक्सप्रेस । विनीत सिन्हा

कानपुर नगर। केसर पान मसाला कारोबारी हरीश मखीजा के ट्रेडर पर शुक्रवार को थाना कलेक्टर गंज नयागंज इलाके की जैन कटरा मार्केट में इनके प्रतिष्ठानों पर राज्य जीएसटी टीम ने रेड डाली गई। टीम ने छापेमारी की तो हड़कंप मच गया। सूत्रों के मुताबिक टीम ने दस्तावेजों को खंगालना शुरू किया तो पता चला करोड़ों रुपए के माल में जीएसटी चोरी लगातार की जा रही थी। केसर पान मसाला ग्रुप पर 2 वर्ष पहले इनकम टैक्स की बड़ी रेड पड़ी थी। उस दौरान 70 करोड़ रुपए की अवैध संपत्ति का खुलासा गया था। हालांकि टीम की कार्यवाही अभी जारी है।

# कार में लगी आग पानी डालकर बुझाई



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

कल्याणपुर थाना क्षेत्र में पनकी रोड पर गुरुवार की देर शाम चलती कार में अचानक धुआं निकलने लगा चालक कुछ समझ पाता की चिंगारी के साथ लपटें उठने लगी सवारियां गाड़ी छोड़कर भाग निकली आसपास के लोगों ने सड़क पर फैली मिट्टी और पानी को कार में डालकर बुझाने का प्रयास किया इसके बाद एक दुकान में लगे अग्नि शमन यंत्र से आग पर काबू पाया गया इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है बताया जा रहा है कि परिवार के सभी सदस्य शादी समारोह में सम्मिलित होने जा रहे थे।

# रोनिल हत्याकांड मामले में पिता संजय के दर्ज़ हुए बयान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



दिवंगत रोनिल सरकार प्रकरण में कानपुर पुलिस ने रोनिल के हत्यारे विकास की महिला मित्र को भी आरोपी बनाया है जो रोनिल के साथ कोचिंग में पढ़ती थी,साथ ही बीते दिन रोनिल के पिता संजय सरकार के 4 घण्टे तक कोर्ट में बयान हुए, बयान में बचाव पक्ष के वकील ने कई सवाल किए पर रोनिल को न्याय दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध संजय सरकार ने एक एक सवाल का जवाब दिया। पुलिस ने महिला मित्र को भी आरोपी बनाते हुए चार्जशीट में नाम डालने की प्रक्रिया पूरी कर दी है, रोनिल के पिता संजय और मां मीता लगातार अपने दिवंगत बेटे की न्याय दिलवाने के लिए संघर्ष रत हैं। पहले दिन से परिजन कह रहे थे की उनके बेटे रोनिल की हत्या की जानकारी महिला मित्र को थी पर लगातार इस बात को वो परिजनों और सबसे छुपा रही थी। वहीं न्याय संघर्ष समिति के संयोजक अभिमन्यु गुप्ता ने मांग करी है की रोनिल की हत्या ठंडे दिमाग से सोची समझी प्लानिंग के तहत की गई है।यह रेयरेस्ट ऑफ रेयर केस है। रोनिल की हत्या ने पूरे समाज को झंकझोर के रख दिया है। इसलिए हत्यारों को फांसी की सजा मिलनी चाहिए। अभिमन्यु ने कहा की फांसी की सजा मिलने पर ही रोनिल को न्याय मिलेगा, संपूर्ण जानकारी मृतक रोनिल के पिता संजय सरकार द्वारा इलेक्ट्रॉनिक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी गई है।

# प्राणी उद्यान को भाजपा नेता मानवेन्द्र सिंह ने भेंट की 50 स्टील बेंच

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



कानपुर प्राणि उद्यान का बतौर मुख्य अतिथि मानवेन्द्र सिंह, उत्तर प्रदेश विधान परिषद सदस्य, ने शुक्रवार को दौरा किया, उन्होंने इस अवसर पर उद्यान के अधिकारियों को 50 स्टील बेंचें प्रदान करके आने वाले दर्शकों के लिए आराम से बैठने की सुविधा उपलब्ध कराई है। इस दौरान चकोर प्रेक्षागृह लॉन में मानवेन्द्र सिंह, विधायक, विधान परिषद, ने लॉन में मौजूद लोगों को संबोधित करते हुए लोगो से अपील करते हुए लोगो से कहा कि प्राणि उद्यान को स्वच्छ व सुंदर बनाए रखने की जिम्मेदारी हम सभी लोगों की है। इस लिए आप सभी की विशेष जिम्मेदारी बनती है कि यहां पर प्लास्टिक का प्रयोग न करें। उन्होंने कहा कि कानपुर शहर को स्वच्छ एवं हरा-भरा रखना है। तो प्राणि उद्यान परिसर को स्वच्छ रखना ही पड़ेगा। प्रकृति की सुंदरता को बचाए रखने के लिए हम सभी को सहयोग करना होगा। विधायक ने आश्वासन दिया कि कानपुर प्राणि उद्यान में आने वाले दर्शकों की सुविधा हेतु मॉग प्राणि उद्यान प्रशासन द्वारा की जाने वाली हर संभावित इच्छा को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। इस दौरान कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के साथ डा.अनुराग सिंह, प्रभारी पशु चिकित्साधिकारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी नवेद इकराम, जन सम्पर्क अधिकारी विश्वजीत सिंह तोमर, शिक्षाधिकारी राजा राम साहू सहित प्राणि उद्यान के समस्त कर्मचारी व स्टाफ के साथ प्राणी उद्यान में आए लोग भी मौजूद रहे।

# चोरों ने राजमिस्त्री के घर धावा बोल, हजारों का माल किया पार



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

घाटमपुर थाना क्षेत्र के रतनपुर गांव स्थित एक राज मिस्त्री के घर में छत के रास्ते से घुसे अज्ञात चोर कमरे में रखे बक्से का कुंडा काटकर बक्से में रखे पांच हज़ार नकद समेत जेवर चोरी कर फरार हो गए सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की है, जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रतनपुर गांव निवासी अनिल पुत्र स्वर्गीय ज्ञान सिंह ने बताया कि वह मकान बनाने का मिस्त्री है बीते दिन वह जहांगीराबाद गांव स्थित एक गेस्ट हाउस में रिश्तेदार के तिलक में शामिल होने गया था जहां से देर रात घर लौटा और कमरे में सो गया घर में वह उसकी मां और बाबा दादी रहते हैं देर रात पीछे के रास्ते से छत पर चढ़े अज्ञात चोर सीढ़ी लगा के आंगन में उतरे और कमरे में घुसकर रखें बक्से का कुंडा काटकर बक्से में रखे लगभग बीस हजार के पुश्तैनी जेवरात और पांच हजार रुपए लेकर फरार हो गए सभी लोग उठे तो देखा कि कमरे का दरवाजा खुला और अंदर सामान बिखरा पड़ा हुआ था, फिर पुलिस को जानकारी दी गई घाटमपुर पुलिस मौके पर पहुंची जांच पड़ताल कर चोरों की तलाश में जुट गई।

# इरफान सोलंकी के वकील का बड़ा आरोप– कहा पुलिस ने की सीडीआर में टेंपरिंग

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर



जाजमऊ थाना क्षेत्र के डिफेंस कॉलोनी में रहने वाली बेवा नजीर फातिमा ने सपा विधायक इरफान सोलंकी, रिजवान तथा अन्य द्वारा झोपड़ी में आग लगाने का आरोप लगाया था। कुर्की आदेश जारी होने के बाद सपा विधायक इरफान उसके भाई रिजवान सोलंकी ने पुलिस कमिश्नर के समक्ष आत्मसर्मपण कर दिया था। सपा विधायक इरफान सोलंकी के आगजनी मामले में इरफान और रिजवान की सीडीआर डिटेल कोर्ट में पहुंचने के बाद सपा विधायक इरफान सोलंकी के वकील सईद नकवी ने आरोप लगाया है कि सीडीआर डीटेल से लोकेशन का कॉलम गायब है। उनके अधिवक्ता ने सीडीआर टेंपरिंग का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि इरफान सोलंकी की कोर्ट में जो सीडीआर पेश की गई है उसमें टेंपरिंग की गई है। पुलिस और शासन-प्रशासन के आदेश पर टेलीकॉम कंपनियों ने यह खेल किया है। सईद नकवी ने कहा कि रिपोर्ट में लोकेशन का कॉलम गायब कर दिया गया है। उन्होंने कहा हम सीडीआर का अवलोकन करेंगे। जाजमऊ आगजनी मामले की सुनवाई 11 दिसंबर को होगी। इसके साथ ही फर्जी आधार कार्ड मामले में इरफान पर आरोप तय होने हैं। फर्जी आधार कार्ड से हवाई यात्रा करने के मुकदमे की सुनवाई के लिए 11 दिसंबर की तारीख तय की गई है। वही इस मामले में अभियोजन पक्ष से एडीजीसी भास्कर मिश्र द्वारा बचाव पक्ष का विरोध करते हुए कोर्ट को बताया गया कि बचाव पक्ष सिर्फ और सिर्फ मुकदमे को विलंबित करना चाहता है।

# रामनवल कुशवाहा पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस कमिश्नर से मुलाकात

* पुलिस प्रशासन ने बीते दिनों प्रतिनिधिमंडल को कार्रवाई का दिया था आश्वासन



जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

दि लायर्स एसोशियेशन के पदाधिकारियों ने पुलिस कमिश्नर आर.के. स्वर्णकार से मुलाकात कर पीड़ीत अधिवक्ता राम नवल कुशवाहा पर हमला करने वाले अभियुक्तों पर कार्यवाही की मांग की है।ज्ञापन दे अध्यक्ष रविंद्र शर्मा ने बताया कि अधिवक्ता राम नवल कुशवाह पर जूही थाना इलाके में एक्सीडेंट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया था जिससे उनको गंभीर चोटें आने से उपचार के लिए हैलट अस्पताल में भर्ती कराया गया था, कई दिन बीत जाने के बाद जब आरोपियों पर कार्यवाही नही हुई तो सभी अधिवक्ताओं ने न्याय दिलाने के लिए कानपुर बार एसोशियेसन गेट पर धरना दिया था जिस पर ए.सी.पी. रंजित कुमार ने अधिवक्ताओं संग बैठक कर दो दिनों में पीड़ीत को न्याय दिलाने और आरोपियो पर कार्यवाही करने का आश्वाशन दिया थे लेकिन अभी तक आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए, कमिश्नर ने थाने में फोन कर आरोपियों पर कार्यवाही का आदेश देकर न्याय दिलाने की बात कही है।

# लोन दिलाने के नाम पर लाखों की ठगी करके भागी फर्जी फाइनेंस कंपनी, हंगामा







जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शहर के थाना किदवई नगर क्षेत्र में शुक्रवार को फर्जी फाइनेंस कंपनी की ठगी का शिकार हुए सैंकड़ों लोगों ने जमकर हंगामा काटा, सभी का आरोप था कि फर्जी कंपनी ने उन्हें अपने झांसे में लेकर उनकी गाढ़ी कमाई का लाखों रुपया हड़प लिया और भाग गई है, हंगामा की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी को समझा बुझाकर कार्रवाई करने की बात कहते हुए शांत कराया है। थाना किदवई नगर क्षेत्र स्थित तिवारी मार्केट में मनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी कई महीने पहले शुरू हुई थी, इस कंपनी में गरीब तबके के परिवारों ने लाखों रुपए जमा कर रखे थे, शुक्रवार को जब कुछ महिलाएं अपना पैसा लेने के लिए पहुंची तो उन्हें कंपनी का ऑफिस बंद दिखाई पड़ा, और जब उन्हें यह पता चला कि कंपनी भाग गई है उन सभी के साथ जालसाजी हुई है तो हंगामा हो गया, पीड़ितों ने बताया कि नंदनी और विकास के साथ में किशोर नाम के तीन लोगों तिवारी मार्केट में दुकान किराए पर लेकर मनी माइक्रो फाइनेंस नाम की कंपनी खोल इलाके में प्रचार के माध्यम से लोन का लालच देकर भोली भाली घरेलू महिलाओं को अपने विश्वास में लिया ।मनी माइक्रो फाइनेंस कंपनी की कर्मचारी बन नंदनी और विकास के साथ में किशोर एक महिला को समूह का मुखिया बनाकर उसके अंडर में दस से बीस महिलाओं का समूह बनाकर एक लाख के लोन पर 3500 रुपए और 50000 के लोन पर 2000 प्रति लोन फाइल चार्ज के नाम पर कई व्यक्ति के नाम से कई महिलाओं से पैसा वसूल किया और उसकी बकायदा रशीद भी दी। पीड़ित रेणु गुप्ता ने बताया की दो से तीन दिन में लोन पास होने की बात कही जब समय बीत गया तो लोन के लिए आवेदकों के साथ महिलाएं जो अपने क्षेत्र और नाते रिश्तेदारों से पैसा लेकर कम्पनी में जमा किया था उसका पैसा वापस लेने मनी माइक्रो के ऑफिस आए तो ताला लगा देखा इसके बाद नंदिनी समेत दोनों अन्य को फोन किया तो उनके फोन बंद मिले।भवन स्वामी से पूछा तो मालूम हुआ की उन्होंने किराए पर दुकान दी और कुछ नही मालूम पीड़ीत आक्रोशित महिलाएं सड़क पर आ गई और हंगामा शुरू कर दिया। हंगामा बवाल की सूचना पर पहुंची पुलिस ने सभी आक्रोशित महिलाओ से बात की तो मालूम हुआ की इन आक्रोशित महिलाओं के साथ लोन फाइनेंस के नाम पर ठगी हो गई है किदवई नगर पुलिस ने जब सभी को कार्रवाई करने का आश्वासन दिया तब सभी का गुस्सा जाकर शांत हुआ।

# सांसद आज अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी दौरे पर

## विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम में होंगी शामिल, भाजपा नेताओं के घर जाकर शोक संवेदना करेंगी व्यक्त

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी आएंगी।वे गौरीगंज में आयोजित विकसित भारत का संकल्प यात्रा में शामिल होंगी।और जिले के कई भाजपा नेताओं के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ ही भाजपा के जिला महामंत्री के घर जाकर नवांगत वर वधु को आशीर्वाद देंगी।सांसद करीब शाम चार बजे लखनऊ के रास्ते दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।केंद्रीय मंत्री और सांसद स्मृति ईरानी आज एक दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र अमेठी में रहेंगी। जहां वे गौरीगंज के जी जीआईसी मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगी।सांसद कई भाजपा नेताओ के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने के साथ ही भाजपा जिला महामंत्री के घर जाकर नवांगत वर बधू को आशीर्वाद देंगी।सुबह 11 बजे गौरीगंज जामो रोड स्थित रामशंकर शुक्ला के घर जाकर



शोक संवेदना व्यक्त करेंगी। बताते चलें कि एडवोकेट राम शंकर शुक्ल पूर्व जिला अध्यक्ष बार एसोसिएशन अमेठी की धर्मपत्नी उर्मिला शुक्ला इसी माह पहली तारीख को दिवंगत हो गईं। सूत्रों के मुताबिक स्मृति ईरानी आज सुबह 11.20 बजे गौरीगंज के जीआईसी मैदान में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा में प्रतिभाग करेंगी।दोपहर 12 बजे गौरीगंज ब्लाक के सराय बरबंड गांव में प्रधानमंत्री के उद्बोधन में शामिल होंगी।सांसद दोपहर दो बजे भेटुआ ब्लाक के भुसियावां तिराहा नरसिंह भानपुर गांव में विकसित भारत संकल्प यात्रा में शामिल होंगी।सांसद दोपहर 3.45 बजे तिलोई ब्लाक के लोधवरिया गांव जाकर भाजपा के जिला महामंत्री के यहाँ नवांगत वर बधू को आशिर्वाद देंगी।शाम चार बजे कोंची गांव के जगत बहादुर सिंह पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष के घर जाकर शोक संवेदना व्यक्त करने के बाद लखनऊ के रास्ते दिल्ली के लिए रवाना हो जाएंगी।

# सड़क के एक हिस्से पर शराबियों का कब्जा

**✻ आबादी से सटे नहर पटरियो पर रहता शराबियों का जमवाड़ा बिना भय दिनदहाड़े पीने पिलाने का बदस्तूर जारी**



**जन एक्सप्रेस | बाजार शुक्ल, अमेठी**

कस्बे में शराबियों को शराब पीने के लिए किसी अहाते को तलाश करने की जरूरत नहीं क्योंकि पुलिस व विभाग की लापरवाही के चलते क्षेत्र में कई सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने व पिलाने के मुख्य मार्ग के संपर्क मार्ग मौजूद है। दिनदहाड़े शराबियों को जाम टकराते आम देखा जा सकता है। इससे जहां आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता ही है।वहीं महिलाओं को रास्ते से गुजरना मुश्किल भरा हो जाता है। सरेआम शराब पिलाने का काम धड़ल्ले से सार्वजनिक स्थलों पर चलने के कारण पुलिस की कार गुजारी पर भी सवालिया निशान देखा जा रहा है। इन्हौना रानीगंज मार्ग पर शराब के ठेकों के आगे सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने पिलाने का काम जारी देखा जा सकता है। कस्बे का मुख्य मार्ग होने के कारण महिलाएं और स्कूली विद्यार्थियों का यहां से गुजरना होता है। परन्तु सबकुछ नजरअंदाज कर पर शराब पिलाने का कारोबार बदस्तूर जारी है।

**लाश से सियासत का सफर तलाशते दिखे जनप्रतिनिधि**

# चिकित्सक और शिक्षक की मौत से बिछाई जातिगत वोट बैंक की बिसात, टारगेट 2024

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

ढाई माह के अंदर जिले में दो बड़े कांड हुए। सितंबर महीने में चिकित्सक हत्याकांड और अब शिक्षक सुसाइड कांड। दोनों ही मौत के मामलों में जनप्रतिनिधि लाश से सियासत का सफर तलाशते दिखाई दिए। जातिगत वोट बैंक की बिसात बिछाई गई। टारगेट 2024 रहा। विपक्ष तो दूर सत्ता पक्ष के माननीय इस कृत्य में आगे-आगे दिखे। बल्दीराय का केवटली गांव जहां प्रधानाध्यापक सूर्य प्रकाश द्विवेदी की मौत पर मातम पसरा था वो इलाका दो दिनों तक सियासत का केंद्र बना रहा। पूर्व भाजपा विधायक देवमणि द्विवेदी, जयसिंहपुर से भाजपा विधायक राज प्रसाद उपाध्याय, भाजपा एमएलसी शैलेंद्र प्रताप सिंह, पूर्व मंत्री जय नारायण तिवारी सत्तापक्ष के ये दिग्गज पीड़ित परिवार के महज आंसू पोछने नहीं बल्कि प्रशासन और परिवार के बीच के मध्यस्ता करने वाले थे। ये और बात रही प्रधानाध्यापक का परिवार और शिक्षक संघ इनमें से किसी के झांसे में नहीं आया। ना ही ये जनप्रतिनिधि इतनी ताकत जुटा सके कि जिस बीईओ पर गंभीर आरोप लगे थे उन पर एक मुकदमा दर्ज करा पाए। अंतिम दिन शिक्षक संघ और परिवार ने ही केस दर्ज कराने की मुहिम को फतह किया।



### डॉक्टर हत्याकांड में भी बयान तक ही रहे सीमित

यही कुछ हाल सितंबर माह में हुए डॉक्टर घनश्याम तिवारी हत्याकांड में भी इन सफेदपशों का था। गोलीकांड के बाद अस्पताल से लेकर मृतक के परिवार तक बड़े-बड़े बयान, तस्वीर और दवाब की असफल राजनीति। अंत में गिरफ्तारी के लिए श्रद्धांजलि सभा। लेकिन बड़ी-बड़ी भाषण बाजी के अलावा कर कुछ नहीं सके। मुख्य इनामिया आरोपी पुलिस चौकी में जाकर सरेंडर किया। जिससे समाज में सभी जातिवाद के अलमबरदारों की फजीहत हुई।

### दो बड़े भाजपा नेताओं के अलावा अन्य माननीय हुए लापता

इसके बाद शव यात्रा निकली तो माननीयों की असलियत जनता के सामने बेनकाब हो गई। दो दिनों तक प्रशासनिक कठपुतली बने दिग्गज एक भी शव यात्रा से लेकर घाट तक दिखाई नहीं दिए। केवल भाजपा नेता रामचंद्र मिश्र और महिमा शंकर द्विवेदी के अलावा। जातिवाद का झंडा उठाने वाले दिग्गज अंतिम समय में लापता हुए तो चर्चाओं का बाजार भी गर्म हुआ। लेकिन इस कदम ने ये संकेत दे डालें यह पीड़ित के दु:ख-दर्द बांटने नहीं अपने राजनैतिक वोट बैंक के लाभ के लिए कदम ताल करने पहले पहुंचे थे।

# किसानों की समस्याओं को लेकर कांग्रेस हुई मुखर, प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

जिले में हो रही खाद की किल्लत व खाद की कीमतों में की गई बढ़ोतरी को लेकर शुक्रवार को कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा के नेतृत्व में दो दर्जन से अधिक की संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता व नेता सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन कर डीएम के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञात हो कि किसानों की रवि की बुवाई का अति महत्वपूर्ण समय है जिसमें किसानों को समय पर डी0ए0पी0 खाद नहीं उपलब्ध हो पा रही है, जिससे किसान अपनी फसलों की बुवाई के लिए अत्यधिक चिंतित हैं। वहीं सरकार द्वारा खाद की कीमतों में बढ़ोतरी कर दी गई है जिससे किसान बढ़े हुए दामों में खाद लेने में असमर्थ हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा किसानो की समस्याओं को लेकर दो दर्जन से अधिक की संख्या में कलेक्ट्रेट



पहुंचे जहां जमकर विरोध प्रदर्शन करते हुए जिलाधिकारी के माध्यम से महामहिम राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन भेजा। कांग्रेस जिलाध्यक्ष अभिषेक सिंह राणा ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान देश है, चुनाव के समय में यही किसान को अन्नदाता कहते है, और जब चुनाव का समय निकल जाता है तो किसानों को अपनी फसलों की बुवाई के लिए सुबह 4 बजे से उठकर डी0ए0पी0 खाद के लिए लाइन में खड़े होते हैं लेकिन उन्हें समय पर डी0ए0पी0 खाद नहीं उपलब्ध हो पा रही है , एक तरफ जहां महंगाई से आम जनमानस त्रस्त है, वहीं सरकार ने अचानक डी0ए0पी0 खाद के दाम बढ़ा दिए हैं महंगे दामों में किसान खाद खरीदने में असमर्थ है। वहीं उन्होंने जिले में हो रही खाद की किल्लत की पूर्ति व खाद के दामों में की गई बढ़ोतरी को सरकार तत्काल वापस ले अन्यथा इसके लिए कांग्रेस बड़े पैमाने पर आंदोलन करने हेतु बाध्य होगी।शहर अध्यक्ष शकील अंसारी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार में किसान अत्यधिक परेशान हैं, भाजपा के लोग सरकार बनाने में मस्त हैं इधर किसान रवि की फसल की बुवाई के लिए खाद के लिए दर दर की ठोकरे खा रहे हैं, लाइन में लगने के बाद किसानों को खाद तो नहीं मिल पाती लेकिन पुलिस की लाठियां जरूर मिल जाती हैं। एक तरफ खाद की किल्लत है, तो दूसरी तरफ खाद के दामों में बढ़ोतरी कर दी गई, जिससे किसान बढ़े हुए दामों में खाद खरीदने में असमर्थ हैं। इस मौके पर जिला प्रवक्ता नफीस फारुकी, सुब्रत सिंह सनी, तेज बहादुर पाठक, हाजी फिरोज अहमद, गुड्डू जायसवाल, अर्श खान लकी, मिर्जा अकरम बेग, सिराज सिद्दीकी, सिराज अहमद, सुनील सिंह, सर्वेश विक्रम सिंह,मो इमरान खान (मीडिया प्रभारी) अतिउल्ला अंसारी, नंदलाल मोर्य, विभु पांडे, चंद्रभान सिंह चुन्ना, इमरान अहमद, पवन मिश्रा कटावा, जय प्रकाश तिवारी, अवधेश कुमार गौतम, राहुल मिश्रा, अशोक सिंह, नितिन मिश्रा, शहबाज खान, अनवर शाही, मो इकबाल पवन मिश्रा नन्हे आदि लोग मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने किया कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने तहसील सलोन स्थित कान्हा गौशाला का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोवंशों को दिए जाने वाले चारे पानी की व्यवस्था देखी। साथ ही पशुओं के रहने के स्थान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने वहां उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश दिया कि ठंड के मौसम में पशुओं को गर्म रखने की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। चरनी, नाद और पानी पीने के स्थान का निरीक्षण करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि पशुओं को साफ सुथरा और स्वच्छ जल ही मिले।
चारा पंजिका का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि चारे का पर्याप्त स्टाक रखा जाए। जिससे कि किसी प्रकार की दिक्कत ना आने पाए।उपस्थित कर्मचारियों को निर्देश देते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पशुओं के लिए हरे चारे की भी व्यवस्था की जाए।

# जनपद में आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन : अभिषेक सिन्हा

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

आम जनमानस को अतिशीघ्र, सुलभ, व कम खर्च में न्याय उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय परिसर व सुलतानपुर के सभी वाह्य न्यायालयों, तहसील मुख्यालयों, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण सुलतानपुर, कलेक्ट्रेट एवं अन्य सम्बन्धित विभागों तथा जनपद अमेठी के मुसाफिरखाना, गौरीगंज व अमेठी तहसील मुख्यालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। अपर जिला जज / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, सुलतानपुर अभिषेक सिन्हा, ने बताया कि त्वरित, सस्ता, सुलभ न्याय प्रत्येक भारतीय नागरिक का नैतिक अधिकार है। राष्ट्रीय लोक अदालत में तहसील न्यायालय से लेकर मा0 सर्वोच्च न्यायालय के स्तर पर किसी भी न्यायालय अथवा विभागीय मामलों को सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारित किए जाने हेतु आवेदन पत्र देकर अन्तिम आदेश व निर्णय प्राप्त कर सदैव लिए लम्बित मामले से छुटकारा पाया जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि लोक अदालत में पक्षों के मध्य आपसी सुलह-समझौते के आधार पर विवाद का निस्तारण पक्षकार व्यक्तिगत स्तर पर स्वयं पहल कर सकते हैं। लोक अदालत में वाद निस्तारण हेतु किसी भी प्रकार का शुल्क देय नहीं है। लम्बित मामले के लोक अदालत में निस्तारण पर न्यायालय शुल्क वापसी की व्यवस्था है। इसके निर्णय के विरूद्ध कोई अपील नहीं की जा सकती है। कानूनी जटिलताओं से परे लोक अदालत की प्रकिया सहज और आपसी समझौते पर आधारित है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी प्रकार के शमनीय आपराधिक/सुलह समझौते से निस्तारित होने वाले वाद, उत्तराधिकार से सम्बन्धित सिविल मामले, वाद वापसी के मामले, बैंक ऋण वसूली, प्री-लिटिगेशन वाद, पारिवारिक एवं वैवाहिक मामले, नगर निगम / नगर पालिका अधिनियम, श्रम सम्बन्धी वाद, भूमि अधिग्रहण सम्बन्धी मामले, राजस्व सम्बन्धित मामले, सर्विस मैटर्स, मनरेगा वाद, व्यापार कर वाद, वजन व मापतौल अधिनियम, वन अधिनियम उपभोक्ता फोरम वाद, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, एन0आई0एक्ट के वाद, विधुत एवं जल संबंधी अन्य वाद, आर्बीट्रेशन वाद, आपदा राहत वाद, यातायात चालानी वाद आदि का निस्तारण कराया जा सकता है।

## हज आवेदन पत्र ऑनलाइन की अंतिम तिथि 20दिसंबर

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

हज समिति लखनऊ ने बताया है कि हज 2024 हेतु हज आवेदन पत्र ऑनलाइन किये जाने की अन्तिम तिथि 20 दिसम्बर 2023 निर्धारित है। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी रायबरेली ने जानकारी देते हुए हज 2024 पर जाने वाले हज यात्रियों से कहा है कि वेबसाईट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। ऑनलाइन पंजीकरण हेतु आवश्यक प्रपत्र पासपोर्ट जिसकी वैद्यता 31 जनवरी 2025 से कम नहीं होनी चाहिए। नवीन फोटो, पासबुक की छायाप्रति, ब्लड ग्रुप की रिपोर्ट, कोविड-19 की वैक्सीन प्रमाण पत्र तथा आधार कार्ड की छायाप्रतियां होना आवश्यक है। किसी भी जानकारी के लिए हज ई सुविधा केन्द्र/हज फैसिलेटर सेंटर मदरसा, एदारा-ए-शरैय्या उ0प्र0 खिन्नी तल्ला, रायबरेली, नोडल अधिकारी मो0 अरबी उल अशरफ, प्रधानाचार्य मो0नं0 9415394275 से सम्पर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार मदरसा, सलाम ओरियण्टल कालेज थुलेण्डी, रायबरेली, नोडल अधिकारी अहमद मुजीब, प्रधानाचार्य मो0नं0 8318268041 एवं मदरसा, दारूल उलूम बरकातुर्रजा इमामगंज, रायबरेली, नोडल अधिकारी मो0 अयूब अंसारी, प्रधानाचार्य मो0नं0 9919090556 से पर संपर्क करते हुए सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# 191 जोड़े विधि विधान के साथ परिणय सूत्र में बॅधे

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत शुक्रवार को तीन विकास खंडों तिलोई, सिंहपुर व बहादुरपुर के 191 जोड़ों का सामूहिक विवाह बाबू महिपति सिंह कॉलेज तिलोई के परिसर में शुभ मुहूर्त पर पूरे विधि विधान के साथ सम्पन्न हुआ।जिसमें विकास खंड तिलोई के 58 जोड़े,सिंहपुर के 95 व बहादुरपुर के 38 जोड़े शामिल हैं।इस अवसर पर प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश शासन डॉ हरिओम,जिला विकास अधिकारी तेजभान सिंह,एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह,जिला समाज कल्याण अधिकारी आरके शर्मा,जिला समाज कल्याण अधिकारी विकास नलिनराज, ब्लॉक प्रमुख तिलोई प्रतिनिधि कृष्ण कुमार सिंह सहित संबंधित खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जन प्रतिनिधियों व अधिकारियों ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में शामिल वर-वधू के उज्जवल भविष्य की कामना की।और कहा कि यह योजना गरीब, असहाय एवं निर्धन व्यक्तियों के पुत्रियों के जीवन में खुशहाली लाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रही है। सामूहिक विवाह कार्यक्रम में प्रमुख सचिव द्वारा लाभार्थियों को उपहार सामग्री व विवाह प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।

**उत्तर रेलवे**

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ विद्युत अभियंता, उत्तर रेलवे, लोको वर्कशाप, चारबाग लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित है। **निविदा संख्या :** 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/02/2023; **कार्य का विवरण:** रोलिंग स्टॉक वर्कशॉप चारबाग लखनऊ में एलटी पैनलों की डिजाइन, आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण, कमीशनिंग और विद्युत अर्थिंग का प्रावधान। **मात्रा :** ऐस. ओ. आर. के अनुसार; **कार्य की अनुमानित लागत :** ₹ 71,52,326/- (रूपये इकहत्तर लाख बावन हजार तीन सौ छब्बीस मात्र); **अग्रिम धनराशि (अर्नेस्ट मनी) :** ₹ 1,43,100/- मात्र (नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के द्वारा); **निविदा फार्म का मूल्य :** शून्य; **कार्य पूरा होने की अवधि:** 01 वर्ष; **निविदा जमा करने का समय:** दिनांक: 21.12.2023 से 04.01.2024 समय 15:00 बजे तक। **न्यूनतम योग्यता मानदंड:** निविदाकर्ताओं को अपने ऑफर के साथ वैध क्लास-ए इलेक्ट्रिकल कॉन्ट्रेक्टर लाइसेंस की प्रमाणित छायाप्रति संलग्न करनी होगी। **निविदा खुलने की तिथि तथा समय:** दिनांक 04.01.2024 को 15:15 बजे। • निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in द्वारा दिनांक: 21.12.2023 से 04.01.2024 (15:00 बजे तक) भरा जा सकता है। • मैनुअल ऑफर पर विचार नहीं किया जायेगा।• निविदाकर्ता, निविदा फार्म का मूल्य व धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली में नेट बैंकिंग, क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड इत्यादि द्वारा किया जायेगा।• डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, डिपॉजिट रसीद, एफ.डी.आर. द्वारा भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • निविदा निर्धारित दिन एवं समय पर www.ireps.gov.in पोर्टल पर खोला जायेगा, यदि किसी कारण बश उक्त दिनांक को अवकाश होगा तो ठीक दूसरे कार्य दिवस मे उसी समय पर खोला जायेगा। • तकनीकी और वाणिज्यिक प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरांत किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरांत पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा।(सं.: 199/इलैक्ट्रिकल/डब्ल्यू/लख0/निविदा/02/2023 दिनांक: 07.12.2023

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 3852/23

# करणी सेना भारत ने विरोध प्रदर्शन कर सौंपा ज्ञापन




**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की निर्मम हत्या के विरोध में शुक्रवार को डिग्री कॉलेज स्थित शहीद चैक पर सैकड़ों की संख्या में करणी सेना भारत ने जिलाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू भदौरिया की अगुवाई में जोरदार प्रदर्शन कर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी रायबरेली को सौंपा। रायबरेली के करणी सेना भारत के संरक्षक हिमांशु सिंह ने कहा कि हमें खून का बदला खून से चाहिए, हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी जी की निर्मम हत्या करने वालों का भी जल्द से जल्द एनकाउंटर किया जाए। यदि ऐसा करने में प्रशासन विफल होता है तो हम लोग भी रायबरेली बंद का आह्वाहन जिलाध्यक्ष सत्येंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोनू भदौरिया की अगुवाई में करेंगे और ये आक्रोश दिल्ली तक पहुंचेगा।

# चर्चित ग्राम पंचायत मायंग का आया परिणाम

**जन एक्सप्रेस | सुल्तानपुर**

धनपतगंज ब्लॉक के चर्चित ग्राम पंचायत मायंग में भद्र परिवार के विरोधियों द्वारा चली गई साजिश आज फेल हो गई है। यहां अविश्वास के बाद हुए चुनाव में भद्र बंधुओं के विरोधी खेमे की हाथ की कठपुतली बना प्रधान रामदेव निषाद आज मतगणना का परिणाम आने के बाद बुरी तरह शिकस्त खाया है। 1574 वोटों में उसे महज 188 वोट ही मिले हैं। शुक्रवार को धनपतगंज ब्लॉक पर वोटों की गिनती शुरू हुई। ब्लॉक मुख्यालय छावनी में बदल गया था।पीडी, डीडीओ, डीपीआरओ, एसडीएम विदुषी सिंह, सीओ बल्दीराय सौरभ सामंत समेत एसओ दोस्तपुर, कूरेभार, कुड़वार, बल्दीराय, धनपतगंज समेत भरी पुलिस बल मौजूद थी। इस बीच वीडियो ग्राफी के मध्य वोटों की गिनती हुई।



अविश्वास में कुल पड़े 1574 वोटों में प्रधान रामदेव को मात्र 188 वोट से संतोष करना पड़ा। जबकि उसके विरोध 1379 वोट पड़े। यानी केवल भद्र परिवार ही नहीं बल्कि क्षेत्र के हजारों लोग प्रधान की कार्यशैली से नाराज रहे। जो परिणाम के रूप में सामने आया। बता दें कि ग्राम पंचायत मायंग के ग्राम पंचायत सदस्यों ने 27 अक्टूबर को अविश्वास की नोटिस दिया था। अगले दिन भदैया ब्लॉक के सहायक विकास अधिकारी सतीश चंद्र श्रीवास्तव को हस्ताक्षर के सत्यापन के लिए लगाया गया। 31 अक्टूबर को पंचायत भवन मायंग पर प्रभारी सहायक विकास अधिकारी धनपत गंज की मौजूदगी में हस्ताक्षर का सत्यापन किया। जहां 15 सदस्यों द्वारा लिखित रूप से शपथ पत्र दिया गया कि अविश्वास पर अपने विवेक से हस्ताक्षर किए थे। 22 नवंबर को मतदान हुआ था। जिसमें कुल 5139 के सापेक्ष कुल 1575 वोट पड़े थे। प्रधान ने हाईकोर्ट में रिट कर रखा था जिसके आदेश के अनुपालन में मतगणना नहीं हो सकी थी।

# चौहान गुट व्यापारी नेता प्रदेश अध्यक्ष को मोबाइल पर जान से मारने की धमकी, मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

जनपद में दबँगों के हौसले इतने बुलंद है कि अपराध को अंजाम देने में तनिक भी भय नहीं रहा, ऐसे दबंग प्रशाशन को ठेंगा दिखाते मोबाइल पर भी जान से मारने की धमकी देने से बाज नहीं आते इसका एक उदाहरण एक दबंग ठेकेदार का सामने आया जब उसके खिलाफ शिकायत के बाद बौखलाए ठेकेदार ने व्यापारी नेता प्रदेश अध्यक्ष के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दे डाली। जिसके बाद चौहान गुट प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान व उनकी टीम इसकी सूचना व लिखित शिकायत नगर



कोतवाली मे की है। ज्ञात हो कि बीती 6 दिसंबर को किसानों की समस्या को लेकर व्यापारी नेता प्रदेश अध्यक्ष जीसी सिंह चौहान ने व टीम ने अठेहा रजबहा अंतर्गत उमरार व छीटू माइनर मे सफाई मे गोलमाल की डीएम से शिकायय की थी। जिलाधिकारी के आदेश पर मौके की जांच करने आज एक टीम मौके पर पहुंची जिसके बाद संबंधित उक्त जेई ने पहले व्यापारी नेता को फोन कर मैनेज व शिकायत वापस लेने का प्रयास किया गया न मानने पर उक्त जेई ने व्यापारी नेता का नम्बर सबंधित रजबहा सफाई ठेकेदार को दे दिया। बौखलाए ठेकेदार ने प्रदेश अध्यक्ष के मोबाइल पर जान से मारने की धमकी दी और कहा माइनर तो नहीं खोदवाया लेकिन आपको खुदवा कर फेंकवा दूंगा, जहां फेंकवाऊंगा की वापस भी नहीं आओगे, ऐसे मे उक्त ठेकेदार ने नंबर बंद कर लिया। इस घटना की खबर जब व्यापारी चैहान गुट टीम को लगी तो जिला अध्यक्ष की अगुवाई मे दर्जनों व्यापारी नगर कोतवाली मे एकत्र होकर एक शिकायत पत्र नगर कोतवाल संजय त्यागी को सौपा गया जिसके बाद नगर कोतवाली मे शिकायती पत्र के आधार पर संबंधित धाराओं मे मुकदमा दर्ज किया गया।

# आयुष चिकित्सकों को टीबी को लेकर किया गया संवेदीकृत


**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम (एनटीईपी) के तहत निजी क्षेत्र में टीबी रोगियों का नोटिफिकेशन बढ़ाने के लिए सात से 14 दिसंबर तक चलने वाले विशेष अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. अनुपम सिंह की अध्यक्षता में समस्त निजी चिकित्सकों की बैठक बुलाई गई तथा उनसे अपील की गई की समस्त पद्धति के निजी चिकित्सकों द्वारा इस अभियान के दौरान इलाज पर चल रहे क्षय रोगियों की सूचना विभाग को दी जाए। इसी क्रम में आई एम ए अध्यक्ष डॉ. बृजेश सिंह तथा सिमहन्स हॉस्पिटल के डॉ. मनीष चैहान से मुलाकात कर आईएमए के पटल से समस्त निजी चिकित्सकों को कोई संदेश दिया गया कि क्षय रोग के उन्मूलन के लिए चलाए जा रहे अभियान में ज्यादा से ज्यादा क्षय रोगियों को नोटिफाई कर विभाग को सूचना निक्षय पोर्टल के माध्यम से दी जाए।

# प्रॉपर्टी डीलर पर धांधली कर सरकारी जमीन हथियाने का आरोप

* जिलाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त सहित डीएम से की शिकायत

जन एक्सप्रेस/विश्वामित्र पांडेय



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में प्रापर्टी डीलरों और सरकारी मुलाजिमों में लगातार सह - मात का खेल जारी है। जहां पूर्व में रहे कर्मचारियों/अधिकारियों की करनी का वर्तमान भारसाधकों को झेलना पड़ रहा है वहीं कानूनी डंडे की चोट भी ढीली पड़ती नजर आने लगी है। राजधानी के सरोजिनी नगर तहसील के अंतर्गत काकोरी ब्लॉक के इब्राहिमगंज में ग्राम पंचायत की जमीन पर पूर्व में गलत तरीके से कब्जा कर लेने की शिकायत मुख्यमंत्री, मंडलायुक्त और जिलाधिकारी के साथ ही तहसील प्रशासन से की गई है। बताते चलें की उक्त शिकायत भारतीय किसान - मजदूर यूनियन - दशहरी की जिलाध्यक्ष ममता राजपूत ने शिकायती पत्र के माध्यम से की है, जिसमे मंडलायुक्त को संबोधित करते हुए लिखा है कि लखनऊ के इब्राहीम गंज के मजरा मदारपुर के निवासी खलील खां पुत्र जाफर खां पूर्व में तथ्यों को छुपाते हुए व कूट रचना करके उपरोक्त गाँव मदारपुर में ही पुरानी खसरा न 223- मि अब नयी खसरा संख्या 240 क्षेत्रफल लगभग साढ़े सात बीघा पट्टा अपने नाम करवा लिया, जबकि उपरोक्त खलील खां के पास अपनी पुस्तैनी जमीन लगभग 4 बीघा आन रोड थी। खलील खा ने उपरोक्त बात को छुपाते हुए कूटरचित कागजात के आधार पर व उस समय के राजस्व कर्मचारियों से मिलीभगत करके अपने नाम पट्टा करवाकर धोखा धड़ी की है। जिलाध्यक्ष द्वारा उक्त प्रकरण की जांच कर पट्टे को निरस्त करने व जमीन को सरकारी श्रेणी में दर्ज करने के साथ चकमर्ग और चारागाह के साथ खेल के मैदान की भूमि को मुक्त कराने की मांग की गई है। जिलाध्यक्ष ने उक्त शिकायत के साथ साक्ष्य भी संलग्न किए जाने की बात कही है।

### कब्जाई जमीन से कई दलित व गरीब लोग हो सकते थे खुशहाल

जिलाध्यक्ष ने आरोप लगाते हुए कहा कि उपरोक्त गाँव में ही कई दलित भूमिहीन हैं और उपरोक्त साढ़े 7 बीघा जमीन से कम से कम 4 दलित गरीबों को पट्टा करके खुशहाल किया जा सकता था लेकिन धन बल के जोर पर व कूटरचित कागजों के आधार पर पट्टा करवा लिया गया। बाद में चकबंदी अधिकारीयों के साथ मिलकर एक चक निकलवाकर उपरोक्त जमीन खसरा संख्या 240 पर बिना लैंड मुक्त करवाए ही प्लोटिंग करके उस जमीन से लगा एक चक मार्ग जिसका खसरा संख्या 239, क्षेत्रफल 0.011. है को भी अपनी प्लोटिंग में मिला लिया हैं।

### खेल के मैदान और चारागाह पर भी खलील खा का कब्जा

शिकायती पत्र के अनुसार एक खेल मैदान जिसका खसरा संख्या 268, क्षेत्रफल 0.5060 हेक्टेयर है को भी अपनी प्लोटिंग में मिला लिया है। पीछे साइड से पशुचर की जमीन जिसका खसरा संख्या 520 व 521 है जिसका कुछ भाग अपनी प्लोटिंग में मिलाकर प्लाट काटकर बेच रहे हैं, जिससे राजस्व की सुरक्षित श्रेणी की तमाम जमीनों के साथ छल पूर्वक करवाए गए पट्टे की साढ़े सात बीघा जमीन की भी खुर्द बुर्द होने की सम्भावना है।

### खलील खां के द्वारा अपने पुत्र हनीफ खा को पावर दे कर किया जा रहा निवेशकों को फसाने का काम

आरोप यह भी हैं कि उपरोक्त जमीनों में लगभग 4 दर्जन प्लाट बेच भी दिए खलील खा के पुत्र हनीफ खान द्वारा तमाम तथ्यों को छुपा कर बिना विकाश प्राधिकरण से नक्शा पास कर वाय बिना खेती की जमीन को आवासीय करवाए प्लाट बेचते जा रहे है जिससे सीधे - साधे निवेशकों को फसाने का काम किया जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उपरोक्त जमीन के साथ ही मदार पुर गांव में खलील खा के पट्टे के अलावा 4 अन्य लोगो को साढ़े सात - साढ़े सात बीघे के पट्टे भी नियम कानूनों को ताक पर रख संबंधित राजस्व अधिकारियों व कुछ दलालों ने मिलकर करवाए थे। हालाकि उपरोत सभी जमीन पर प्लाटिंग कर के बेचा जा चुका है।

# करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकालकर किया प्रदर्शन





* करणी सेना पदाधिकारी ने मानपुर टोल प्लाजा से कैंडल मार्च निकालकर जताया विरोध

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ जिले के इटौंजा मानपुर टोल प्लाजा एन एच 24 हाइवे पर करणी सेना के प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह व लखनऊ जिला संयोजक चन्दीका सिंह तत्वावधान में राष्ट्रीय अध्यक्ष राजपूत करणी सेना सुखदेव सिंह गोगामेडी की हत्या के विरोध में कैंडल मार्च निकाला गया। आपको बता दें कि जिसमें क्षेत्र के समस्त क्षत्रिय समाज के लोग उपस्थिति होकर सभी ने एक स्वर में मांग की है कि स्वर्गीय सुखदेव सिंह के हत्यारो को फांसी दिया जाये तथा उनके परिवार को सुरक्षा प्रदान की जाये। इस दुःख की घड़ी पर प्रदेश उपाध्यक्ष उपेन्द्र सिंह कहा कि राजस्थान सरकार स्वर्गीय सुखदेव सिंह गोगामेड़ी के हत्यारों कड़ी से कड़ी कार्यवाही करते हुए फांसी की सजा सुनाएं,अगर उचित कार्रवाई नहीं हुई तो आगे और भी बड़े विरोध प्रदर्शन व आंदोलन किये जायेंगे। इस मौके पर विकास सिंह भीम सभासद रामपुर देवराई, सुरेश सिंह नया गांव,मंयक सिंह, विवेक सिंह एडवोकेट भड़सर, वैभव सिंह,शरद सिंह, बिजेंद्र सिंह, शनि सिंह अन्य राजपूत करणी सेना के कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण मौजूद रहें।

# बीकेटी नगर पंचायत के बड़ी बाजार में विकसित भारत संकल्प यात्रा संपन्न

* विकसित भारत संकल्प यात्रा में पूर्व मंत्री ने सरकार की योजनाओं का जनता में किया बखान
* उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत हो रहें आयोजन

जन एक्सप्रेस/पीयूष द्विवेदी




**बीकेटी, लखनऊ।** केन्द्र सरकार की योजनाओं का लाभ अंतिम पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विविध आयोजन किये जा रहे हैं। इसी क्रम में विकसित भारत संकल्प यात्रा लखनऊ के बीकेटी बड़ी बाजार में पहुंची। बता दें कि जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के पूर्व मंत्री डॉ महेंद्र सिंह व भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह एवं क्षेत्रीय विधायक योगेश शुक्ला शामिल हुए। इस मौके जनता को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री ने कहा कि यह मोदी सरकार की गारंटी वैन है, जिसे जन-जन तक पहुंचाना है। भारत संकल्प यात्रा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में पूरे देश में चल रही है। उत्तर प्रदेश के सभी गाँवों में और लखनऊ में सभी वार्डों तक हम लोग जा रहे हैं। आज बीकेटी बड़ी बाजार में आए हैं केंद्र सरकार की जो योजनाएं हैं उनको हम जन जन तक पहुँचाने का काम कर रहे हैं और योजनाओं में जो लोग छुट गए हैं उनको यही फॉर्म भर कर उनको आच्छादित कराए जाने की योजना है और विभिन्न योजनाओं की जानकारी भी इस के माध्यम से हम दे रहे हैं। ये मोदी सरकार की गारंटी वैन है। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कार्यकाल में दुनिया में भारत की तस्वीर बदली है। देश का विदेशों में सम्मान बढ़ा है। वहीं क्षेत्रीय विधायक ने कहा कि केन्द्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों का जीवन स्तर बदला है लोगों ने विकसित भारत का संकल्प लिया। इस मौके पर भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता व पदाधिकारीगण एवं अन्य क्षेत्रीय जनता मौजूद रहीं।

# जिम ट्रेनर पर धारदार हथियार से हमला कर, बदमाश अपाचे बाइक लेकर हुए फरार

* पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर तीनों हमलावरों की तलाश में जुटी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



लखनऊ कमिश्नरेट के बीकेटी थाना क्षेत्र के अन्तर्गत डिगोई क्रॉसिंग के सामने जिम ट्रेनर पर धारदार हथियार से तीन अज्ञात बदमाशों ने हमलाकर बाइक लूट कर फरार हो गए। बता दें कि अमन सिंह पुत्र गंभीर सिंह निवासी अर्जुनपुर थाना इटौंजा ने बीकेटी स्थित अपने जिम सेंटर को बंद करकें गुरुवार रात करीब 10 बजे अपनी बाइक न्यू माडल अपाचे से घर वापस लौट रहे थे तभी डिगोई क्रॉसिंग के पास तीन अज्ञात बदमाशों ने धारदार हथियार व डंडों से अमन सिंह पर पीछे से हमला कर घायल कर दिया और अपाचे बाइक नंबर यूपी 32 के.ए 4766 लेकर फरार हो गए। वहीं राहगीरों व पुलिस की मदद से घायल अमन सिंह को नजदीकी अस्पताल शौ सैय्या संयुक्त चिकित्सालय में भर्ती करवाया गया। जहां डॉक्टरों ने मेडिकल कॉलेज लखनऊ रेफर कर दिया वहां अमन सिंह का इलाज चल रहा है।

### पुलिस की पांच टीमें लगाई गई, जल्द होगा घटना का खुलासा

लखनऊ कमिश्नरेट डीसीपी उत्तरी एस एम कासिम आब्दी ने बताया कि घटना के खुलासे में पुलिस की पांच टीम लगाई गईं हैं। तीन आरोपियों में एक आरोपी की बाइक डिलक्स घटना स्थल पर छूट गई थी जिसे पुलिस ने कब्जे में लिया है आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे से फुटेज देख हमलावरों की शिनाख्त की जा रही हैं घटना में तीन आरोपी शामिल थे जल्द ही इस घटना का खुलासा किया जाएगा।

## सीएम योगी ने दिए सख्त निर्देश, तीन बार से अधिक पेनॉल्टी लगी तो ब्लैक लिस्ट करें फर्म

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को विभिन्न विभागों की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि प्रोजेक्ट की समयबद्धता और गुणवत्ता के साथ किसी तरह का समझौता नहीं किया जा सकता। हर परियोजना में अनिवार्य रूप से इनका पालन किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव अपने विभाग की निर्माणाधीन परियोजनाओं की पाक्षिक समीक्षा करें। कार्य में देरी हो, मासिक टाइमलाइन का पालन न हुआ हो, गुणवत्ता मानक के अनुरूप न हो तो तत्काल जवाबदेही तय करें। समयबद्धता और गुणवत्ता का मानक पूरा न करने वाली फर्म पर पेनॉल्टी लगाई जाए। यदि तीन बार पेनॉल्टी लगानी पड़े तो संबंधित फर्म को ब्लैक लिस्ट कर दिया जाए। चंदौली, बुलन्दशहर, बिजनौर, ललितपुर, पीलीभीत, कानपुर देहात, गोंडा, औरैया मेडिकल कॉलेजों में आगामी सत्र से एमबीबीएस में प्रवेश होना है।

# रालोद की कार्यकारिणी की बैठक आज बनेगी लोकसभा चुनाव की रणनीति

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* सरकार की उदासीनता से किसान निराश एवं हताश: रामाशीष

राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि 9 दिसम्बर को राष्ट्रीय लोकदल के प्रदेश मुख्यालय में प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बुलाई गई है जिसमें राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं सांसद चौधरी जयन्त सिंह मौजूद रहेंगे। बैठक में प्रदेश कार्यसमिति के अतिरिक्त राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रकोष्ठों के प्रदेश अध्यक्ष, क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, मंडल अध्यक्ष, जिलाध्यक्ष महानगर अध्यक्ष, विधायक, पूर्व सांसद पूर्व विधायक के अतिरिक्त प्रमुख लोग भाग लेंगे।श्री राय ने कहा कि बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव 2024 की तैयारी के स्वरूप चर्चा, किसानों की दुर्दशा और बदहाली से मुक्ति के लिए एमएसपी पर कानून एवं गन्ना किसानों की समस्याओं पर वृहद चर्चा, 23 दिसम्बर किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह जयन्ती से 24 जनवरी जननायक स्व कर्पूरी ठाकुर की जयन्ती तक लोक जागरण अभियान, प्रदेश में खाली पड़े सरकारी पदों पर स्थाई भर्ती किये जाने एवं छात्रसंघ चुनाव की बहाली पर चर्चा तथा इसके अतिरिक्त राजनैतिक, कृषि एवं आर्थिक प्रस्ताव पर चर्चा होगी।रालोद प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि राष्ट्रीय लोकदल किसान मसीहा चौधरी चरण सिंह के विचारों को आगे बढ़ाते हुये निरन्तर किसानों और मजदूरों के लिए संघर्ष कर रहा है। कृषि और किसान के प्रति सरकार की उदासीनता से प्रदेश भर का किसान हताश और निराश है। कृषि पर लागत मूल्य बढ़ने से किसानों का लागत मूल्य बढ गई है। गन्ना किसानों को बहुत उम्मीद थी लेकिन सरकार ने उनके साथ छल किया है। उन्होंने कहा कि पार्टी द्वारा इस बैठक के बाद क्षेत्रवार तथा मण्डलवार भी बैठक आयोजित की जायेगी और बीजेपी की जनविरोधी नीतियों को जनता के सामने पर्दाफाश किया जायेगा।

## पर्यटन मंत्री कल आगरा, फिरोजाबाद, मैनपुरी दौरे पर

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह10 दिसम्बर तक मैनपुरी, फिरोजाबाद एवं आगरा के भ्रमण पर रहेंगे। पर्यटन मंत्री आज लखनऊ से प्रस्थान कर सायं समाधिया फार्म हाउस मथुरा रोड, मण्डी अण्डरपास के सामने सिकन्दरा आगरा में आयोजित एक वैवाहिक कार्यक्रम और रात्रि को 08 बजे गुंजन रिसोर्ट सिरसागंज, फिरोजाबाद में एक वैवाहिक कार्यक्रम में शामिल हुए।पर्यटन मंत्री 09 दिसम्बर को शिविर कार्यालय निकट रेलवे क्रासिंग करहल रोड मैनपुरी में पूर्वान्ह 09 बजे से अपरान्ह 01 बजे तक जन समस्याओं की सुनवाई करेंगे। इसके उपरान्त जिला सहकारी बैंक मुख्यालय परिसर कचहरी रोड मैनपुरी में 85वीं वार्षिक सामान्य निकाय की बैठक में शामिल होंगे।

# पंचायतीराज विभाग में कार्यशाला का किया गया आयोजन

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* मंत्रालयों एवं राज्यों के कार्यों के आधार के रूप में कार्य कर रही एलजीडी

त्रिस्तरीय पंचायतों की विशिष्ट पहचान हेतु पंचायती राज मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा लागू लोकल गवर्नमेंट डायरेक्ट्री एलजीडी समस्त मंत्रालय एवं राज्यों के कार्यों के आधार के रूप में कार्य कर रही है। प्रदेश में डायरेक्ट्री भूमि क्षेत्रों,राजस्व, ग्रामीण और शहरी स्थानीय निकायों की एकीकृत और आधिकारिक निर्देशिका के रूप में उपलब्ध है। 08 दिसम्बर को एलजीडी में शहरी एवं ग्रामीण निकायों के साथ विधान सभा क्षेत्रों की मैपिंग में आ रही विसंगतियों, आंकड़ों की शुद्धता एवं ससमय शत-प्रतिशत डेटा प्रगति प्राप्त करने हेतु एक दिवसीय राज्य स्तरीय कार्यशाला का आयोजन पंचायती राज विभाग द्वारा लोहिया भवन, अलीगंज, लखनऊ में किया गया। इस कार्यशाला का उद्घाटन प्रवीणा चौधरी, संयुक्त निदेशक पं. की उपस्थिति में पंचायतीराज मंत्रालय, भारत सरकार से एके मिश्रा उप सचिव, एमओपीआर वन्दना बिष्ट, उप निदेशक, जनगणना कार्य, जी. गुणसेगरन, कन्सल्टेंट, स्वाती कडेल, सहायक निदेशक, बिजु बाबू राज, कन्सल्टेंट, एनआईसी एमओपीआर तथा उत्तर प्रदेश से प्रमोद पाण्डेय, विशेष कार्याधिकारी, राजस्व बोर्ड, मनीष कुमार चौधरी, उप महानिबन्धक, देव कुमार चतुर्वेदी, सहायक आयुक्त, ग्राम्य विकास, द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। इस अवसर पर एस.एन. सिंह, उपनिदेशक पं एवं योगेन्द्र कटियार, पंचायती राज निदेशालय के साथ जनगणना कार्य निदेशालय, राजस्व विभाग, पंचायती राज, नगर विकास विभाग एवं ग्राम्य विकास के राज्य,जनपद स्तरीय अधिकारियों, कर्मचारियों की उपस्थिति रही। एल.जी.डी. पर विभिन्न विभागों के उन्मुखीकरण के साथ कार्यशाला के उद्देश्य को स्पष्ट करते हुए एके मिश्रा, उप सचिव, एमओपीआर, भारत सरकार द्वारा बताया गया कि गैर सत्यापित ग्रामों, विभिन्न जनपदों में मैप शहरी निकायों, ऐसे विधान सभा क्षेत्र जो कि किसी निकाय में मैप नहीं है अथवा ऐसे राजस्व शहरी निकाय एवं वार्ड जो कि किसी भी विधान सभा क्षेत्र में प्रदर्शित नहीं हो रहे हैं, जैसी विसंगतियों को दूर करते हुए डेटा अद्यतन किये जाने का कार्य किया जाना है जिससे कि राष्ट्रीय स्तर पर प्रदेश की ग्रामों वार्डोविधान सभा क्षेत्रों की मैपिंग करते हुए उन्हें एक विशिष्ट पहचान दी जा सके। वर्तमान में प्रदेश की कुल 13174 इकाईयों में प्रदर्शित विसंगतियों पर राजस्व विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग, जनगणना कार्य निदेशालय द्वारा समन्वय स्थापित करते हुए 15 दिसम्बर तक शत्-प्रतिशत डेटा सही प्रकार से एल.जी.डी. पर अद्यतन किया जाना है।

# ऊर्जा मंत्री ने विकसित भारत संकल्प यात्रा रथ को किया रवाना

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

* दिलाई विकसित भारत की शपथ, लाभार्थियों को किया सम्मानित
* मोदी का संकल्प, 2047 तक भारत बनेगा विकसित राष्ट्र
* मोदी वटवृक्ष बनकर देशवासियों को दे रहे सुख-सुविधाएं: शर्मा

प्रधानमंत्री के संकल्प व कुशल नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक एक सशक्त, आत्मनिर्भर व विकसित देश बनकर दुनिया में अपना डंका बजायेगा। मोदी देश के समग्र विकास के लिए फिजिकल, सोशल, फाइनन्शियल, रिजनल, डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर पर विशेष ध्यान दे रहे। जीवन की कठिनाइयों को और सुलभ, सहज व आसान बनाने के लिए आधुनिक तकनीकी पर भी बल दिया जा रहा। प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश के सभी गरीबों को जीवन की मूलभूत सुविधाएं मिले और केन्द्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं को लाभ गरीबों तक पहुँचे। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु मोदी जी की प्रेरणा से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा देश में चलायी जा रही है।

नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री तथा आगरा जनपद के प्रभारी मंत्री एके शर्मा ने शुक्रवार को आगरा के सेंट जॉन्स कॉलेज में ÷विकसित भारत संकल्प यात्रा÷ के अंतर्गत आयोजित कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश में मोदी एक विशाल वटवृक्ष बनकर सभी देशवासियों को सुख सुविधाएं दे रहे हैं। उन्हीं की प्रेरणा से ही विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरूआत की गई है। इस दौरान लोगों को देश की एकता व अखण्डता को बनाये रखने, देश की रक्षा के लिए समर्पित जवानों का सम्मान करने का संकल्प भी दिलाया जायेगा। उन्होंने संकल्प यात्रा रथ को झण्डी दिखाकर जनपद के लिए रवाना किया। इस यात्रा से समाज के गरीबों, वंचितों एवं निचले तबके के लोगों को समाज की मुख्यधारा में लाने का प्रयास हेतु उन्हें जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जायेगी।प्रभारी मंत्री ने कहा कि 700 वर्ष पहले देश पूरी दुनिया की एक-चौथाई अर्थव्यवस्था का हिस्सेदार था, जब यहाँ पर मुगल एवं अंग्रेज आये तो उन्होंने यहाँ की अर्थव्यवस्था को चौपट कर दिया और हमारे संसाधनों को लूटा, लेकिन मोदी ने भारत को फिर से उसी वैभव की ओर ले जाने का संकल्प लिया है। मोदी ने गरीब को ही जाति माना है। उनकी दृष्टि में न कोई हमारा धर्म व पंथ है, बल्कि भारत माता की सेवा ही मूल धर्म है। मोदी देश के 80 करोड़ गरीबों को मुफ्त अनाज दे रहे। होली, दीवाली पर मुफ्त गैस सिलेन्डर भी दे रहे, जबकि 5-10 वर्ष पहले गैस सिलेन्डर लेना बहुत मुश्किल कार्य था। रेहड़ी-पटरी वालों को पीएम स्वनिधि योजना, बीमार व्यक्तियों को आयुष्मान कार्ड योजना तथा आवास का लाभ दिया जा रहा है।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों व मुख्य विकास अधिकारी द्वारा मंत्री का भव्य स्वागत किया गया। मंत्री ने विभिन्न विभागों द्वारा लगाये गये स्टालों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम के तहत मंत्री जी द्वारा कार्यक्रम में लगे स्टाल में ही गर्भवती महिलाओं की गोदभराई व बच्चों का अन्नप्राशन कराया। कार्यक्रम में एलईडी के माध्यम से राष्ट्रपति का विकसित भारत संकल्प यात्रा के सम्बन्ध में एक संदेश लाइव प्रसार किया गया। उपस्थित जनता को नगर विकास के क्षेत्र में भारत के बढ़ते कदम के सम्बन्ध में एक वीडियो भी दिखाया गया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में मंत्री ने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी, प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना, कृषि विभाग, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वृद्धापेंशन व प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया और उपस्थित जनसामान्य को संकल्प यात्रा की शपथ भी दिलाई।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# क्या वाकई सनातन का श्राप कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में ले डूबा है?

**सनातन को गाली और मुस्लिम तुष्टिकरण और जिहाद को बढ़ावा देना कांग्रेस को किस तरह भारी पड़ा है उसे छत्तीसगढ़ के एक उदाहरण से समझा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के 24 वर्षीय युवा भुवनेश्वर साहू को बेमेतरा के बिरनपुर में जिहादियों की भीड़ ने मार दिया था और उसके परिवार को कांग्रेस सरकार में न्याय नहीं मिला। उनके पिता ईश्वर साहू नितांत गरीब थे, उनको भाजपा ने 'साजा' सीट से टिकट दिया। भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू ने 19600 मतों से 40 साल से कांग्रेस से विधायक मंत्री रविन्द्र चौबे को हरा दिया।**

*पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हो चुके हैं। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी हार से बौखलाई कांग्रेस और इंडिया गठबंधन फिर से एक बार क्षुद्र राजनीति पर उतर आया है। रस्मी तौर पर हर बार की तरह इस बार भी विपक्ष ने अपनी हार, नाकामियों और कमियों का ठिकरा ईवीएम के सिर फोड़ा है। लेकिन इस बार विरोध सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में बयान देकर जनादेश को 'उत्तर बनाम दक्षिण' करने की मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदी पट्टी के 'गौमूत्र' वाले राज्यों में ही चुनाव जीतती है। यह भी कोई नई बात नहीं है कि डीएमके के किसी नेता ने इस तरह का बयान कोई पहली बार दिया है, इससे पहले भी उसके नेता विभाजनकारी बयान देते रहे हैं। डीएमके सांसद का यह विवादित बयान कोई अनायास नहीं आया है, यह सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। द्रमुक के नेताओं ने ही 'सनातन' के समूल नाश की बात कही थी और उसकी तुलना एड्स और कोढ़ जैसी बीमारियों से की थी। क्या ऐसी गालियां देना राजनीति के लिए जरूरी है? चाहे हिंदी भाषा की बात हो, सनातन संस्कृति की बात हो या फिर उत्तर-दक्षिण विवाद की बात हो, वे इसे लेकर विवादित बयान देते रहे हैं। द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ही घटक-दल है। विरोध के बाद सांसद को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन ऐसा भाजपा-विरोध देश की 'विविधता में एकता' संस्कृति का अपमान और उल्लंघन है। हालांकि इस कथन को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह अपमान कौन सहेगा? इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के पीछे सनातन का विरोध, सनातन के विरोध पर चुप्पी और मुस्लिम तुष्टिकरण बड़ी वजह है। एक तरफ जहां इस हार लेकर कांग्रेस में रोना-धोना मचा है, वहीं नैरेटिव का खेल भी जारी है। यानि कांग्रेस हार से सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस के ही नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी को आईना दिखाते हुए कहा कि सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा। पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद लेफ्ट लिबरल गैंग और कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों ने तरह-तरह के कुतर्क रचने शुरू कर दिए हैं। इंडिया टुडे के पत्रकार शिव अरूर ने कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों की परतें उघाड़ कर रख दी है। इसी वीडियो को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, 'वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता से खुश रहें। लेकिन उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहें। 70 साल पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती।' पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'ऐसे लोगों की बुद्धिमत्ता है कि उन्हें आगे कई और मेल्टडाउन्स के लिए तैयार रहना होगा।' दरअसल कांग्रेस ने 70 सालों से यही अपना चाल, चेहरा और चरित्र बना लिया है। वह इस बात को समझ ही नहीं पाई सनातन संस्कृति के दम पर भारत हमेशा से धर्म परायण देश रहा है और यहां जातिवाद कभी नहीं रहा। कांग्रेस के तुष्टिकरण की पराकाष्ठा देखिए कि उदयपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने कब्रिस्तान के लिए 5 बीघा जमीन मुफ्त देने की घोषणा ही कर डाली। उदयपुर वही जिला है, जहां दर्जी कन्हैया लाल की निर्मम हत्या हुई और ये मामले पूरे देश में सुर्खियों में रहा था। गहलोत सरकार इस पूरे मामले को लेकर सवालों के घेरे में रही। सनातन के विरोध और कन्हैया लाल के अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं करने के चलते उदयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भ्रष्टाचार का प्रभाव समाज के सबसे कमजोर लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जो राष्ट्र भ्रष्टाचार से लड़ते हैं और अपने कानून के शासन में सुधार करते हैं, वे अपनी राष्ट्रीय आय में 400 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकते हैं। लोगों की जागरूकता ही भ्रष्ट व्यवस्था को बदल सकती हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा को हमारे प्रत्येक के जीवन, समाज, संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। हमारे प्रणाली में निरंतर जांच और संतुलन बना रहना चाहिए। कर्मचारी या जन प्रतिनिधि का पद जितना ऊंचा होता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जवाबदेह होता है।**

# भ्रष्टाचार देश के विकास में सबसे बड़ी बाधा



डॉ. प्रितम भी. गेडाम

**भ्रष्टाचार भरोसा खत्म कर लोकतंत्र को कमजोर करता है, आर्थिक विकास को बाधित करके असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरण संकट को अधिक बढ़ाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 40 अंक प्राप्त कर 180 देशों में से 85वां सबसे कम भ्रष्ट देश बना है।**

भ्रष्टाचार समाज का वो नासूर है जो समृद्ध समाज के विकास के लिए सबसे बड़ी बाधा बनता है। लालच या मज़बूरी के कारण लोग भ्रष्टाचार का विरोध करने के बजाय उसे लगातार बढ़ावा देते हैं, जिससे अक्सर न्याय और मानवता की हार होती है। जिन्हें फायदा होता है वे अपने पद, शक्ति और प्रतिष्ठा का दुरुपयोग कर सरकार और जनता को लूटते हैं। हमें अक्सर कहीं न कहीं भ्रष्टाचार का सामना करना पड़ता है, अनेक लोग कड़ी मेहनत करते हैं और वे संघर्ष करते ही रह जाते हैं और सफलता कोई अन्य ले लेता है। बहुत बार हर क्षेत्र, हर विभाग से जुड़ा कर्मचारी जानता है कि उसके यहां पर कहां भ्रष्टाचार पनपता है या गलत काम को बढ़ावा मिलता है, लेकिन कोई खुलकर विरोध नहीं करता, सब आँखे मूंदकर देखते रहते हैं क्योकि वें मानते है कि उससे उन्हें कोई दिक्कत नहीं हैं या फिर वह क्यों समस्या से उलझें। भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने के लिए कई सख्त कानून हैं, सरकारी तंत्र काम कर रहे हैं, कई संगठन, सामाजिक कार्यकर्ता भी भ्रष्टाचार के खिलाफ काम कर रहे हैं, फिर भी भ्रष्टाचार तेजी से फैल रहा है। भ्रष्टाचार से पीड़ित लोगों के जीवन की जद्दोजहद अति संघर्ष का सामना करने को मजबूर हो जाती है। भ्रष्टाचार भरोसा खत्म कर लोकतंत्र को कमजोर करता है, आर्थिक विकास को बाधित करके असमानता, गरीबी, सामाजिक विभाजन और पर्यावरण संकट को अधिक बढ़ाता है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल द्वारा किए गए करप्शन परसेप्शन इंडेक्स 2022 रिपोर्ट के अनुसार, भारत 40 अंक प्राप्त कर 180 देशों में से 85वां सबसे कम भ्रष्ट देश बना है। 89त्न प्रतिशत लोग मानते हैं कि सरकारी भ्रष्टाचार एक बड़ी समस्या है। पिछले 12 महीनों में 39त्न सार्वजनिक सेवा उपयोगकर्ताओं ने रिश्वत दी। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार अक्सर मजबूत होता है। अफसोस की बात है कि भारत उनमें से एक है जिसकी प्रति व्यक्ति आय कम है। विश्व बैंक ने 2004 में कहा था कि रिश्वतखोरी के कारण दुनिया भर में हर साल 1 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का नुकसान होता था। विश्व स्तर पर, वर्तमान में वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि भ्रष्टाचार की लागत प्रति वर्ष लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर अर्थात 2,16,37,200 करोड़ रुपये है।




**भारत देश में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कानूनी और नियामक ढांचे बनाये गए है। जैसे- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, लोक सेवकों द्वारा भ्रष्टाचार के संबंध में और उन लोगों के लिए भी दंड का प्रावधान करता है जो भ्रष्टाचार के कृत्य को बढ़ावा देने में शामिल हैं। 2018 के संशोधन ने लोक सेवकों द्वारा रिश्वत लेने के साथ-साथ किसी भी व्यक्ति द्वारा रिश्वत देने दोनों को अपराध घोषित कर दिया।**

राजनेता, सरकारी अधिकारी, लोक सेवक, व्यवसायी या जनता के सदस्य कोई भी भ्रष्टाचार में शामिल हो सकता है। व्यापार, सरकार, अदालत, मीडिया, स्वास्थ्य, शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे और खेल तक सभी क्षेत्रों में कहीं भी भ्रष्टाचार हो सकता है। राजनेता सार्वजनिक धन का दुरुपयोग कर अपने परिजनों, मित्रों और परिवारों को सार्वजनिक नौकरियां या अनुबंध दे सकते हैं, मन मुताबिक काम पाने के लिए पाने के लिए निगम अधिकारियों को रिश्वत दे सकते है। भारत भ्रष्टाचार सर्वेक्षण 2019 के अनुसार, 51 प्रतिशत उत्तरदाताओं ने रिश्वत देने की बात स्वीकार की। भारत देश में भ्रष्टाचार से लड़ने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कानूनी और नियामक ढांचे बनाये गए है। जैसे- भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988, लोक सेवकों द्वारा भ्रष्टाचार के संबंध में और उन लोगों के लिए भी दंड का प्रावधान करता है जो भ्रष्टाचार के कृत्य को बढ़ावा देने में शामिल हैं। 2018 के संशोधन ने लोक सेवकों द्वारा रिश्वत लेने के साथ-साथ किसी भी व्यक्ति द्वारा रिश्वत देने दोनों को अपराध घोषित कर दिया। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम 2002, का उद्देश्य मनी लॉन्ड्रिंग की घटनाओं को रोकना है और भारत में अपराध द्वारा आय के उपयोग पर रोक लगाना है। कंपनी अधिनियम 2013, कॉर्पोरेट प्रशासन और कॉर्पोरेट क्षेत्र में भ्रष्टाचार और धोखाधड़ी की रोकथाम प्रदान करता है। धोखाधड़ी शब्द को व्यापक परिभाषा दी गई है और यह कंपनी अधिनियम के तहत एक अपराध है। भारतीय दंड संहिता 1860, ऐसे प्रावधानों को निर्धारित करती है जिनकी व्याख्या रिश्वतखोरी और धोखाधड़ी के मामलों को कवर करने के लिए की जा सकती है, जिसमें आपराधिक विश्वासघात और धोखाधड़ी से संबंधित अपराध भी शामिल हैं। बेनामी लेनदेन (निषेध) अधिनियम 1988, यह अधिनियम उस व्यक्ति को उस पर अपना दावा करने से रोकता है जिसने किसी अन्य व्यक्ति के नाम पर संपत्ति अर्जित की है। भ्रष्टाचार का प्रभाव समाज के सबसे कमजोर लोगों पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है। जो राष्ट्र भ्रष्टाचार से लड़ते हैं और अपने कानून के शासन में सुधार करते हैं, वे अपनी राष्ट्रीय आय में 400 प्रतिशत तक की वृद्धि कर सकते हैं। लोगों की जागरूकता ही भ्रष्ट व्यवस्था को बदल सकती हैं। भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई और ईमानदारी, पारदर्शिता, कर्तव्यनिष्ठा को हमारे प्रत्येक के जीवन, समाज, संस्कृति का हिस्सा बनाना होगा। हमारे प्रणाली में निरंतर जांच और संतुलन बना रहना चाहिए। कर्मचारी या जन प्रतिनिधि का पद जितना ऊंचा होता है, वह जनता के प्रति उतना ही अधिक जवाबदेह होता है। भ्रष्टाचार संबंधित शिकायत के लिए भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग से संपर्क करने के लिए टोल फ्री 1800110180, 1964 पर कॉल कर सकते है। इसके साथ ही राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग भी इस समस्या से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर होते है। जैसे कि महाराष्ट्र राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से संपर्क करने के लिए +91 22-249-21212, टोल फ्री नंबर 1064, व्हाट्सएप नंबर 9930997700, ई-मेल आईडी acbweb-mail@mahapolice.gov.in का उपयोग कर सकते है। हमेशा जागरूक रहें, सतर्क रहें देशहित में कार्य करें।

## एक्सप्रेस कविता

*दिल से मिलते हो तो क्यों फासले,*
*तन्हाइयों में गर हो तो रखो हौसले।*
*परिंदे पालने का गर शौक हो बहुत,*
*तो मजबूत रखो परिंदों के घोंसले।*
*दर्द का दरिया सहज नहीं है पार करना,*
*कांटो पर चलने के हमेशा रखो हौसले।*

*ऊंचाई पर ठहरना गर हो मुश्किल,*
*इरादों,मंसूबों के मजबूत रखो किले।*
*इस आपाधापी में ना चैन ना सुकून,*
*ईश्वर की उपासना से रहो खिले-खिले ।*
*लिप्सा,आकांक्षाओं का कोई अंत नही संजीव,*
*रब की आराधना के सदैव रखो सिलसिले।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*हमारी ज़िन्दगी में दुख इस लिए आते हैं ताकि हम सच का महत्व समझ पाएं*




*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | एकादशी 30:30 तक |
| नक्षत्रः | चित्रा 10:43 तक |
| पक्षः | कृष्ण |
| वारः | शनिवार |
| योगः | शोभन, 23:36 |
| सूर्योदयः | 07:02 |
| सूर्यास्तः | 17:23 |
| चंद्रमाः | तुला राशि में |
| राहुकालः | 09:37-10:55 |
| विक्रमी संवत् | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:52-12:33 |

# जन एक्सप्रेस

## दूसरा राजा-कांटा

*पुष्प को यह जग खोज*
*रहा, पुष्प ही होते सरीख*
*पुष्प ही लोक में पूजे जाते,*
*पुष्प ही मांगे भीख*
*किन्तु वे मुरझा कर क्षण*
*में, पैरों तले कुचला जायेंगे*
*पूछो उन नर-नारी से क्या,*
*सूखी कली उनको भायेंगे*
*ढूंढ रहे हम उन काँटों को,*
*शक्ति का जो प्रतीक है*
*आगे आगे फूल मिले, पाँव*
*रखें वहाँ जीत है फेर के*
*इस जग में फूलों को,एक*
*दिन मात खानी है इनके*
*चेहरा खिला वही, निचे*
*जिसके पानी है लेकिन*
*काँटो की बातें, इनसे पूर्ण*
*निराली है*
*पानी की हो कमी जहाँ, पर*
*काँटे बलशाली हैं*
*काँटे जायेंगे सदियों तक,*
*क्या हुआ गर खाली है*
*रंग बिरंगे फूल तो क्या,*
*पीछे उनके माली है*

हेमंत दूबे

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# सर्दियों की डाइट में शामिल करें हाई प्रोटीन रागी सूप



**सर्दी** के मौसम में गर्मागर्म सूप पीने का एक अलग ही मजा है। इस मौसम में बाजार में कई तरह के साग और सब्जियां मिलती हैं, जिनसे सूप बनाया जा सकता है। सर्दियों में फिट और हेल्दी रहने के लिए आपको अपनी डाइट में साग और सब्जियों के अलावा बाजरा, जौ और रागी जैसे अनाजों को भी शामिल करना चाहिए। रागी को मंडुआ नाम से भी जाना जाता है, यह न सिर्फ खाने में बेहद स्वादिष्ट होता है बल्कि इससे शरीर को कई जरूरी पोषक तत्व भी प्राप्त होते हैं। रागी का इस्तेमाल आप रोटी, उपमा, बिस्किट्स, डोसा और सूप बनाने में कर सकते हैं।

**रागी सूप के फायदेः** सर्दी के मौसम में लोगों को बहुत आलस आता है और दिनभर आराम में ही बिता देते हैं। ऐसे में रागी का सूप पीने से आप दिनभर एनर्जेटिक रहेंगे। इसमें अच्छी मात्रा में कार्बोहाइड्रेट्स होते हैं जिनसे आपको एनर्जी मिलेगी। पोषक तत्वों से भरपूर रागी में आयरन के साथ प्रोटीन, कैल्शियम, आयरन के साथ कई मिनरल्स और विटामिन पाए जाते हैं जो आपके शरीर को फिट रखने और हड्डियों को मजबूत करने में मदद कर सकते हैं। आजकल कई लोगों को ग्लूटन से एलर्जी होती है, ऐसे में ग्लूटन-फ्री रागी सूप फायदेमंद साबित होगा। इससे शरीर को पोषण भी मिलेगा और सर्दी के मौसम में आप हेल्दी भी रहेंगे। रागी सूप पीने से आपका डाइजेशन बेहतर होगा। रागी के सेवन से पाचन क्रिया में सुधार होता है, जिससे भोजन आसानी से पचता है।

**रागी का सूप बनाने की विधिः** रागी का सूप बनाने के लिए आपको 1 कप रागी का आटा, 1 कटोरी बारीक कटी हुई सीजनल सब्जियां, नमक स्वादानुसार, एक चौथाई चम्मच काली मिर्च का पाउडर, एक चौथाई चम्मच भुना जीरा पाउडर, आधा चम्मच घी और 5 कप पानी चाहिए होगा। सूप बनाने के लिए सबसे पहले एक पैन में घी गरम करें और उसमें रागी आटा डालकर अच्छे से तब तक भूनें जब तक कि इसमें से खुशबू न आने लगे। अब पैन से आटे को निकाल कर अलग कर लें और इसमें इसमें पानी के साथ कटी हुई सब्जियां डालकर उबाल आने तक पकाएं। 1 उबाल आने के बाद इसमें धीरे धीरे रागी का भुना हुआ आटा मिलाएं। ध्यान रखें कि आप लगातार इसे चलाते रहें वरना आटे में गांठ बन सकती है। सब्जियों के साथ आटा मिक्स होने के बाद नमक और अन्य मसाले मिलाएं और इसे 10 से 12 मिनट कर धीमी आंच पर पकाएं। सूप तैयार होने पर इसको गर्म सर्व करें। इस सूप को आप लंच या रात के डिनर में शामिल कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# आतंकी गतिविधियों से ज्यादा जिंदगियां लील जाते हैं सड़कों के गड्ढे



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा

**यह बानगी मात्र है और इससे आसानी से कयास लगाया जा सकता है कि सड़क के गड्ढे जनहानि और धन हानि दोनों के प्रमुख कारण हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारें या दुनिया के देश इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं पर जो नतीजे साल दर साल देखने को मिलते हैं वह अपने आप में गंभीर है।**

**दुनिया** के देशों में आतंकी गतिविधियों में होने वाली जनहानि की तुलना सड़कों के गड्ढों से होने वाली दुर्घटना व मौत से करना उचित नहीं लेकिन सड़क के गड्ढों के कारण होने वाली मौतों का बढ़ता आंकड़ा सोचने के लिए विवश जरूर करता है। आतंकी घटनाओं को रोकना बहुत कठिन और खर्चीला है लेकिन दुर्घटना रोकने के लिए सड़कों की हालत ठीक रखना ज्यादा मुश्किल नहीं। इसके बावजूद दुनिया के देशों में आतंकी गतिविधियों की वजह से जितने लोग मारे जाते हैं, उससे कहीं ज्यादा मौतें सड़क दुर्घटनाओं में हो रही है। वैश्विक आंकड़ों का विश्लेषण किया जाए तो 2021 में आतंकवादी गतिविधियों के कारण 5226 लोग मारे गये। वहीं, अकेले अमेरिका में 2021 में सड़कों के गड्ढों के कारण हुई दुर्घटनाओं में 15 हजार से अधिक लोग मारे गए। इसी तरह से इंग्लैंड में 1390, भारत में 3565, रूस में 431 लोग मारे गए। लोगों की मौत की यह संख्या आतंकवाद के कारण होने वाली मौतों की संख्या से चार गुणा अधिक है। कमोबेश दुनिया के देशों में आज भी सड़कों पर गड्ढों के कारण दुर्घटना से मौत के आंकड़ों में साल दर साल बढ़ोतरी होती जा रही है। केन्द्रीय सड़क व परिवहन मंत्रालय की एक रिपोर्ट के अनुसार भारत में तमाम सड़क हादसों में सबसे अधिक मौत सड़कों पर बने गड्ढों के कारण हो रही है। अब सड़क में गड्ढों के कारण मौत की जिम्मेदारी सरकार या स्थानीय प्रशासन से इतर किसी और को दी भी नही जा सकती। मौत को अलग कर भी दिया जाए तो सड़कों पर गड्ढों से होने वाले अन्य नुकसान का ही विश्लेषण करें तो साफ हो जाता है कि यह कोई छोटा राजस्व हानि नहीं अपितु बड़ा नुकसान जुड़ा हुआ है। उदाहरण के तौर पर चेन्नई में कराए गए अध्ययन के अनुसार सड़क के गड्ढों के कारण प्रतिदिन 75 करोड़ के राजस्व का नुकसान होता है। यह बानगी मात्र है और इससे आसानी से कयास लगाया जा सकता है कि सड़क के गड्ढे जनहानि और धन हानि दोनों के प्रमुख कारण हैं। ऐसा नहीं है कि सरकारें या दुनिया के देश इस समस्या को लेकर गंभीर नहीं हैं पर जो नतीजे साल दर साल देखने को मिलते हैं वह अपने आप में गंभीर है। इसे लेकर वैश्विक गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि इंग्लैंड में गड्ढों होने वाले नुकसान पर नागरिकों को मुआवजा देने का प्रावधान है। दुनिया के देशों द्वारा भी सड़कों के गड्ढों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं व मौतों को लेकर बड़े-बड़े राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन, सेमिनार, गोष्ठियां, जनचेतना रैलियां होती रहती हैं तो सड़क निर्माण में लगे इंजीनियरों व अन्य कार्मिकों को शिक्षण प्रशिक्षण दिया जाता है। यह भी साफ है कि गड्ढों के जो प्रमुख कारण है वे भी किसी से छिपे हुए नहीं हैं। मोटे रूप से कहा जाए तो सड़कों की खराब डिजाइन, हल्की सड़क निर्माण सामग्री, सड़क निर्माण मानकों की अनदेखी, सड़कों पर पानी भरने, रखरखाव व देखरेख में लापरवाही, ठेकेदारों व अधिकारियों की लालची प्रवृति, सड़कों के मरम्मत कार्य में लापरवाही, गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने, सड़कों पर पानी की सही निकासी नहीं होने और इसी तरह के कई कारण हैं जिनके कारण सड़कों पर गड्ढे बन जाते हैं। देखा जाए तो थेड़ी से अनदेखी, लापरवाही और छोटे से लालच के कारण यही सड़कें मौत का कारण बन जाती हैं। गड्ढों के कारण दुर्घटना के साथ अन्य नुकसानों को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। वाहनों के कल-पुर्जों, टायर आदि के नुकसान की भी अनदेखी नहीं की जा सकती। पिछले दिनों केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क निर्माण में होने वाली लापरवाही के लिए संबंधित इंजीनियर्स व अन्य को जिम्मेदार बनाने, समुचित रखरखाव, ड्रोन से निगरानी और लोगों को टोल नंबर पर शिकायत करने जैसी सुविधाएं या कदम उठाने की पहल की है। इसी तरह से यह प्रावधान भी कई राज्य सरकारों द्वारा किए गए है व किए जा रहे हैं कि निश्चित समय सीमा से पहले सड़क क्षतिग्रस्त हो जाती है तो उसकी जिम्मेदारी सड़क बनाने वाले ठेकेदार की होगी। पर इसका कितना पालन हो रहा है यह किसी से छिपा नहीं हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि आज एक से एक नई तकनीक आ गई है। इसमें सड़क निर्माण की तकनीक भी शामिल है। पानी भरने वाले स्थानों पर सीमेंट कंक्रीट की सड़कें बनने लगी हैं पर सड़कों की गुणवत्ता पर आए दिन प्रश्न उठते रहते हैं। हालात यहां तक हो गए है कि टोल सड़कों पर भी सड़कों के हालात अब ज्यादा अच्छे देखने को नहीं मिल रहे हैं। आखिर गड्ढों या अन्य कारणों से किसी भी तरह की जनहानि या धनहानि होती है तो वह राष्ट्रीय नुकसान ही है। इसलिए इस क्षेत्र में कार्य कर रहे सरकारी व गैरसरकारी संस्थाओं को आगे आना होगा और कम से कम कम सड़कों के गड्ढों को तो मौत का कारण नहीं बनने दिया जाना चाहिए।

मोटे रूप से कहा जाए तो सड़कों की खराब डिजाइन, हल्की सड़क निर्माण सामग्री, सड़क निर्माण मानकों की अनदेखी, सड़कों पर पानी भरने, रखरखाव व देखरेख में लापरवाही, ठेकेदारों व अधिकारियों की लालची प्रवृति, सड़कों के मरम्मत कार्य में लापरवाही, गुणवत्ता पर ध्यान नहीं देने, सड़कों पर पानी की सही निकासी नहीं होने और इसी तरह के कई कारण हैं जिनके कारण सड़कों पर गड्ढे बन जाते हैं।

# मिहींपुरवा में आयोजित हुई सांसद खेल प्रतियोगिता



* मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्वलित कर किया प्रतियोगिता का शुभारम्भ
* माध्यमिक एवं परिषदीय विद्यालय के बीच हुई प्रतियोगिता

जन एक्सप्रेस। बहराइच

मिहींपुरवा। सांसद खेल स्पर्धा के तहत विकासखंड मिहींपुरवा में माध्यमिक एवं परिषदीय विधालय के छात्रों के बीच क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख अभिषेक वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि डा. आनंद कुमार गौड़ रहे। मिहींपुरवा कस्बे के दरोगापुरवा में स्थित बड़ी फील्ड पर आयोजित इस एक दिवसीय प्रतियोगिता का शुभारम्भ मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दीप प्रज्जवलित कर किया। तत्पश्चात विधालय के छात्र छात्राओं की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किये गये। खंड विकास अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारी की देख रेख में आयोजित इस कार्यक्रम में ब्लाक व शिक्षा विभाग के कई कर्मचारियों के सहयोग से दो दर्जन से अधिक प्रतियोगिताओं को सम्पन्न कराया गया। सांसद खेल स्पर्धा प्रतियोगिता में आयोजित क्रीड़ा प्रतियोगिताओं में खोखो में जुनियर विधालय मोतीपुर प्रथम एवं नवयुग इंटर कालेज को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। बालक वर्ग खो खो में नवयुग प्रथम एवं जुनियर भगड़िया को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। दौड़ प्रतियोगिता के क्रम में 100 मीटर बालक वर्ग में एसपीवीपी सेमरहना के आशुतोष मौर्य प्रथम तथा मुखिया फार्म मटेही के नरेंद्र ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। 100 मीटर बालिका वर्ग में सर्वोदय इंटर कालेज की सायमा प्रथम तथा नवयुग इंटर कालेज की रीमा यादव को द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ। 400 मीटर बालिका वर्ग में जे.एस. एकेडमी गंगापुर की माही मौर्या प्रथम तथा सायमा सर्वोदय इंटर कालेज ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता अंतर्गत सभी खेल बीडीओ मिहींपुरवा अजीत कुमार सिंह एवं बीईओ मिहींपुरवा अजीत कुमार की देख रेख में सम्पन्न कराया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राजेश गुप्ता की ओर से किया गया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता योगेश प्रताप सिंह, खंड विकास अधिकारी अजीत कुमार सिंह, खंड शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार सिंह, प्राचार्य मनोज कुमार यादव, प्राचार्य सुभाष वर्मा, शिवेंद्र प्रताप सिंह, वीर चंद्र वर्मा, बलवंत सिंह, ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजकुमार यादव, राजेश गुप्ता, रामेंद्र सिंह, मनीष चौधरी, शाहिद अली, विवेक सिंह, विनीत सिंह, वीरेंद्र सिंह, नागेंद्र भक्त, सुनील चौधरी समेत काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## पीएम आवास में भ्रष्टाचार की दूसरे दिन भी हुई जांच

* शिकायतकर्ताओं ने कहा आरोपी लेखपाल भी जांच समिति में शामिल

जन एक्सप्रेस। बहराइच



रुपईडीहा। नगर पंचायत रुपईडीहा में पीएम आवास शहरी में हुए भ्रष्टाचार की जांच दूसरे दिन भी जारी रही। शिकायतकर्ताओं ने आरोप लगाया है कि जांच समिति में वह लेखपाल भी शामिल रहा जिसने आवास चयन में अनियमितता की थी। इससे जांच पर सवाल उठने लगे हैं। नगर पंचायत रुपईडीहा में पीएम आवास शहरी में भ्रष्टाचार की शिकायत जिलाधिकारी से की गई थी जिसके बाद तीन सदस्यीय टीम जांच कर रही है।शुक्रवार को भी तहसीलदार नानपारा प्रद्युम्न कुमार व लेखपाल शिवकुमार रुपईडीहा आकर जांच करते देखे गए। जांच में दो लाभार्थियों ने 10 हजार रुपये रिश्वत देने की तस्दीक की। रुपईडीहा नगर पंचायत के वार्ड नं 13 विवेकानंद नगर में तहसीलदार द्वारा पूछे जाने पर लाभार्थी फातिमा व रजिया ने 10, 10 हजार रुपये वार्ड नं 13 के सभासद जहीर अहमद को देना स्वीकार किया।तहसीलदार ने इनका बयान लिखकर हस्ताक्षर कराए। आवास आवंटन में भ्रष्टाचार लगातार उजागर हो रहा है। ऐसे लोगों को भी आवास का आवंटन कर दिया गया है। जिनके पास पक्के मकान और चल अचल संपत्ति भी है। शिकायतकर्ताओं ने आज जांच में शामिल लेखपाल को लेकर भी सवाल खड़े किए यह कहा कि लेखपाल की ओर से ही आवास आवंटन के लिए लाभार्थियों का चयन किया गया था। उनको जांच समिति में शामिल करने से जांच प्रभावित होगी।शिकायतकर्ता एडवोकेट विवेक शुक्ल ने यह भी बताया कि कुछ लाभार्थियों ने भयवश बयान नही दिया है। क्योंकि सभासद ने उनको डरा दिया था कि किसी को बताया तो अगली क़िस्त रुक जाएगी। मीरा सोनी ने बयान दिया कि मुझसे 10 हजार रुपये पहले देने को कहा गया। अगली डेढ़ लाख रुपयों की क़िस्त में 15 हजार देने को कहा गया है। यह भी कहा कि नही दिया तो दुसरी किस्त नही मिलेगी। एडवोकेट विवेक ने यह भी बताया कि लेखपाल की मिली भगत से पात्रता की जांच की गई है। इसलिए जांच को यह भी प्रभावित कर रहे हैं। गुरुवार को डीपीआरओ व पीडी की जांच से लोग संतुष्ट थे। इस जांच में लीपापोती होने का आरोप भी शिकायतकर्ता नबी अहमद व एडवोकेट विवेक शुक्ल ने लगाया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### ट्रक की ठोकर से अधेड़ की मौत

जन एक्सप्रेस/मिहीपुरवा, बहराइच। मोतीपुर थाना क्षेत्र में एक अधेड़ को ट्रक ने ठोकर मार दी। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना रुपईडीहा के ग्राम सभा चिकनीया का निवासी श्रीपाल पुत्र मोहन ( 65) वर्ष अपने बेटे की शादी का कार्ड देने अपने रिश्तेदारी में आया हुआ था। शुक्रवार दोपहर लगभग 1बजे परवानी गौड़ी चौराहे पर सड़क पार करते वक़्त ट्रक ने ठोकर मार दिया। जिससे मौके मृत्यु हो गयी। स्थानियों की सुचना पर थाना मोतीपुर प्रभारी निरक्षक ददन सिंह अपने दल बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस शव को कब्जे में लें कर विधिक कार्यवाही में जुट गयी है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया की मौके पर ट्रक व ट्रक चालक को दबोच लिया गया है, परिजनों के प्रार्थनापत्र के आधार पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

### महिलाओं ने रोका फेंसिंग कार्य, गेट लगाने व कई शर्तों पर बनी सहमति

जन एक्सप्रेस/मिहीपुरवा, बहराइच। कतर्नियाघाट वन क्षेत्र में वन विभाग द्वारा जंगल से सटे आबादी में जंगल किनारे फेंसिंग लगाने का कार्य चल रहा है। मंगलवार को चहलवा के नवसृजित राजस्व गांव नई बस्ती टेढ़ीहा के सामने चल रहे फेंसिंग के कार्य को महिलाओं ने विरोध प्रदर्शन कर रोक दिया। महिलाएं काम रोककर मौके पर ही धरने पर बैठ गई। मौके पर वन क्षेत्राधिकारी कतर्नियाघाट अनूप कुमार टीम के साथ पहुचे जिन्होंने ग्रामीणों से बातचीत शुरू की जिसके बाद भी महिलाएं अपनी बात पर अड़ी रहीं। मामला बढ़ता देख थाना सुजौली की पुलिस टीम भी मौके पर पहुच गई। रेंजर कतर्नियाघाट ने विरोध कर रही महिलाओं के साथ समाजसेवी जंग हिंदुस्तानी व गांव निवासी पूर्व राज्यमंत्री बंशीधर बौद्ध तथा पूर्व प्रधान जाहिद खान समेत अन्य ग्रामीणों संग बैठक की। बैठक में महिलाओं ने बात रखी कि फेंसिंग लग जाने से उनसे जंगल में जलौनी, खर फूंस, मवेशी चराने तथा शौच जाने का अधिकार छिन जाएगा। अंत में फेंसिंग के बीच ग्रामीणों के आवाजाही के लिए तीन गेट समेत कई शर्तों पर मामला शांत हुआ जिसके बाद फेंसिंग कार्य पुन: शुरू हुआ।

### विकसित भारत संकल्प यात्रा भरखनी के पैंतापुर पहुंची

जन एक्सप्रेस/पाली,हरदोई। शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा विकास खंड भरखनी के पैतापुर गावं पहुंचीं। जहां भाजपा विधायक माधवेन्द्र प्रताप सिंह रानू ने यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू ने केंद्र व राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही तमाम योजनाओं की जानकारी ग्राम वासियों को दी। उन्होंने कहा भाजपा ही एक मात्र ऐसी सरकार है जो गरीबों के हितों पर काम कर रही है। गरीबों के हक पर जो बिचौलिए डांका डालते थे मोदी ने उन सभी को नेस्तोनाबूद कर दिया है। जिसके फलस्वरूप योजनाओं का सीधा लाभ लाभार्थियों तक पहुंच रहा है। मोदी सरकार की कार्यशैली से प्रभावित होकर जनता का भी उन पर भरोसा बढ़ा है। वहीं लाभार्थियों ने प्रधानमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया। वहीं पैतापुर में भाजपा मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र प्रताप सिंह ने अन्न प्रासन कराया जबकि भरखनी में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू द्वारा बच्चे का अन्न प्रासन कराया गया। इस मौके पर जिला कार्यसमिति सदस्य रामू अग्निहोत्री, मंडल अध्यक्ष जैनेन्द्र प्रताप सिंह, रजनीश त्रिपाठी, अमित अग्निहोत्री, आशुतोष मिश्रा ,निशा कुशवाहा ,प्रधान अनंता सिंह आदि मौजूद रहे।



### डीएम ने किया नवीनीकृत किये जा रहे कोर्ट का निरीक्षण

जन एक्सप्रेस/हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर में नवीनीकृत किये जा रहे डीएम कोर्ट का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने कलेक्ट्रेट नाजिर को निर्देश दिए कि नवीनीकृत कार्य को जल्द पूरा कराया जाए। उन्होंने कहा कि कोर्ट में लगे हुए पुराने पंखों तथा टूटे हुए फर्नीचर को बदला जाए। हवा आदि की उचित व्यवस्था की जाए। कोर्ट के फर्नीचर को व्यवस्थित तरीके से रखा जाए। इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार व अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।



### डीएम की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा




जन एक्सप्रेस/हरदोई। जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने असंतोषजनक फीडबैक की अधिक संख्या को लेकर विभिन्न विभागों से कड़ी नाराजगी जतायी। उन्होंने कहा कि फ्लैगशिप स्कीमों में किसी भी प्रकार की कोताही न की जाए। गुणवत्तापूर्ण कार्य के साथ विभागीय पोर्टल पर ससमय फीडिंग पर भी ध्यान दिया जाए। पशुपालन विभाग को निर्देश दिए कि गोवंश संरक्षण के कार्य मे तेजी लायी जाए।सभी कार्यदायी संस्थाएं ससमय अपना कार्य पूर्ण कर फीडिंग कार्य सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी की अनुपस्थिति पर कड़ी नाराजगी जतायी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी व अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## गृह विज्ञान विभाग की छात्राओं ने सीखा सलाद का प्रस्तुतीकरण

जन एक्सप्रेस। बहराइच

* विशेषज्ञों ने बताए सलाद के महत्व, किसान पीजी कॉलेज में आयोजित की गई चार दिवसीय कार्यशाला

किसान पीजी कॉलेज के गृह विज्ञान विभाग की ओर से गुरुवार को चार दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला सलाद परोसने की कला एवं उसकी उपयोगिता पर आधारित है। कार्यशाला के अंतिम दिन आयोजित समापन समारोह का शुभारंभ राजकीय पीजी कॉलेज श्रावस्ती की प्राचार्या डॉ. पूनम सोनकर ने बताया कि आज के युग का सबसे फायदेमंद भोजन सलाद है। शकुन्तला कालेज की

डॉ. रत्ना ने बताया गया कि सलाद को खाने में अनिवार्य रूप से खाना चाहिए। यह विभिन्न प्रकार से शरीर को फायदा पहुंचाता है।

इस मौके पर भूगोल विभाग के डॉ. अजय प्रताप सिंह, मध्य कालीन इतिहास विभाग से डॉ. सत्य भूषण सिंह व धर्मवीर सिंह, प्राणि विज्ञान से डॉ. सुधा शुक्ला वनस्पति विज्ञान विभाग से डॉ आनंद श्रीवास्तव, चित्र कला विभाग से सविता वर्मा के अतिरिक्त सलाद कार्यशाला में लगभाग 30 से 40 छात्राएं शामिल हुईं । इनमें शाहिना बेगम, लकी सिंह, पुनीता तिवारी, राधिका गुप्ता, काजल वर्मा सविता, सौम्या वर्मा, नीतू देवी, शुभी सिंह, प्रियांशू श्रीवास्तव, अलका शर्मा, रोशनी तथा महक सिंह प्रमुख रहे। कार्यक्रम में कालेज प्रबंध समिति के सचिव मेजर एसपी सिंह ने छात्र-छात्राओं को आशीर्वाद प्रदान किया। उन्होंने बताया कि सब्जी के साथ अंकुरित अनाज का सेवन भी करना चाहिए कॉलेज के प्रचार्य डॉ. विनय सक्सेना ने सलाद से मोटापा कम होने की बात बताई। अंत में विभाग प्रभारी डॉ. तस्लीम फातिमा ज़ैदी ने आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में एकलव्य महाविद्यालय जरवलरोड की डॉ. अर्चना वर्मा ने बहुत ही अच्छी तरह से सलाद की उपयोगिता को समझाया।

कार्यक्रम में समाजशास्त्र विभाग के अध्यक्ष लेफ्टिनेंट सूर्यभान रावत, हिंदी विभाग के प्रभारी डॉ नीरज पांडे, वाणिज्य विभाग के डॉ शैलेश कुमार सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम में महविश, मुस्कान हीरामणि, चंचल मिश्रा,हरप्रीत, सौम्या, नेहा, शैली सिंह आदि बच्चों का विशेष योगदान रहा।

## विकसित भारत संकल्प यात्रा का रिसिया के बुलबुल नेवाज में हुआ स्वागत

* पात्र ग्रामीणों को दिया गया केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ

जन एक्सप्रेस। बहराइच

विकास खंड रिसिया की ग्राम सभा बुलबुल नेवाज में विकसित भारत संकल्प यात्रा बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के छात्राओं द्वारा स्वागत गीत देशगीत तथा मनमोहक झांकियां प्रस्तुत की। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 15 नवंबर 2023 को झारखंड से पूरे देश में विकसित भारत संकल्प यात्रा की शुरुआत की थी। जिसके क्रम में ग्राम पंचायत गोकुलपुर व बुलबुल नेवाज में संयुक्त रूप से कार्यक्रम में सहभागिता कर विभिन्न योजनाओं के काउंटर्स लगाए गये। जिसे केंद्र सरकार की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य हो सके। पंचायत से आई हुई महिलाएं युवा वृद्ध इस कार्यक्रम में सम्मिलित हुए लाभार्थियों को उनके प्रमाण पत्र और चाभियां दी गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष दीपक सत्या विशिष्ट अतिथि ब्लॉक प्रमुख रिसिया संजय जयसवाल मंडल प्रतिनिधि भाजपा आलोक अग्रवाल महामंत्री आयुष अग्रवाल ग्राम प्रधान गोकुलपुर भगवती प्रसाद वर्मा तथा ग्राम प्रधान बुलबुल नेवाज प्रिंस खंड विकास अधिकारी रिसिया सहायक विकास अधिकारी पंचायत गुलामुद्दीन जिलानी ग्राम पंचायत सचिव दुरे हसन सहित सैकड़ो की संख्या में ग्रामीण युवा महिलाएं एवं विद्यालय की छात्र-छात्राएं मौजूद रही।



## सिपाही पर अभद्रता व मारपीट का आरोप लगाते हुए महिला ने एसपी से की शिकायत

* एसपी ने सिपाही को किया लाइन हाजिर

जन एक्सप्रेस। हरदोई




हरपालपुर थाना क्षेत्र की निवासी एक महिला द्वारा सिपाही पर थाने में मारपीट वी अभद्रता का आरोप लगाते हुए एसपी से की गई शिकायत पर सिपाही को लाइन हाजिर करते हुए मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

जानकारी के अनुसार हरपालपुर थाना क्षेत्र के भदार गांव निवासी बिट्टा पत्नी सत्येंद्र ने पुलिस अधीक्षक से हरपालपुर थाने में तैनात सिपाही चंदन सिंह पर मारपीट व अभद्रता का आरोप लगाते हुए शिकायत की गई थी।शिकायत को संज्ञान में लेते हुए एसपी ने सिपाही चंदन सिंह को तत्काल प्रभाव से लाइन हाजिर कर दिया।तथा मामले की जांच की जा रही है।हालांकि इस मामले में बताया जा रहा है कि भदार गांव निवासी बिट्टा देवी दिल्ली में रहती है तथा उसकी लगभग 8 वर्ष की पुत्री भदार गांव में अपनी दादी के पास रह रही है ।भदार गांव निवासी अम्बानी उर्फ धीरू भी दिल्ली में रहता है।कुछ समय पूर्व अम्बानी उर्फ धीरू दिल्ली से वापस घर आ रहा था तो बिट्टा देवी ने अम्बानी को अपनी बेटी के लिए 15 सौ रुपये भेजे थे।जो उसने उसकी बेटी को नही दिए। बीते 3 दिसम्बर को बिट्टा देवी जब दिल्ली से भदार आई तो उसने धीरू से पैसा देने की बात अपनी बेटी से पूँछी जिससे पता चला कि धीरू ने वह पैसे बिट्टा देवी की पुत्री को नही दिए।बिट्टा देवी द्वारा पैसा मांगने पर अम्बानी उर्फ धीरू ने उसको गाली गलौज करते हुए पैसा देने से मना कर दिया।इस मामले में बिट्टा देवी ने बीते 4 दिसम्बर को थाने पर तहरीर दी थी।हालांकि इस मामले की तहरीर सिपाही चंदन सिंह को देकर कार्यवाई करने के निर्देश दिए गए थे।सिपाही चंदन सिंह ने भदार गांव पहुंचकर आरोपी की तलाश की लेकिन वह घर पर नही मिल सका था।इसी बीच दुबारा महिला थाने पर आयी और उसका विवाद हो गया था।इस मामले में महिला ने 8 दिसम्बर को एसपी कार्यालय पहुंचकर सिपाही पर आरोप लगाते हुए शिकायत की जिस पर एसपी ने सिपाही को लाइन हाजिर कर दिया।



### संदिग्ध परिस्थितियों में विवाहिता का शव घर के अंदर फांसी पर लटका मिला

जन एक्सप्रेस। हरदोई

संदिग्ध परिस्थितियों में एक विवाहिता का शव घर के अंदर कमरे में फांसी के फंदे पर लटका मिलने पर घर मे कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोगों ने घटनास्थल पहुंचकर मार कर लटकाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार सांडी कस्बे के नई बस्ती मोहल्ला निवासी 28 वर्षीय आरती पत्नी दुर्गेश का शव शुक्रवार की सुबह घर के अंदर कमरे में लटका हुआ मिलने पर परिजनों में हड़कम्प मच गया।उधर घटना की जानकारी जैसे ही मायके पक्ष वालों को दी गई। हरदोई के मोहल्ला राधा नगर निवासी आरती के पिता ने ससुरालीजनो पर पुत्री को मारपीट कर लटकाने का आरोप लगाते हुए थाने पर तहरीर दी।देर शाम पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## विज्ञान हमारे जीवन स्तर को ऊपर उठाता है: डीएम

जन एक्सप्रेस। हरदोई

जिला विज्ञान क्लब के तत्वावधान में जनपद के वेणीमाधव विद्यापीठ बालिका इंटर कॉलेज में जनपद स्तरीय विज्ञान मॉडल प्रतियोगिता का आयोजन मुख्य अतिथि जिलाधिकारी मंगला प्रसाद की उपस्थित में किया गया, इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने जिलाधिकारी को स्मृति चिन्ह भेंट किया। जिलाधिकारी ने कहा कि विज्ञान का हमारे जीवन विज्ञान का बहुत महत्व है और यह विज्ञान हमारे जीवन स्तर को ऊपर उठाता है। उन्होंने यह भी कहा कि 01 जनवरी 2024 तक 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले लोग मतदाता सूची में अपना नाम शामिल अवश्य करवा लें तथा अन्य लोगों को भी प्रेरित करें। जिला विद्यालय निरीक्षक ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया। बच्चों ने अत्यंत सुंदर मॉडल प्रस्तुत किये। जिलाधिकारी ने मॉडलों का अवलोकन किया तथा बच्चों की प्रतिभा की सराहना की। गाँधी इंटर कॉलेज की छात्रा हृषिता वैश्य ने सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने वाली तकनीक को प्रस्तुत किया। जिलाधिकारी इससे प्रभावित दिखे। आर आर इंटर कॉलेज के लाईफाई मॉडल, सेंट जेम्स स्कूल के ड्रिंक एण्ड ड्राइव सेफ्टी मॉडल, वेणीमाधव के इलोफ्रेंडली फ़ूड प्रिजर्वेटिव मॉडल व दुर्गा प्रसाद इंटर कॉलेज खसौरा के स्मार्ट डस्टबिन मॉडल ने सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर जिला विज्ञान क्लब हरदोई के समन्वयक सतीश चन्द्र, जिला विद्यालय निरीक्षक बालमुकुन्द, जिला सूचना अधिकारी संतोष कुमार, प्रधानाचार्य गीता शुक्ला व अन्य संबंधित लोग उपस्थित रहे।

## सीएचसी पर मरीजों को बाहर से नहीं लिखी जाएंगी दवाएं

जन एक्सप्रेस। हरदोई

* अधीक्षक ने पत्र जारी कर डॉक्टरों को दिए निर्देश

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर मरीजों को बाहर से दवाएं लिखने की शिकायत मिलते ही अधीक्षक ने पत्र जारी कर सभी डॉक्टरों को बाहर से दवाएं न लिखने का आदेश जारी करते हुए कहा कि अगर बाहर से दवाएं लिखी गयी तो कार्यवाई के निर्देश दिए हैं।उन्होंने किसी भी दशा में मरीजों को बाहर से दवाएं न लिखने का फरमान जारी कर दिया है। जानकारी के अनुसार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में डाक्टर आनंद पांडेय द्वारा अधीक्षक पद पर तैनाती मिलने के बाद व्यवस्था में परिवर्तन दिखने लगा है।साफ सफाई के साथ साथ अस्पताल में आने बाले मरीजों के उपचार में हीलाहवाली करने बालो पर उन्होंने शिकंजा कस दिया है।अस्पताल में मरीजों से अबैध वसूली पर अंकुश लगने के साथ ही उन्होंने अब बाहर से दवाएं लिखने बाले डॉक्टरों पर भी शिकंजा कस दिया है। सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर आनंद पांडेय ने बताया कि मरीजों को बाहर से दवाएं लिखे जाने की उन्हें शिकायत मिली थी।इस पर उन्होंने तुरंत पत्र जारी कर सीएचसी में तैनात सभी डॉक्टरों को सख्त निर्देश दिए कि अस्पताल में आने बाले मरीजों को बाहर से कोई दवाएं न लिखी जाएं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में मौजूद दवाएं व व्यवस्थायो से मरीजों को कोई दिक्कत नही होने दी जाएगी।

## सगे भाइयों ने एक साथ नसबंदी कराकर प्रदेश में पेश की मिसाल

* पुरुष नसबंदी सेवा देने में बहराइच मंडल में शीर्ष स्थान पर

जन एक्सप्रेस। बहराइच

> परिवार नियोजन में बढ़ रही पुरुषों की भागीदारी से स्वस्थ माँ और स्वस्थ बच्चा की अवधारणा को साकार करने में मदद मिलेगी। इसमें अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान है जल्द ही सभी को सम्मानित किया जाएगा।
>
> –डॉ सतीश कुमार सिंह
> सीएमओ बहराइच

**मण्डल में अप्रैल से अब तक की स्थिति**

- बहराइच – 45 पुरुष नसबंदी
- श्रावस्ती – 14 पुरुष नसबंदी
- बलरामपुर – 02 पुरुष नसबंदी
- गोंडा – 01 पुरुष नसबंदी

गर्भधारण से लेकर बच्चों का जन्म व पालन-पोषण जैसी सभी जिम्मेदारियाँ महिलाएं ही उठाती हैं और बात जब नसबंदी की हो तो उन्हें ही आगे आना पड़ता है। लेकिन इस परंपरा को तोड़ दो सगे भाइयों ने एक साथ पुरुष नसबंदी की सेवा लेकर मिसाल पेश की है। जिला स्वास्थ्य, शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बृजेश सिंह की माने तो दो सगे भाइयों का एक साथ नसबंदी कराने का फैसला उत्तर प्रदेश का पहला मामला है। फखरपुर के अरई कला निवासी 35 वर्षीय श्री प्रकाश के चार और छोटे भाई 28 वर्षीय अरविन्द के तीन बच्चे हैं। दोनों सगे भाई खेती करते हैं। अरविन्द कहते हैं परिवार पूरा था इसलिए पत्नी की नसबंदी कराने की बात चल रही थी। इसी बीच आशा कार्यकर्ता तारावती ने पुरुष नसबंदी की जानकारी दी। बताया यह महिला नसबंदी से काफी आसान है, इसमें न तो कोई चीरा-टांका लगता है न ही मर्दानगी पर कोई असर पड़ता है । अरविन्द ने यह बात बड़े भाई श्री प्रकाश से बताया तो उन्हे विश्वास नहीं हुआ कि बिना चीरा लगाए नसबंदी कैसे होगी ? शंका समाधान के लिए आशा तारावती ने गांव के विश्वनाथ से मिलवाया जिन्होंने एक सप्ताह पहले नसबंदी कराई थी। विश्वनाथ ने बताया उन्हें न तो कोई चीरा-टांका लगा था न ही भर्ती होने की जरूरत पड़ी। वह स्वस्थ हैं और पहले जैसे ही अपने सभी काम-काज कर रहे हैं। संतुष्टि मिलने पर दोनों भाइयों ने एक साथ नसबंदी कराने का फैसला लिया। अरविन्द ने इसकी चर्चा गाँव निवासी गोविंद से की जो तीन बच्चों के बाद अपनी पत्नी की नसबंदी के बारे में सोंच रहे थे। जब उन्हें पुरुष नसबंदी की सही और पूरी जानकारी मिली तो वह भी तैयार हो गए और 28 नवंबर को सभी ने एक साथ नसबंदी कराई। अरविन्द ने बताया नसबंदी में लगभग 5 मिनट लगे थे और घर आने के बाद उसी दिन खेत में गेहूं की बुवाई कराने चला गया । वहाँ सरावन जिसे पाटा कहते हैं उस पर बैठ कर खेत की मवाई भी कराई। वह कहते हैं पत्नी की नसबंदी होती तो टांका कटने और सामान्य कार्य करने में एक सप्ताह से अधिक समय लग जाता। डीपीएम सरजू खान ने बताया आमतौर पर पुरुष नसबंदी के बारे में चर्चा नहीं होती। ऐसे में दो सगे भाइयों ने आपस में बातचीत कर एक साथ नसबंदी की सेवा लेकर मिसाल पेश की है। उन्होंने बताया जनपद में अप्रैल से अब तक 45 लोगों को पुरुष नसबंदी की सेवाएँ दी जा चुकी हैं जो मण्डल में सबसे अधिक है। इच्छुक लोग क्षेत्र की आशा कार्यकर्ता या मोबाइल नंबर 6393805282 पर संपर्क कर पुरुष नसबंदी के बारे में अधिक जानकारी ले सकते हैं।

# खाद की किल्लत से किसान परेशान, पूरे दिन लाइन में लगने के बाद भी नहीं मिल रही खाद

जन एक्सप्रेस । महोबा



जनपद मे जिम्मेदारों की लापरवाही के चलते किसानो को खाद समय से नही मिल पा रही है सोसाइटी मे ताला लटका रहता है और किसान एक अदद खाद की बोरी के लिए दिन भर भूखा प्यासा लाइन मे लगने के लिए मजबूर रहता है। जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही का खामियाजा किसान भुगत रहे है। इसी कारण किसानो को समय से खेत मे बुबाई का कार्य नही हो पा रहा है।

महोबा मे खाद की किल्लत कोई नई बात नही है व्यवस्थाओं मे बरती जा रही लापरवाही के चलते किसानो को लंबे समय से खाद नही मिल पा रही। इसके लिए किसानो को कई कई दिन लाइन मे लगकर एक अदद खाद की बोरी के लिए परेशान होना पड़ता है। शहर के हवेली दरवाजा इलाके मे संचालित सहकारी समिति मे खाद पाने के लिए सुबह 6 बजे से किसान लाइन पर लगे रहे लेकिन 12 बजने तक सोसाइटी का ताला ही नही खोला गया इसको लेकर किसानो मे खासी नाराजगी रही। 12 बजे के बाद आए सोसाइटी के कर्मचारियों ने जब ताला खोला तो पहले खाद पाने के लिए लोगो की भगदड़ मच गई। अधिकारियो के निर्देशो की परवाह किए बगैर सोसाइटी मे काम कर रहे कर्मचारियों की लापरवाही से किसान परेशान है। समय से किसानो को खाद की बोरी नही दी जा रही है। किसानो का आरोप है कि रात के अंधेरे मे खाद अपने करीबियों को बांटनें का सिलसिला चल रहा है जबकि दिनभर लाइन मे लगने वाले किसानो को खाद नही मिल पा रही है। अपने 1 वर्ष के मासूम बच्चे को गोद के लिए महिला किसान जानकी बताती है कि वह सुबह 7 बजे से लाइन मे लगी है और 12 बजने तक सोसाइटी का ताला नही खोला गया। पिछले 3 दिन से लगातार सोसाइटी मे आकर अपनी बारी का इंतजार करती है मगर हर बार उसे वापस लौट कर जाना पड़ता है।

# सदर विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को वितरित किए प्रमाण पत्र

जन एक्सप्रेस । जालौन




विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए। एक महिला लाभार्थी के आवास का भूमि पूजन किया।

सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा ने लौना मार्ग पर आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा के दौरान आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री की जमकर तारीफ की और उन्हें दूरदर्शी बताते हुए कहा कि वह चाहते हैं कि रुपयों के अभाव में कोई व्यक्ति छत से वंचित न रहे जाए। कहा कि जालौन क्षेत्र में 2471 लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पहुंचाया गया है। आज देश हर क्षेत्र में विकास कर रहा है और नई ऊचाईयों को छू रहा है। उन्हें हर भारतीय की चिंता है और उनके कल्याण के लिए योजनाएं चलाई जा रही हैं। इस मौके पर उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी क्षेत्र के 40 लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए। योजना की महिला लाभार्थी सरला पत्नी प्रदीप कुमार के आवास का भूमि पूजन भी किया।

इस मौके पर एसडीएम सुरेश कुमार, सीएलटीसी अनुज कुमार पालीवाल, मंडल समन्वयक हंसराज, नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि पुनीत मित्तल, जेई अरविंद कुमार, सर्वेयर जयपाल, सभासद अन्नू शर्मा, ललित शुक्ला, रवि कुशवाहा, जयकरन दोहरे, रमाकांत प्रजापति, रामू गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# वर्तमान समय में एंटीबायोटिक दवाओं का दुरुपयोग चिंता का विषय

जन एक्सप्रेस । डॉक्टर मुक्तेश्वर दूबे



**भाटपार रानी देवरिया।** वर्तमान समय में एंटीबायोटिक दवाओं का व्यापक स्तर पर दुरुपयोग हो रहा है। हर छोटी-छोटी समस्या में हम खुद को बिना किसी डॉक्टरी सलाह के इनका सेवन कर रहे हैं। हमारे शरीर में एंटीबायोटिक दवा के प्रति प्रतिरोध बनता जा रहा है। यदि एंटीबायोटिक दवा का दुरुपयोग इसी तरीके से चलता रहा तो आने वाले समय में इन दवाओं के प्रति प्रतिरोध इस कदर हमारे शरीर में विकसित हो जाएगा कि कोई बीमारी होने पर किसी भी प्रकार के एंटीबायोटिक का असर नहीं होगा। यह स्थिति अपने आप में एक आपदा से कम नहीं होगा।

उक्त बातें मदन मोहन मालवीय शिक्षण समिति के प्रबंधक व वरिष्ठ भाजपा नेता माननीय श्री राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह ने महाविद्यालय में एंटी माइक्रोबियल रेजिस्टेंस विषय पर आयोजित सेमिनार में कहीं।

मुख्य वक्ता वरिष्ठ वैज्ञानिक इंटीग्रेटिव जिनोमिक्स और इंटीग्रेटिव बायोलॉजी सी0 एस0 आई0 आर0 नई दिल्ली के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉक्टर जितेंद्र नारायण ने एंटीमाइक्रोबियल रेजिस्टेंस पर विस्तार से चर्चा करते हुए बताया कि आज के समय में यह एक बड़ी समस्या के रूप में समाज के लिए चुनौती बन रही है। इस आपदा से निपटने के लिए किए जा रहे शोध और तकनीकी पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल के युवाओं में अपार क्षमता है। सकारात्मक विचारों को लेकर आगे बढ़े हमारी प्रयोगशाला उनको आगे बढ़ाने में हर संभव तकनीकी सहयोग देने के लिए तैयार है।

जीनोम सीक्वेंसिंग की अपार संभावनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि इस क्षेत्र में युवाओं को कार्य करने की असीम संभावना है। महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को बायोइनफॉर्मेटिक्स के विषय में शोध करने के लिए प्रेरित किया। संगोष्ठी का संचालन महाविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रोफेसर राम अवतार वर्मा ने किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर सतीश चंद्र गौड़ ने की।

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के वरिष्ठ आचार्य प्रोफेसर कमलेश नारायण मिश्र, संयोजक प्रोफेसर सुधीर कुमार शुक्ला डॉ0 महेंद्र कुमार मिश्र आदि ने किया।

प्रतिभाग करने वाले आचार्यों में डॉ मनीष नाथ त्रिपाठी, डॉ अमीर लाल, डॉ अंशुमान सिंह, डॉ राकेश कुमार, डॉ सुशील पांडे, डॉ. अवनीत सिंह, डॉ रणजीत सिंह, डॉ शीलेंद्र कुमार पाठक, डॉ श्रीनिवास मिश्र, डॉ संतोष, शिव प्रसाद, प्रवीण शाही आदि लोग उपस्थित रहे।

# डीएम ने बच्चों को दुधारू गाय उपलब्ध कराने को लेकर की समीक्षा बैठक

जन एक्सप्रेस । उरई




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कल देर शाम जिला पोषण समिति/कन्वर्जेन्स विभाग व आदर्श आंगनबाड़ी केन्द्र की कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग की विभिन्न योजनाओं जैसे आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा पोषण ट्रैकर पर फीडिंग, एनआरसी में बच्चों का संदर्भन, आंगनबाड़ी केन्द्र भवन निर्माण, अधिकारियों द्वारा गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्रों का निरीक्षण एवं तीव्र अतिकुपोषित (सैम) बच्चों को दुधारु गाय उपलब्ध कराने के विषय पर विस्तृत समीक्षा की। डीएम ने समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि तीव्र अतिकुपोषित (सैम) श्रेणी के बच्चों में और अधिक सुधार कराये तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री तथा मुख्य सेविकायें सैम बच्चों की निगरानी करें। जिससे वह बच्चा दोबारा सैम श्रेणी में न आये। परियोजना कुठौन्द, कदौरा, माधौगढ़, रामपुरा, डकोर व कोंच द्वारा कोई भी सैम श्रेणी का बच्चा एनआरसी में भर्ती नहीं कराया गया है। अग्रिम समीक्षा बैठक तक सभी परियोजनाओं से सैम बच्चों में सुधार होना चाहिये अन्यथा सम्बन्धित सीडीपीओ व मुख्य सेविका का वेतन रोकते हुये प्रतिकूल प्रविष्टि कर दी जायेगी। समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि अपने गोद लिये आंगनबाड़ी केन्द्र पर निरीक्षण कर सूचना जिला कार्यक्रम कार्यालय में प्रेषित करें तथा निरीक्षण के समय हॉटकुक्ड फूड योजना के माध्यम से कितने बच्चों को गर्म भोजन दिया जा रहा है। इसका भी मूल्यांकन करेंगे। उन्होंने निर्देशित किया कि आंगनबाड़ी केंद्र के कायाकल्प आंकलन इंडिकेटर के सभी 18 पैरामीटर 15 दिन में पूर्ण करें। बैठक में सीडीओ, बीएसए, जिला पंचायत राज अधिकारी, डीआईओएस, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, गोद लिये आंगनबाड़ी हेतु नामित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी व समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे।

## फर्जी पासपोर्ट बनवाने के मामले में दो पर केस दर्ज

**जन एक्सप्रेस/एकौना,देवरिया।** शुक्रवार को एकौना पुलिस ने बकरुआ गांव के दो लोगों पर फर्जीबाड़ा कर पासपोर्ट बनवाने के आरोप में केस दर्ज किया। दोनों आरोपी तीसरी बार पासपोर्ट बनवाने की फिराक में थे। इसी बीच लखनऊ पासपोर्ट कार्यालय से आई जांच में पुलिस ने मामले का खुलासा किया। एक सप्ताह पहले भी क्षेत्र के लखनाघाट गांव में अमरनाथ यादव अपने दो पासपोर्ट के साथ पकड़ा गया।पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर एकौना थाने के एसआई अखिलेश कुमार यादव की तहरीर पर दर्ज हुए मुकदमे में बकरुआ गांव के जनार्दन कुमार यादव ने वर्ष 2016 में पासपोर्ट बनवाया था। दोबारा वर्ष 2017 में भी पासपोर्ट बनवाया। आरोपी ने दोनों बार माता- पिता के नाम पर परिवर्तन कर थाने से लेकर पासपोर्ट कार्यालय तक सत्यापन में धोखाधड़ी कर पासपोर्ट जारी कर विदेश यात्रा भी कर ली।गांव के ही धर्मनाथ ने भी दो बार फर्जी तरीके से पासपोर्ट बनवा लिया है। पुलिस की जांच में फर्जीबाड़ा मिलने पर दोनों आरोपियों पर रिपोर्ट दर्ज किया गया।

## सड़क हादसे में पुत्र की मौत दम्पति सहित तीन घायल

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे बड़ागांव के पास चालक ने ट्रक बेक करते समय सड़क किनारे खड़े ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो पर सवार दम्पति व दो पुत्रों में एक पुत्र की मौत हो गई। जबकि दम्पति सहित तीन लोग घायल हो गए। सुल्तानपुर जिले के नरपतगंज थाना क्षेत्र के ग्राम सेवरा निवासी मनोज कुमार 38 वर्ष अपनी पत्नी मीनू कुमारी 35 वर्ष पुत्र सतेंद्र व संतोष के साथ ऑटो से शुक्रवार की सुबह सूरत जा रहा था। जैसे ही ऑटो शहर कोतवाली क्षेत्र के बड़ागांव के पास पहुंचा। तभी लघुशंका के लिए मनोज ने ऑटो रोक दिया। इस दौरान ट्रक चालक ने लापरवाही के चलते ट्रक बेक करते समय खड़े ऑटो रिक्शा में टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार सभी लोग घायल हो गए, और उनमें चीख पुकार मच गई। घटना देखकर वहां से गुजर रहे राहगीरों ने ऑटो से सभी घायलों को निकालकर उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज पहुंचाया।

# जेल से छूटने पर अपराध की ओर न मुड़ सकें बंदी : राज्य मंत्री धर्मवीर

जन एक्सप्रेस । उरई



जिला कारागार में बंदियों को स्वावलंबी बनाने के लिए कौशल विकास मिशन योजना के तहत रोजगार दिलाने के लिए प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिससे जेल से छूटने पर वह अपराध की तरफ न जा सके। इस कौशल विकास मिशन प्रशिक्षण का शुभारंभ कारागार में यूपी सरकार के कारागार एवं होमगार्ड मंत्री धर्मवीर प्रजापति ने किया। शुभारंभ करने के बाद कारागार मंत्री ने कहा कि यूपी सरकार बंदियों के लिए रोजगार उपलब्ध करा रही है। जिससे वह जेल से छूटने के बाद अपराध की ओर न जा सके और अपना व्यवसाय खुद स्थापित कर सकें। कारागार एवं होमगार्ड्स (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति जेल में बंद बन्दियों से सीधे रूबरू हुए और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में तथा पूर्ण लगन के साथ प्रशिक्षित होने की सलाह दी। कार्यकम का संचालन कर रहे जेल अधीक्षक नीरज देव ने बन्दियों से मंत्री द्वारा दी गयी सलाह को आत्मसात कर एक बेहतर जीवन जीने की सलाह दी। इस दौरान कारागार मंत्री ने सभी बन्दियों को हनुमान चालीसा की पुस्तक अपने हाथों से भेंट की। इस दौरान कारागार मंत्री ने डीएम राजेश कुमार पाण्डेय, एएसपी असीम चौधरी, नगर मजिस्ट्रेट दिनेश कुमार के साथ बन्दियों को स्वेटर व जैकेट दिए। साथ ही कम्बल भी दिए जाने का अश्वासन भी दिया गया। अन्त में कारागार प्रशासन की ओर से जेल अधीक्षक द्वारा कारागार मंत्री का सम्मान किया।

# मखाना की खेती का तिलिस्मी रहस्य मिथिला से पहुंचा देवरिया

जन एक्सप्रेस । देवरिया



जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह की अनूठी पहल पर मखाना खेती का तिलिस्मी रहस्य जनपद देवरिया पहुँच गया है। सदियों तक मखाना की खेती पर बिहार के मिथिला क्षेत्र का एकाधिकार रहा है। आज तरकुलवा ब्लॉक के ग्राम पंचायत हरैया में प्रगतिशील मत्स्यपालक गंगा शरण श्रीवास्तव के तालाब में मखाना की बेहन (नर्सरी) तैयार करने के लिए बीज डाली गई। इसके साथ ही देवरिया मखाना खेती की शुरुआत करने वाला पूर्वांचल का प्रथम जनपद बन गया। इसके लिए मत्स्य विभाग के अधिकारी राष्ट्रीय मखाना अनुसंधान केंद्र दरभंगा से 25 किलो मखाना का बीज लेकर आये थे। बेहन की प्रक्रिया मत्स्य विभाग के सेवानिवृत्त सहायक निदेशक डॉ डीएन पांडेय की देखरेख में हुई। उन्होंने बताया कि देवरिया की मिट्टी, पानी और जलवायु दरभंगा क्षेत्र की ही तरह है। यहां मखाना की खेती में दरभंगा जैसी पैदावार संभव है। डॉ पांडेय ने बताया कि बेहन के लिए डाले गये मखाना के बीज स्वर्ण वैदेही प्रजाति की है, जिसे काला हीरा के नाम से भी जाना जाता है। मखाना मीठे जल की फसल है। आज डाले गए बीज की पौध फरवरी माह तक तैयार होगी जिसके बाद उसकी रोपाई की जाएगी। मखाना की फसल तैयार होने में नौ माह का समय लगता है और प्रति हेक्टेयर 28 से 30 क्विंटल पैदावार हासिल होती है। प्रति क्विंटल मखाना का बाजार मूल्य 35 से 40 हजार रुपये तक होता है।

मुख्य कार्यकारी अधिकारी मत्स्य विभाग नन्दकिशोर ने बताया कि मत्स्यपालकों द्वारा मखाना की खेती करने का उन्हें दोहरा लाभ मिलेगा मछली के साथ-साथ मखाना की उपज उनकी आय में बढ़ोतरी करेगी सीडीओ प्रत्यूष पांडेय ने कहा कि प्रथम चरण में मखाना की खेती के लिए आठ प्रगतिशील मत्स्यपालकों को चिन्हित किया गया है। इन सभी को कैपिसिटी बिल्डिंग के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा और मखाना की खेती से जुड़ी बारीकियों से अवगत कराया जाएगा। किसानों को साइट विजिट भी करायी जाएगी।

जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने जनपद में मखाना खेती की शुरुआत होने पर प्रसन्नता की। उन्होंने कहा कि कभी चीनी के कटोरे के नाम से मशहूर रहा जनपद देवरिया यहां के किसानों और मत्स्यपालकों के परिश्रम के चलते जल्द ही मखाना के लिए जाना जाएगा। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और आर्थिक तरक्की की नई राह खुलेगी।

# 150 फिट नीचे पत्थर खदान से गिरकर मजदूर की मौत

जन एक्सप्रेस । महोबा



संजय साहू की पत्थर खदान मे गिरकर एक 28 वर्षीय मजदूर की दर्दनाक मौत हो गयी है। मजदूर की मौत पर परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार बुड़ी गौहारी स्थित संजय साहू की पत्थर खदान मे दैनिक दहाड़ी पर मजदूरी कर रहे अनिरूद्ध पुत्र परमात्मादीन यादव उम्र 28 निवासी ग्राम धरौन जिला महोबा पहाड़ पर होल किये जाने के लिए सफाई कर रहा था। पहाड़ की मिट्टी हटाते समय अनिरूद्ध यादव का संतुलन बिगड़ा और लगभग 150 फिट नीचे पत्थर खदान मे जा गिरा जिससे शव के चीफड़े उड़ गये। घटना की सूचना पर पहुँची थाना कबरई पुलिस ने मृतक के शव को कब्जें मे लेकर आवश्यक कार्यवाही के उपरांत पुलिस अभिरक्षा मे पोस्ट मार्टम हेतु शव विच्छेदन गृह भेजा है। मृतक के परिवारिजनों तथा पत्नी व बच्चो को रो-रोकर बुरा हाल है। बताया जाता है कि अनिरूद्ध यादव सुरक्षा के कोई उपकरण नही पहने हुआ था और 150 फिट ऊपर पहाड़ पर चढ़कर पहाड़ पट्टे धारक के आदेश पर मिट्टी हटा रहा था ताकि ड्रिल मशीन से होल कर पहाड़ को तोड़ा जा सके। मिट्टी की सफाई करते समय अनिरूद्ध का संतुलन बिगड़ा और 150 फिट नीचे खदान मे जा गिरा और परिणाम स्वरूप शरीर के अंग कई जगह से टूट गये और गिरते ही दर्दनाक मौत हो गयी थी। पहाड़ की खदानो मे पट्टे धारको द्वारा मजदूरो से अत्यन्त जोखिम भरा कार्य तो कराया जाता है परंतु सुरक्षात्मक उपकरण उपलब्ध नही कराये जाते है जिस कारण सुरक्षात्मक उपकरण न होने से मजदूरों की पहाड़ खदानो मे मौते होती रहती है परंतु शासन प्रशासन मजदूरो की मौतो को रोकने के लिए कोई उचित कदम नही उठा रहा है।

## सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस/महोबा।** शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इण्टर कालेज का वार्षिक निरीक्षण सम्पन्न हुआ। निरीक्षक के रूप मे स0वि0मं0 इ0कॉलेज कर्वी चित्रकूट के प्रधानाचार्य रमेश चन्द्र तथा जानकी शरण मिश्र, राजेन्द्र कुमार मिश्र एवं कार्यालय प्रमुख गोदेलाल ने सर्वप्रथम वंदना सत्र का निरीक्षण किया। वंदना सत्र मे विद्यालय के छात्रों ने तबला, हरमोनियम नाल ढपली, झींका, मंजीरा बजाकर माँ सरस्वती की वंदना की जिसकी निरीक्षकों ने प्रशंसा की। तत्पश्चात चित्रकूट से आये प्रधानाचार्य रमेश ने छात्रों तथा आचार्यो को सम्बोधित करते हुए कहा कि विद्या भारती के विद्यालयों से ही समाज तथा देश आशांवित है। उन्होने कहा कि इन विद्यालयों मे छात्रों को संस्क़ारित शिक्षा के द्वारा एक अच्छा नागरिक बनाया जाता है। निरीक्षकों ने कक्षाओं का शिक्षण कार्य देखकर आचार्यो तथा प्रधानाचार्य कमलेश सिंह की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य कमलेश सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# किसी ने सच ही कहा, नशा नाश का कारण होता है

जन एक्सप्रेस । महोबा

**दिल्ली मे रहकर एक वर्ष तक मेहनत मजदूर कर कमाया रूपया जुआ में हार जाने से युवक ने ट्रेन से कटकर गंवाई जान**

दिल्ली मे रहकर वर्षो मेहनत मजदूरी करने के बाद घर आये युवक ने जुए की चल रही मण्डी मे पहुँचकर कमाई गयी रकम हार जाने पर टेऊ्न से कटकर आत्महत्या कर ली है।

जिले के गांव ग्रामो तक जुआ सट्टा और मादक पदार्थो के सेवन का रोग इस कदर फैल चुका है कि असमय युवक काल के गाल मे समाहित हो रहे है। जुआ शराब के विरूद्ध अनेकों समाजसेवी संस्थाओं द्वारा गांव ग्रामो मे पहुँचकर युवकों को जुआ तथा शराब जैसे विषन से दूर रहने तथा उनके घातक परिणामों से सचेत किये जाने के बावजूद जुए मे फैली यह बीमारी युवकों को अपने आगोश मे लेती जा रही है। समाजसेवी संस्थाओं द्वारा चलाये जा रहे अभियान नकाफी साबित हो रहा है। शहर हो या गांव 50 से 70 प्रतिशत तक युवक मादक पदार्थो के सेवन के आदि हो गये है।

मादक पदार्थो के सेवन के बाद जुआ सट्टा जैसे धन हरता मिशन को अपना रहे है। जिसकी परिनीति यह होती है कि जुए मे रकम हार जाने पर युवक अपनी जान भी गवा बैठते है तथा मादक पदार्थो के सेवन से भी युवकों की जाने जा रही है।

एक 25 वर्षीय युवक ने जुए मे अपनी और पत्नी की मेहनत की कमाई हार जाने पर टेऊ्न से कटकर आत्महत्या कर ली है।

इस घटना की पूर्व ही शहर के मुहल्ला बंधानवार्ड निवासी तीन युवक अत्याधिक मादक पदार्थो के सेवन से अपनी जान गवा बैठे है और उनके छोटे- छोटे बच्चे पिता के चले जाने पर बुरी तरह विलाप कर रहे है।

सदर तहसील क्षेत्र के ग्राम डहर्तमाफ निवासी अरविन्द्र बीते वर्ष अपनी युवा पत्नी को साथ लेकर दिल्ली गया हुआ था एक वर्ष तक कड़ी मेहनत मजदूरी करके घर आया तो मादक पदार्थो के सेवन के बाद जुए के फड़ मे जा पहुँचा और दिल्ली से खून पसीना बहाकर कमाया गया रूपया हार गया। इसी गम मे अरविन्द्र ने झॉसी मानिकपुर पैसेंजर टेऊ्न के सामने छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली है। आत्महत्या से पूर्व अरविन्द्र ने अपना वीडियों बनाकर वायरल भी किया है।

बताया जाता है कि दो वर्ष पूर्व अरविन्द्र की शादी हुई है घर की मालीय हालत होने के चलते बीते वर्ष दोनो पति पत्नी दिल्ली गये हुए थे। एक वर्ष तक कड़ी मेहनत मजदूरी करके कमाया गया रूपया गांव आकर जुए के फड़ मे पहुँचकर एक ही रात मे गवां बैठा था। अपनी इस बुरी आदत के चलते माता पिता और पत्नी को क्या जवाब देगा इसी उधेड़बुन के चलते टेऊ्न कटकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना पर पहुँची सदर कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे मे लेकर आवश्यक कार्यवाही कर पोस्ट मार्टम हाउस भेजा है।

## हालत बिगड़ने से ड्यूटी पर तैनात रेलवे कर्मचारी की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** शहर की रेलवे स्टेशन पर ड्यूटी कर रहे कर्मचारी की अचानक हालत बिगड़ने से मौत हो गई। घटना के बाद वहां मौजूद कर्मचारियों में हड़कंप मच गया, और सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहर के मोहल्ला शांति नगर निवासी अमर चंद्र 48 वर्ष रेलवे में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी था, और इन दिनों उसकी ड्यूटी शहर के रेलवे स्टेशन पर थी। बताया गया है कि वह रोज की तरह गुरुवार शाम को भी अपनी ड्यूटी कर रहा था। तभी ड्यूटी के दौरान अचानक उसकी हालत बिगड़ गई और वह अचेत होकर वहीं गिर गया। ड्यूटी पर तैनात कर्मचारी को अचेत अवस्था में देख अन्य कर्मचारियों में हड़कंप मच गया, और मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। मौजूद कर्मचारियों ने घटना की सूचना परिजनों को दी, और वह साथी कर्मचारी को को अचेत अवस्था में मेडिकल कॉलेज ले गए। जहां पर उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

# औद्योगिक विकास प्राधिकरण में तेजी लाने के लिए यूपीडा ने जनपद को दिया 50 करोड़

**जन एक्सप्रेस। अंबेडकर नगर**

लोहिया भवन सभागार अकबरपुर में यूपीडा के अधिकारी द्वारा जिलाधिकारी अविनाश सिंह को 50 करोड रुपए का चेक प्रदान किया जिलाधिकारी द्वारा इस पर प्रसन्नता व्यक्त की गई। उन्होंने कहा कि आगे की प्रक्रिया जल्द ही प्रारंभ की जाएगी। इसकी स्थापना जनपद को एक नई दिशा प्रदान करेगा। एमएलसी डॉ. हरिओम पांडे द्वारा आवंटित धनराशि के लिए मुख्यमंत्री को धन्यवाद ज्ञापित किया तथा जिलाधिकारी के प्रयास की सराहना की। भाजपा जिला अध्यक्ष त्र्यंबक तिवारी द्वारा इस पर खुशी जाहिर की



जनपद में औद्योगीकरण को मिलेगा बढ़ावा रोजगार के अवसर में होगी वृद्धि जनपद को मिलेगी प्रदेश में अलग पहचान मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप प्रदेश की वन ट्रिलियन डॉलर इकोनामी बनाए जाने के विजन के तहत जिलाधिकारी अविनाश सिंह के सराहनीय प्रयास से जनपद में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक कॉरिडोर को शासन द्वारा मंजूरी मिल गई है। मुख्यमंत्री द्वारा जहां अन्य जनपदों में एक कॉरिडोर का अनुमोदन किया गया है वहीं जनपद को प्राथमिकता देते हुए दो योजना का अनुमोदन हुआ है

इन कॉरिडोर के स्थापित होने से जनपद नोएडा/ ग्रेटर नोएडा की रेस में आ जाएगा। जिलाधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि कॉरिडोर की जमीनो से संबंधित किसानों के हितों का पूरा ख्याल रखा जाएगा। जनपद में पूर्व में औद्योगिक विकास प्राधिकरण व औद्योगिक कॉरिडोर की स्थापना के उद्देश्य से निरंतर प्रयास किया जा रहा है। इसी क्रम में 11 अगस्त को यूपीडा के प्रोजेक्ट डायरेक्टर पीपी वर्मा, असिस्टेंट प्रोजेक्ट डायरेक्टर सतेंद्र कुमार, एसडीएम यूपीडा अजय शंकर पांडे ,एसडीएम अकबरपुर पवन कुमार जायसवाल, एसडीएम आलापुर सौरभ शुक्ला, एसडीएम जलालपुर सुनील कुमार व तहसीलदार सहित पूरी टीम द्वारा गोरखपुर लिंक एक्सप्रेस-वे पर व बेवाना तहसील अकबरपुर, में औद्योगिक विकास प्राधिकरण के प्रयोजनार्थ भूमि का स्थलीय निरीक्षण किया गया था।

जनपद में पूर्व से एन0टी0पी0सी0 की यूनिट, एक सीमेन्ट फैक्ट्री एवं कई पावरलूम तहसील टाण्डा में सुचारू रूप से वर्तमान में संचालित है।

भविष्य में जनपद अयोध्या में श्री राम मन्दिर की स्थापना से आधारभूत संरचना का विकास व पर्यटन उद्योग को बढ़ावा मिलेगा, जिससे जनपद में होटल उद्योग सहित कई प्रकार के उद्योगों के पनपने की असीम सम्भावना है।पावलूम का हब होने के कारण कई बड़े कपड़ा उद्योग स्थापित किये जा सकते है।

औद्योगिक विकास प्राधिकरण हेतु प्रस्तावित स्थल पूर्वांचल एक्सप्रेस वे से लगभग 7 किलोमीटर और जिला मुख्यालय से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर है। इस प्राधिकरण की स्थापना से जनपद, राज्य स्तरीय एवं अन्य प्रदेशों के उद्यमियों को यहां आकर औद्योगिक इकाई लगाने में काफी आसानी होगी तथा यहां के लोगों को रोजगार के अवसर भी उपलब्ध होंगे। इसके साथ ही जनपद का चौमुखी विकास होगा। और नए विकास के द्वार खुलेंगे।

# संस्थापक सप्ताह के पांचवे दिन विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। तुलसीपुर बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर के तहसील तुलसीपुर मुख्यालय स्थित आदिशक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल में संस्थापक सप्ताह समारोह के पांचवें दिन शुक्रवार स्लो साइकिल रेस,कैरम बोर्ड एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।




जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को आदि शक्ति मां पाटेश्वरी पब्लिक स्कूल के संस्थापक सप्ताह के पांचवें दिन आयोजित प्रतियोगिताओं में स्लो साइकिल रेस कम्पटीशन कक्षा 4 से 6 बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर प्रशंसा सिंह दूसरे स्थान पर प्रियंका यादव तथा तीसरे स्थान पर दिव्यांशी शुक्ला रही। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अलोक यादव दूसरे स्थान पर सृजन सिंह तथा तीसरे स्थान पर अमित कुमार रहे। इसी प्रकार कक्षा 7 से 10 स्लो साइकिल रेस बालिका वर्ग में प्रथम स्थान पर वैष्णवी श्रीवास्तव दूसरे स्थान पर रंजना यादव तथा तीसरे स्थान पर प्रशस्ति गुप्ता ने बाजी मारी। बालक वर्ग में प्रथम स्थान पर अफान खान दूसरे स्थान पर दिव्यांश त्रिपाठी तथा तीसरे स्थान पर संयुक्त रूप से प्रशांत वर्मा एवं सूर्यांश प्रताप सिंह रहे। मार्बल रेस कक्षा 3और 4के बीच प्रतिस्पर्धा में प्रथम स्थान पर प्रगति कसौधन दूसरे स्थान पर मानवी मिश्रा तथा तीसरे स्थान पर अनुज चौधरी रहे। कैरम बोर्ड प्रतियोगिता कक्षा 4 से कक्षा 7 के बीच में हुआ जिसमें प्रथम स्थान पर अंशुल गुप्ता दूसरे स्थान पर ताबिश खान तथा तीसरे स्थान पर अर्पित रहे। सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान पर माज मुनीर दूसरे स्थान पर मानस गुप्ता तथा तीसरे स्थान पर उमंग श्रीवास्तव रहे। नृत्य प्रतियोगिता जूनियर वर्ग कक्षा 3 से 5 के बीच हुआ जिसमें प्रथम स्थान पर अमर कुमार दूसरे स्थान पर दीपेंद्र गुप्ता तथा तीसरे स्थान पर अनन्या श्रीवास्तव रही। सीनियर वर्ग में कक्षा 6 से कक्षा 12 तक में एंजेल मालवीय प्रथम स्थान तेजस्वी सिंह एवं मानवी सोनी संयुक्त रूप से द्वितीय स्थान तथा अनुश्री देव तृतीय स्थान पर रहे। सभी खेल प्रतियोगिताएं में छात्र छात्राओं के अच्छे प्रदर्शन के लिए विद्यालय के प्राचार्य डीपी सिंह के साथ में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओ में प्राची सिंह आकाश श्रीवास्तव, अमित गुप्ता, अंशिका त्रिपाठी, काजल मिश्रा बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए उपस्थित रहे।

# एमपीपी इंटर कॉलेज में आयोजित कैंप फायर कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एमपीपी इंटर कॉलेज में चल रहे वार्षिक स्काउट गाइड रैली कार्यक्रम में गुरुवार की देर शाम आयोजित कैंप फायर कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा नेता एमएललके पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर जेपी पांडेय ने किया। जानकारी के अनुसार नगर के एम पी पी इंटर कॉलेज में तीन दिवसीय (जनपदीय स्काउट और गाइड सर्वोत्तम कैडेट रैली) का आयोजन किया गया।



7 दिसंबर की देर शाम कार्यक्रम में आयोजित ग्रैंड कैंपफायर कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि तराई के ऑक्सफोर्ड कहे जाने वाले एम एल के पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पांडेय ने आयोजन समिति व स्काउट गाइड के कैडेट को बधाई व शुभ कामनाएं प्रेषित किया। इस अवसर पर जिला विद्यालय निरीक्षक गोविंद राम, एमपीपी इंटर कालेज के प्रधानाचार्य राकेश प्रताप सिंह म, जिला सचिव स्काउट गाइड मोहिउद्दीन अहमद सिद्दीकी व रैली संचालक सिराजुल हक सहित बिभीन्न विद्यालयो से आए छात्र छात्राएं उपस्थित रहे।

# फिट इंडिया मूवमेंट के तहत व्याख्यान का आयोजन

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

जनपद बलरामपुर जिला मुख्यालय के एम एल के पी जी बलरामपुर सभागार में भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत शुक्रवार को योगा एवं वैलनेस सेंटर, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में फिट योगा मेडीटेशन फ़ॉर आल विषय पर व्याख्यान व ध्यान सत्र का आयोजन किया गया। इस दौरान वक्ताओं ने योग की महत्ता पर प्रकाश डाला।



जानकारी के अनुसार 8 दिसंबर को भारत सरकार के फिट इंडिया मूवमेंट अंतर्गत महाविद्यालय में संचालित योगा वैलनेस सेन्टर, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना व खेल विभाग के द्वारा 04 दिसम्बर से 08 दिसम्बर तक फिट इंडिया सप्ताह मनाया जा रहा था। इसी क्रम में शुक्रवार को इसका समापन समारोह आयोजित किया गया। समारोह का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय व मुख्य नियंता प्रो0 पी के सिंह ने दीप प्रज्वलित कर एवं मां सरस्वती के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके किया। उपस्थित केडेटों, स्वयंसेवियों व छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रो0 पाण्डेय ने कहा कि मानव शरीर ईश्वर द्वारा प्रदत्त एक धरोहर है इसलिए इसको फिट रखना भी हमारी ही जिम्मेदारी है। योग व्यक्तित्व का विकास करने का सशक्त माध्यम है। मुख्य वक्ता विभागाध्यक्ष संस्कृत डॉ पूजा मिश्रा ने योग की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि गीता में बताया गया है कि- कर्म की कुशलता ही योग है। कार्यक्रम के संयोजक डॉ अवनीन्द्र दीक्षित ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन कर रहे डॉ स्वदेश भट्ट ने ध्यान सत्र के दौरान ताड़ासन, त्रियक ताड़ासन, कटिचक्रासन व पवनमुक्तासन का अभ्यास कराया। वहीं क्रीड़ा अध्यक्ष डॉ ऋषि रंजन पाण्डेय ने ध्यान के बारे में विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के सफल आयोजन मे एन एस एस कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनामिका सिंह, डॉ जितेन्द्र भट्ट, डॉ रमेश शुक्ल, एसोसिएट एन सी सी अधिकारी लेफ्टिनेंट (डॉ) देवेन्द्र कुमार चौहान, शिक्षक संघ के उपाध्यक्ष डॉ सुनील मिश्र व सह परीक्षा प्रभारी डॉ सुनील शुक्ल आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित: कमलेश श्रीवास्तव

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत महानगर के तीन स्थानों पर कैम्प का अयोजन किया गया। अम्बेडकर नगर व निषाद नगर वार्ड ग्रामीण क्षेत्र के कर्मा कोड़री में आयोजित कैम्प में विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी व भाजपा के पदाधिकारी मौजूद रहे। कैम्प में शिकायतकर्ताओं को शिकायतों को सूची बद्ध किया गया। भाजपा नेताओं द्वारा सरकारी योजनाओं के लाभार्थियों से सम्पर्क व संवाद किया गया।

उपस्थित जनसमूह को केन्द्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताया गया। अम्बेडकर नगर वार्ड में महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव मौजूद रहे। इस दौरान उन्होंने कहा कि सरकारी योजनाओं का लाभ सभी पात्र व्यक्तियों को बिना किसी भेदभाव दिया जा रहा है।

पं दीनदयाल उपाध्याय के अंत्योदय के सिद्धान्त पर पार्टी कार्य कर रही है। अंतिम व्यक्ति के उत्थान के लिए डबल इंजन की सरकार संकल्पित है। मंडल अध्यक्ष रवि सोनकर, रामकुमार सिंह राजू, कैम्प के संयोजक जयप्रकाश श्रीवास्तव सहसंयोजक जितेन्द्र निषाद सहित पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। निषाद नगर वार्ड में महिला मोर्चा की क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बसंती सिंह व अनूसूचित मोर्चा के अध्यक्ष सूरज सोनकर व पूरा क्षेत्र के कर्मा कोड़री में महानगर उपाध्यक्ष अरविंद सिंह कार्यक्रम संयोजक प्रदीप सिंह, दिनेश मिश्र आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रह कर जनसमुदाय से सम्पर्क व संवाद कर समस्या का निराकरण करवाया।

# अंतिम चरण में भक्ति पथ का निर्माण तीन दिन में काम हो जाएगा पूरा

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप अयोध्या में विकास कार्य तेज गति से चल रहा है। अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर में 22 जनवरी को रामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा होनी है। इससे पूर्व विभिन्न योजनाओं को पूरा करने में कार्यदायी संस्थाएं लगी हैं। श्रृंगार हाट से सीधे राम जन्मभूमि तक जाने के लिए बनाए जा रहे भक्तिपथ का कार्य इसी सप्ताह में पूरा हो जाएगा। इसके बन जाने से जन्मभूमि जाने वाले श्रद्धालुओं को भीड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा और सीधे मंदिर तक पहुंच हो सकेगी। इस मार्ग की खास बात यह रहेगी कि यह अयोध्या की प्रसिद्ध हनुमानगढ़ी मंदिर से होता हुआ जाएगा, जिससे श्रद्धालु हनुमानगढ़ी और राम जन्मभूमि मंदिर का दर्शन सहज रूप से कर सकेंगे।



अयोध्या में बन रहे विभिन्न महत्वपूर्ण पथों में भक्ति पथ का एक विशेष महत्व है। इसका कारण यह है कि यह मार्ग श्रृंगार हाट से सीधे हनुमानगढ़ी होते हुए राम मंदिर तक जाएगा। भक्ति पथ के निर्माण में 68.04 करोड़ रुपए की लागत लगाई गई है। यह पथ 742 मीटर लंबा बनाया गया है। लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता शशि सिंह का कहना है कि भक्ति पथ पर 29 नवंबर 2022 को निर्माण कार्य प्रारंभ किया गया था और इसे पूरा होने के लिए 10 दिसंबर 2023 का समय निर्धारित किया गया था। विभाग की ओर से रात दिन कार्य चलाकर इसे निर्धारित समय में पूरा करने का प्रयास किया गया है। उन्होंने बताया कि कार्य निर्धारित समय में पूरा हो जाएगा। उन्होंने बताया कि वैसे अभी फुटपाथ का कार्य चल रहा है लेकिन उसे भी तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा। यह कार्य धर्मार्थ विभाग की ओर से स्वीकृत बजट से कराया जा रहा है। जिसे लोक निर्माण विभाग पूरा कर रहा है। उन्होंने बताया कि फसाड लाइट का भी कार्य विकास प्राधिकरण की ओर से किया जा रहा है। लगभग 94 फ़ीसदी कार्य पूरा हो चुका है। शेष कार्य तीन दिन में पूरा कर लिया जाएगा।

## गांवों में आयोजित होगी ग्राम अदालत, चकबंदी वादों का होगा निस्तारण

**जन एक्सप्रेस/बलरामपुर।** जनपद के जिलाधिकारी अरविंद सिंह ने एक अनोखी पहल शुरू की है। उन्होंने जनपद के सभी गांव में ग्राम अदालत आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। इसके तहत गांव में ही चकबंदी अदालत के दौरान वादों का निस्तारण किया जा सकेगा। इसी के क्रम में उतरौला तहसील के गांव में ग्राम अदालत आयोजित की की जाएगी।

बताते चले कि जिगनाघाट तहसील उतरौला में 12 दिसंबर 2023 को ग्राम अदालत का आयोजन होगा। ग्राम अदालत में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी, चकबंदी अधिकारी, सहायक चकबंदी अधिकारी द्वारा किसी भी ग्राम से संबंधित चकबंदी वादों की सुनवाई की जाएगी। जिलाधिकारी महोदय ने निर्देश दिए हैं कि संबंधित अधिकारी निर्धारित समय पर ग्राम अदालत में पहुंचकर चकबंदी वादों का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेंगे।

# युवा बार संघ में अनिल शुक्ला बने अध्यक्ष, महामंत्री पद पर शिव योगी शुक्ला को मिली जीत

**शांतिपूर्ण ढंग से आयोजित हुआ युवा बार संघ का चुनाव**

**जन एक्सप्रेस। बलरामपुर**

शुक्रवार को जिला युवा बार एसोसिएशन का चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हुआ। वोटिंग के बाद देर शाम तक मतगणना हुई जिसमें अध्यक्ष पद पर अनिल शुक्ला तथा महामंत्री पद पर शिव योगी शुक्ला को जीत हासिल हुई। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर येक नाथ मिश्र विजयी हुए। अन्य पदों पर एकल नामांकन होने से सभी प्रत्याशी निर्विरोध निर्वाचित किए गए। विजयी प्रत्याशियों का अधिवक्ताओं ने मुंह मीठा कराकर उन्हें बधाई दी।



निर्वाचन अधिकारी अभय शेखर सिंह गुंजन व पुष्पेन्द्र पाण्डेय ने बताया कि जिला युवा बार संघ के चुनाव में 312 मतदाता शामिल थे। शुक्रवार को सुबह दस बजे से तीन बजे तक हुए मतदान में 309 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। मतदान के बाद आधे घंटे का अन्तराल रखकर 3ः30 बजे से मतगणना शुरू की गई, जो शाम 5ः30 बजे तक चली। अध्यक्ष पद पर अनिल शुक्ला को 221 मत मिले वहीं दूसरे नम्बर पर रहे अरविंद सिंह को 75 वोटों से ही संतोष करना पड़ा। इस प्रकार अनिल शुक्ला ने 146 मतों से एकतरफा जीत हासिल की। महामंत्री पद पर शिव योगी शुक्ल को 133 मत मिले। दूसरे नम्बर पर रहे ओम प्रकाश को 71 मत प्राप्त हुए। समय प्रसाद मिश्र को 70 व रणेन्द्र त्रिपाठी 38 मत मिले। शिव योगी शुक्ल ने ओम प्रकाश को 62 मतों से मात देते हुए चुनाव जीत लिया। वहीं वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर येक नाथ मिश्र को 171 मत मिले, जबकि दुर्गा प्रसाद यादव को 125 मतों से संतोष करना पड़ा। येक नाथ मिश्र ने 46 मतों से दुर्गा प्रसाद को हराकर जीत हासिल कर लिया। विजयी प्रत्याशियों को अधिवक्ताओं ने फूल माला पहनाकर उनका स्वागत किया। जिला युवा बार संघ के चुनाव परिणाम को जानने के लिए अधिवक्ताओं में उत्साह देखने को मिला। अंधेरा होने के बाद भी सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता अपनी-अपनी सीटों पर बैठकर व परिसरों में घूमकर परिणाम आने का इंतजार करते दिखाई पड़े। विजयी प्रत्याशियों को शासकीय अधिवक्ता कुलदीप सिंह, शशिकांत त्रिपाठी, राजेश मिश्र, सतीश श्रीवास्तव, मिथलेश त्रिपाठी, कार्तिकेय शुक्ल, मनीष पाण्डेय, विजय त्रिपाठी, मंगल प्रसाद, अतुल पाण्डेय, अंजनी कुमार मिश्र छोटू, रीतू मौर्या, अतुल सिंह सहित अन्य अधिवक्ताओं ने माला पहनाकर जीत की बधाई दी।

### विभिन्न पदों पर यह हुए निर्विरोध निर्वाचित

शेष पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ है। कार्य कारिणी सदस्य पद पर अतुल कुमार पाण्डेय, कनिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर विक्रम श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष पद पर अंकित शर्मा, संयुक्त सचिव बृजेश सोनी, मीडिया प्रभारी अखिलेश यादव, संगठन मंत्री अरुण चौहान, आडिटर हासिम रजा, अनुशासन मंत्री पंकज पाण्डेय व सांस्कृतिक सचिव पद पर आनंद सिंह निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं।

# डी.बी.टी. योजना ने बदली देश की तकदीर: रामचंद्र यादव

**जन एक्सप्रेस। रुदौली-अयोध्या**

मोदी सरकार नें गरीबों के उत्थान और उनकी तरक्की के लिए सैकड़ो योजनाओं को धरातल पर उतारा है सभी योजनाओं का पैसा डी.बी.टी. के माध्यम से गरीबों के खातों में जानें के कारण शत प्रतिशत धनराशि गरीबों को मिल रहा है जिससे पिछ्ले साढ़े नौ वर्षो में देश तेजी से तरक्की की राह पर चला है यह बातें विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत प्राथमिक विद्यालय बजौली मजरे सरैठा में मुख्य अतिथि के रूप में सभा को सम्बोधित करते हुए रुदौली विधायक रामचंद्र यादव नें कही।इस अवसर पर विधायक ने प्रधानमंत्री आवास योजना के दो लाभार्थियों को मकान की चाभी, स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत प्राप्त इज्जतघर के दो तथा किसान सम्मान निधि के आधा दर्जन लाभार्थियों को अपने हांथों से प्रमाण पत्र वितरित किया। इस अवसर पर जिला अनुसूचित मोर्चा अध्यक्ष किशोरी लाल भारती, ग्राम प्रधान अमरेश कुमार पप्पू, पूर्व अध्यक्ष प्रधान संघ रुदौली राम प्रेस यादव, ओमेश्वर प्रताप सिंह, सभासद कुलदीप सोनकर, पूर्व सभासद सुरेश श्रीवास्तव, विकास मिश्रा सहित कृषि विभाग रुदौली, स्वयं सहायता समूह, शिक्षा विभाग, नरेन्द्र कुमार मौर्या जे. ई. लघु सिचाई, एडीओ पंचायत सौरभ गुप्ता, सचिव राजीव गौतम, कृषि बिभाग से आत्मा राम चतुर्वेदी, संजय यादव, पंचायती राज विभाग, महिला एवं बाल विकास, ग्राम विकास विभाग, उद्योग विभाग, जिला अग्रणी बैंक, राजस्व, जल निगम, खाद्य और रसद, गैस एजेंसी, समाज कल्याण, ऊर्जा विभाग सहित अन्य विभाग के कर्मचारी और अफसर उपस्थित रहे।

**यंत्र अनुदान हेतु आवेदन की अंतिम तिथि 14 दिसंबर को**

# किसान भाई यंत्र अनुदान हेतु जल्द करें आवेदन: डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

उप कृषि निदेशक डॉ संजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जिन किसानो को यत्र अनुदान हेतु आवेदन करना था उसका इंतजार खत्म हो गया है अब सभी किसान भाई आवेदन कर सकते है द्य श्री त्रिपाठी ने बताया कि कृषि यंत्र वितरण हेतु लाभार्थी चयन से पहले आया पहले पाया व्यवस्था को समाप्त करके प्राप्त बुकिंग में से ई लॉटरी के माध्यम से लाभार्थी के चयन की व्यवस्था प्रारंभ है। कृषि यंत्रिकरण समस्त योजनाओं NFSM, SMAM NFSM, TBOS में कृषि



यंत्र कृषि रक्षा उपकरण कस्टम हायरिंग सेंटर हाईटेक हब फॉर कस्टम हायरिंग रेसिंग थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्मॉल गोदाम प्राप्त करने हेतु आवेदन की बुकिंग दिनांक 30 /11/ 23 को मध्य 12:00 बजे से प्रारंभ होगी। इच्छुक लाभार्थी कृषक द्वारा दिनांक 14 /12/ 23 को रात्रि 12:00 बजे तक आवेदन की बुकिंग की जा सकती है।

इच्छुक लाभार्थी कृषक विभागीय पोर्टल www.agriculture.up.gov.in पर यंत्र अनुदान हेतु टोकन निकालने हेतु लिंक पर क्लिक कर online आवेदन किया जा सकता है। कृषि यंत्रों के आवेदन हेतु बुकिंग किये जाने के लिए विभागीय पोर्टल पर प्राप्त करने का विकल्प होगा। यदि पोर्टल पर मोबाइल नंबर बंद होगा तो लाभार्थी के नये मोबाइल नंबर पर ओ0टी0पी0 प्राप्त करने का विकल्प दिया गया है।

इच्छुक लाभार्थी कृषक 30 नवम्बर 2023 से 14 दिसंबर 2023 तक की अवधि में प्राप्त समस्त बुकिंग की सूची से जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय कार्यकारी समिति के समक्ष लॉटरी के माध्यम से ब्लॉकवार लक्ष्य के सापेक्ष लाभार्थी का चयन किया जायेगा। लॉटरी स्थल की सूचना तिथि एवं समय की जानकारी समाचार पत्रों एवं अन्य मध्यम द्वारा सूचना प्रेषित की जाएगी।

## 11ब्लॉकों में कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारी

**जन एक्सप्रेस। अयोध्या**

उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद अयोध्या ब्लॉक स्तरीय निर्वाचन चुनाव का नामांकन प्रातः 11:30 बजे से जिला अध्यक्ष शिवजी वर्मा के अध्यक्षता व जिला मंत्री कमला प्रसाद यादव के संचालन में शुरू हुआ काउंटर नंबर एक पर पूरा बाजार निर्वाचन अधिकारी सुरेंद्र प्रताप यादव सह निर्वाचन अधिकारी इंदु माझी की देखरेख में पूरा बाजार में सभी पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए सभी पदाधिकारी इसी तरह मया बाजार ब्लॉक में भी कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचित निर्वाचित हुए तारुन ब्लॉक में भी कई पदों पर सीधी टक्कर तो कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए पदाधिकारी अमानीगंज ब्लाक में अध्यक्ष पद को लेकर सीधी टक्कर व कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचित हुए वही मिल्कीपुर ब्लॉक में भी अध्यक्ष पद को लेकर सीधी टक्कर दिखाई दे रही है कई पदों पर निर्विरोध निर्वाचन हुआ हर्टिन्गंज ब्लॉक पर अध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए व अन्य पदों पर भी निर्वाचित हुए रुदौली ब्लॉक पर अध्यक्ष पद पर सीधा मुकाबला है मवई ब्लॉक में पांचो पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए बीकापुर में पांचो पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए हैं बचे हुए पदों के लिए लोगों ने पर्चा दाखिल किया 11 ब्लॉक के लिए काउंटर नंबर दो पर निर्वाचन अधिकारी राम तीरथ यादव सह निर्वाचन अधिकारी उदयभान यादव काउंटर नंबर 3 अविनाश कुमार निर्वाचन अधिकारी सह निर्वाचन अधिकारी अनिल कुमार पांडेय काउंटर नंबर 4 राममिलन यादव निर्वाचन अधिकारी अरविंद सिंह इस तरह से 11 ब्लॉक के प्रत्याशी और कर्मचारियों काफी उत्साहित दिखे अपने-अपने काउंटर पर पर्चा जमा किया। नामांकन और चुनाव चिन्ह का आवंटन समय अनुसार 2:30 बजे तक संपन्न कर दिया गया।

# पुलिस ने छात्रों को बताया एनसीआर और एफआईआर में अंतर

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




**पूरनपुर।** नगर के गन्ना कृषक स्नातकोत्तर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों ने छात्र पुलिस अनुभवात्मक अधिगम कार्यक्रम के अंतर्गत कोतवाली पूरनपुर में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम का विषय एफआईआर, एनसीआर, साइबर क्राइम व सफाई अभियान रहा। पुलिस ने छात्रों को तमाम जानकारियां दीं।

कोमल सिंह और दीपिका ने छात्रों को बताया अगर कोई घटना हाती है और पीड़ित थाने तक पहुंचने में सक्षम नहीं है तो वह 112 पर कॉल करता है। तत्काल पुलिस पहुंचती है। यदि घटना निस्तारण योग्य न हो तो दोनों पक्षों को थाने लाकर शिकायत दर्ज कर विवेचना कर नियमानुसार कार्यवाही की जाती है। इन्हीं कार्रवाई में से एक है नॉन कॉग्निजेबल रिपोर्ट (एनसीआर) जिसे गैर-संज्ञेय अपराध सूचना कहते हैं। यह एफआईआर की ही तरह होती है जो किसी अपराध के घटित होने पर थाने में पीड़ित द्वारा दर्ज कराई जाती है। एफआईआर और एनसीआर मे यह अन्तर कि पुलिस द्वारा एफआईआर दर्ज करने के बाद उन्हें तमाम कानूनी शक्तियां मिल जाती हैं। पुलिस बिना वॉरंट के गिरफ्तार कर सकती है। जबकि एनसीआर दर्ज करने के बाद पुलिस को गिरफ्तार करने का अधिकार नहीं होता है। कोतवाली मे विभिन्न प्रकार के 75 रजिस्टर होते हैं जिनमें भिन्न-भिन्न सूचनाएं दर्ज की जाती हैं। पुलिस ने साइबर अपराध के बारे में भी छात्रों को बताया। कहा कि यह अपराध कंप्यूटर और नेटवर्क के माध्यम से किया जाता है। गैरकानूनी रूप से किसी की निजी जानकारी प्राप्त करना, जानकारी मिटाना, उसका गलत इस्तेमाल करना, फेरबदल करना, ऑनलाइन बैंक खातों से पैसे चुराना आदि हैं। इसलिए लोगों को मोबाइल फोन और कंप्यूटर का इस्तेमाल सावधानी से करना चाहिए। साइबर ठगी होने पर जल्द से जल्द 1930 पर कॉल करनी चाहिए। तत्पश्चात स्वयंसेवकों ने थाने में सफाई अभियान भी चलाया। इस दौरान शाहिद खान कार्यक्रम अधिकारी एनएसएस, संध्या देवी, सलोनी चौहान, साहेरीन बी, पूर्वी शर्मा, ज्योति, मनोज वर्मा, खुर्शीद रजा, संजीव वर्मा आदि शामिल रहे।

- गन्ना कालेज के छात्रों ने पूरनपुर कोतवाली पहुंचकर जुटाई जानकारी
- छात्रों ने कोतवाली परिसर में साफ-सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश

# राज्य सरकार हस्तशिल्पियों एवं उद्यमियों के लिए जोर-शोर से कार्य कर रही है: स्वामी प्रवक्तानंद

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र नाबार्ड द्वारा हस्तशिल्प सप्ताह समारोह की शुरूआत की गयी। इस अवसर पर कार्यक्रम जिला उद्योग केन्द्र पीलीभीत सम्पन्न किया गया। कार्यक्रम में विधायक स्वामी प्रवक्तानन्द ने दीप प्रवज्लन के साथ हस्तशिल्प सप्ताह की शुरूआत की। जिला विकास प्रबन्धक नाबार्ड, चन्द्र प्रकाश त्रिवेदी ने हस्तशिल्पियों को आरटीजन कार्ड बनाने हेतु प्रेरित किया एवं यह अवगत कराया कि आरटीजन कार्ड से हैण्डीक्राफ्ट विभाग द्वारा आयोजित देश के विभिन्न मेलों में निःशुल्क प्रतिभाग किया जा सकता है एवं मेले में जाने हेतु व्यय भी सरकार द्वारा दिया जाता है जिससे हस्तशिल्पी अपने उत्पादों को राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में पहचान दिला सकें। डिप्टी कमिश्नर इण्डस्ट्रीज आत्मदेव शर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि आरटीजन कार्ड बनवाना आप सभी हस्तशिल्पियों का अधिकार है एवं यह निःशुल्क बनता है। यदि आपका आरटीजन कार्ड नही बना है तो आप अपना आवेदन जिला उद्योग केन्द्र पीलीभीत में भरकर जमा कर सकते है। इसके अतिरिक्त ओ0डी0ओ0पी0 कनेक्ट कार्यक्रम के अन्तर्गत आप सभी अपना रजिस्ट्रेशन अनिवार्य रूप से करा ले, जिससे विभागीय योजनायें जैसे ऋण प्राप्त करने में सब्सिडी मेले/प्रदर्शनी में सहभागिता इत्यादि लाभ आप तक पहुच सकें। विधायक स्वामी प्रवक्तानंद ने हस्तशिल्पियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार हस्तशिल्पियों एवं उद्यमियों के लिए जोर-शोर से कार्य कर रही है। चाहे वह हस्तशिल्प पेंशन योजना हो या फिर वुड एवं बॉसुरी के उत्पादों को ओ0डी0ओ0पी0 योजनान्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय पहचान दिलाना है। सरकार की मंशा प्रत्येक हस्तशिल्पी/उद्यमी को बढ़ावा देना है एवं उसके लिए हस्तशिल्प सप्ताह समारोह जागरूकता अभियान जिला उद्योग केन्द्र द्वारा चलाया जा रहा है। कार्यक्रम के उपरान्त जिला उद्योग केन्द्र में हस्तशिल्पियों के आरटीजन कार्ड बनवाने हेतु भीड़ लग गयी एवं सभी ने ओ0डी0ओ0पी0 कनेक्ट के फार्म भरें। सभी हस्तशिल्पियों को जलपान की व्यवस्था जिला उद्योग केन्द्र द्वारा की गयी। कार्यक्रम में शिवराम प्रसाद सहायक प्रबन्धक, शिवराम सिंह कनिष्ठ सहायक उपस्थित रहे।

# खाना बनाने का हुनर दिखाएंगी परिषदीय स्कूलों की रसोईयां

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

- कल जिले पर कराई जाएगी रसोईया पाक कला प्रतियोगिता
- जिलेभर के परिषदीय स्कूलों की 30 रसोईयां लेंगी हिस्सा, बीएसए ने जारी किए निर्देश

**पूरनपुर।** परिषदीय स्कूलों में कार्यरत रसोईयां खाना बनाने का हुनर विभागीय अधिकारियों को भी दिखाएंगी। इसके लिए कल 10 दिसंबर को जिले पर पाक प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसमें जिलेभर के परिषदीय स्कूलों की 30 रसोईयां प्रतिभाग करेंगी। इनमें पूरनपुर की भी चार रसोईयां शामिल हैं। पाक कला प्रतियोगिता के सफल आयोजन को लेकर बीएसए ने बीईओ को निर्देश जारी किए हैं। बेसिक शिक्षा परिषद से संचालित परिषदीय प्राथमिक, उच्च प्राथमिक और कंपोजिट स्कूलों में अध्ययनरत बच्चों को रसोईयों द्वारा मध्यान्ह भोजन परोसा जा रहा है। शासन से जिला स्तर पर रसोईया पाक कला प्रतियोगिता कराने के निर्देश हुए हैं। इसको लेकर जिलेभर के परिषदीय स्कूलों में कार्यरत 30 रसोईयों को चिन्हित किया गया है। इसमें पूरनपुर के परिषदीय प्राथमिक स्कूल खाता की कुसमा देवी, शेरपुरकलां व पुरैना ताल्लुक महाराजपुर के उच्च प्राथमिक स्कूल की जाहिरा बेगम व सरिता देवी और अमरैयाकलां के कंपोजिट स्कूल की सोमवती को भी अपने हुनर का प्रदर्शन करने का मौका मिला है। पाक कला प्रतियोगिता के संबंध में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह द्वारा जिले के सभी बीईओ को निर्देश जारी किए गए हैं। पत्र में कहा गया है कि 10 दिसंबर सुबह नौ बजे से जनपद स्तर पर जिला बेसिक कार्यालय परिसर में प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसमें चिन्हित स्कूलों की रसोईयों की उपस्थिति अनिवार्य है जो ऐप्रिन, ग्लब्स के साथ-साथ पटा, बेलन, तबा, चिमटा लेकर आएंगी। बिना एप्रिन व ग्लब्स के साथ आने वाली रसोइयों को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा। यह सामान रसोईयों को उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी स्कूल के प्रधानाध्याक, इंचार्ज अध्यापक की है। प्रतियोगिता स्थल तक आवागमन के लिए रसोईयों को भत्ता दिया जाएगा। पत्र में चिन्हित स्कूलों की रसोईयों को समय पर प्रतियोगिता में शामिल कराने के निर्देश दिए गए हैं। बीएसए अमित कुमार ने बताया कि 10 दिसंबर को जिले पर रसोईया पाक कला प्रतियोगिता कराई जाएगी। इसमें जिलेभर के परिषदीय स्कूलों की 30 रसोईयां शामिल होंगी। प्रतियोगिता के संबंध में सभी बीईओ को निर्देश दे दिए गए हैं। किसी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मेजर अमर बहादुर सिंह की पुण्यतिथि मनाई गई

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सिंगरामऊ बाजार के स्टेशन रोड पर स्थित मेजर अमर बहादुर सरस्वती सिंह गर्ल्स सेंट्रल एकेडमी परिसर में वरिष्ठ पत्रकार व प्रवक्ता मेजर अमर बहादुर सिंह की 15 वीं पुण्यतिथि उपस्थित लोगों द्वारा श्रद्धांजलि देकर मनाई गई। जिसमें दर्जनों वरिष्ठ नागरिकों को अंगवस्त्रम भेंट कर सम्मानित किया गया। वहाँ पर आयोजित कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गंगा प्रसाद सिंह ने



कहाकि इनकी सहृदयता व कार्यकुशलता का पूरा क्षेत्र कायल रहा है। वे हमेशा से समाजसेवा व पत्रकारिता के क्षेत्र में लगे रहे। आयोजक ज्ञानंजय सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अंत में विद्यालय के प्रबंधक डॉ. संजय सिंह ने सभी को अंगवस्त्रम भेंट कर समानित किया। समन्वयक राम आसरे सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया। वहां पर प्रधानाचार्य डॉ. जगदीश प्रसाद सिंह, बजरंग प्रताप सिंह, प्रवक्ता संजय कुमार सिंह, प्रधान संजय कुमार सिंह, विनय कुमार सिंह, शैलेन्द्र सिंह, पिंटू सिंह प्रधान, पूर्व प्रधान मनोज कुमार सिंह, डॉ. अभिषेक वर्मा, वरुण सिंह, संतोष मिश्रा, अजय सिंह सहित विद्यालय परिवार के लोग उपस्थित रहे।

### इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस व सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन के उपचार व रोकथाम प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। सरायख्वाजा जौनपुर।उमानाथ सिंह स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय, जौनपुर में शुक्रवार को इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस तथा सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन के उपचार एवं रोकथाम हेतु आउटसोर्स कर्मचारी,व पैरामेडिकल के छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन मेडिकल कालेज के प्रधानाचार्य प्रो0 डा0 शिव कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 ए0ए0 जाफरी एवं आउटसोर्स प्रभारी डा0 उमेश सरोज के दिशा निर्देश में डा0 अरविन्द पटेल, सहायक आचार्य , एनेस्थीसिया विभाग और डा0 विनोद कुमार, विभागाध्यक्ष, जनरल मेडिसिन विभाग के द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूवात डा0 विनोद कुमार द्वारा पी0पी0टी0 के माध्यम से इन्फ्लूएंजा लाइक इलनेस तथा सीवियर एक्यूट रेस्पिरेटरी इन्फेक्शन के उपचार एवं रोकथाम पर विस्तृत चर्चा करते हुए किया गया। तथा डा0 अरविन्द पटेल द्वारा मानव के शरीर में आक्सीजन की उलब्धता एवं महत्व पर प्रकाश डालते हुए बेसिक टर्मिनोलॉजी एवं आक्सीजन फ्लोमीटर तथा अन्य महत्वपूर्ण उपकरणो के उपयोगिता के बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया। इस अवसर पर डा0 हमजा अंसारी, डा0 जितेन्द्र कुमार, डा0 आशुतोष सिंह, डा0 चन्द्रभान चन्द्रा, डा0 विनोद वर्मा एवं अन्य चिकित्सक तथा समस्त आउटसोर्स कर्मचारी,व पैरामेडिकल छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

### बाईपास निर्माण का ग्रामीणों ने किया विरोध

जन एक्सप्रेस। जौनपुर/मछलीशहर। वाराणसी एनएच 731 बी निर्माण के लिए जंघई मे बन रहे बाईपास का ग्रामीणों ने मुआवजा सही नहीं मिलना बता कर विरोध किया जिस पर मौके पर पहूचे एडीएम ने ग्रामीणों को समझाया। मछलीशहर से वाराणसी तक एनएच 731बी का निर्माण640 करोड के बजट से होना है इसके लिए जंघई मे बाईपास प्रस्तावित है। स्वास्तिक कन्ट्रक्शन कम्पनी द्वारा बाईपास निर्माण के लिए चिन्हाकन का काम जेसीबी से शुरू किया गया है जिस पर बभनियांव गाँव के किसान रामसजीवन यादव कमलेश कुमार नन्हकऊ शुक्ला कल्लू सुभाष अभिमन्यु संजय खेदू धोबी वीरेंद्र कुमार सिह धर्मराज अरविंद फोटू यादव तथा सेमरी गाँव के श्याम सुन्दर मुनेश्वर ने बाईपास निर्माण का यह कह कर विरोध किया की लोगो को मुआवजा ठीक से नही बनाया गया है जिसकी जमीन ज्यादा गयी है उसको कम तथा जिसकी जमीन कम है उसको ज्यादा मुआवजा दिया जा रहा है तथा एक रकबे मे कई लोगो का नाम है मुआवजा सब को दिया जा रहा है जबकी जमीन एक व्यक्ति की जा रही है जिसकी जमीन जाय सिर्फ उसे मुआवजा दिया जाय लोगो ने इस गाँव मे लगे राजस्व कर्मियों पर भी गलत मुआवजा बनाने का आरोप लगाकर काम रोकवा दिया जिसकी जानकारी मिलने पर स्वास्तिक कन्ट्रक्शन कम्पनी के अनिल राय एनएच के अवर अभियन्ता ओपी प्रसाद मौके पर पहुच कर राजस्व अधिकारियों को सूचना दी तो मौके पर एडीएम गणेश सिह एसडीएम मछलीशहर राजेश कुमार चौरसिया मौके पर पहुच गये। एडीएम ने ग्रामीणों को समझाया की आप लोग निर्माण होने दी जिसे जो कमियां है उसको दूर करा दी जायेगी। तब ग्रामीणों माने। एडीम गणेश सिह का कहना है की सभी की पत्रावली एसडीएम के यहा भेज ठीक कराने का निर्देश दिया गया है।

### एसी एसटी का मुकदमा दर्ज, जमीनी विवाद का आरोप

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। मछलीशहर कोतवाली के खाखोपुर गांव में पुरानी रंजिश को लेकर मन बढ़ युवक ने दलित युवक की पिटाई कर दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। कोतवाली क्षेत्र के सरायमालिक गद्दों निवासी सुरेश गौतम ने खाखोपुर गांव निवासी लक्ष्मण यादव पर बीती रात पुरानी जमीनी विवाद में हुए रंजिश को लेकर गाली गलौज देने के साथ जाति सूचक शब्दो का उपयोग कर मारने पीटने का आरोप लगाया है। पुलिस ने सुरेश गौतम की तहरीर पर लक्षण यादव के खिलाफ एसी एस्टी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर छानबीन जुट गई है।मामले बाबत प्रभारी निरीक्षक यजुवेंद्र सिंह ने बताया मामले की जांच चल रही है। जल्द ही आरोपित की गिरफ्तारी की जाएगी।

# बिना परमीशन के सात पेड़ सागौन के काटे, केस दर्ज

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



**पूरनपुर।** बिना परमीशन के सात पेड़ों का कटान कर लकड़ी को ठिकाने लगा दिया गया। वन विभाग ने जानकारी पर जांच पड़ताल की। इसमें लकड़कट्टे की मनमानी उजागर हुई। वन विभाग की तरफ से दो लोगों पर विभागीय केस दर्ज किया गया है। पूरनपुर और कलीनगर तहसील क्षेत्र में हरियाली के सफाया पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लग पा रहा है। जबकि शासन से हरियाली के संरक्षण पर बेहद जोर दिया जा रहा है। आरोप है कि लकड़ी ठेकेदार स्थानीय पुलिस और वन विभाग के कुछ लोगों से मिलीभगत कर हरे-भरे पेड़ों का कटान कर रहे हैं। माधोटांडा क्षेत्र के गांव डगा के उत्तर दिशा में स्थित नहर पटरी के पास बुधवार की रात सागौन के पेड़ों का सफाया कर दिया गया। अगले दिन तड़के पेड़ों की लकड़ी को भी ठिकाने लगा दिया गया। इसके बाद सामाजिक वानिकी के अधिकारियोंको जानकारी ली। इसपर जांच पड़ताल की गई तो पेड़ों का कटान बिना परमीशन के होना पाया गया।

> गांव डगा में सात पेड़ सागौन के बिना परमीशन के काटे जाने की जानकारी मिली है। मकशूद खां और आशिफ खां पर वन अधिनियम के तहत केस दर्ज किया गया है। आशंका है कि सात से अधिक पेड़ काटे गए हैं। आज खुद मौके पर जाकर जांच करेंगे।
> **पीयूष मोहन श्रीवास्तव**
> रेंजर सामाजिक वानिकी पूरनपुर

# तालाब पर किए गए अतिक्रमण पर डीएम के निर्देश पर चला बुलडोजर



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

महराजगंज क्षेत्र के ग्राम मस्थरी में तालाब खाते की जमीन पर तीन लोगों द्वारा किए गए अवैध कब्जे को तहसीलदार राकेश कुमार ने जिलाधिकारी अनुज कुमार झा के निर्देशन पर पुलिस बल की मौजूदगी में शुक्रवार को ढहवा दिया। घटना को लेकर मौके पर हड़कम्प मच गया। मस्थरी गाँव निवासी कमलाकान्त मिश्र ने पिछले तहसील दिवस पर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा को शिकायती पत्र सौंपते हुए आरोप लगाया था की गाँव में स्थित तालाब पर दशकों से उनका पट्टा चला आ रहा है। किन्तु उक्त तालाब के दस डिसमिल जमीन पर गाँव के दयाराम पुत्र रामखेलावन, रमाकांत पुत्र रामखेलावन एवं चन्द्रशेखर पुत्र सीताराम ने अवैध ढंग से पक्का निर्माण कर कब्जा कर लिया है। जिलाधिकारी ने तहसीलदार को निर्देशित किया कि विधिक कार्यवाही कर अवैध कब्जे को बेदखल करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी के आदेश के क्रम में तहसीलदार ने लेखपाल सत्येंद्र शुक्ला, शिवकुमार सरोज, तथा पुलिस बल के साथ अवैध कब्जे को बुलडोजर लगा कर जमींदोज कर दिया। तहसीलदार ने अन्य लोगों को भी चेताया कि यदि सार्वजनिक जमीन पर किसी ने अवैध कब्जे किया है तो तत्काल हटा लें। अन्यथा शिकायत पर उनके खिलाफ भी कार्यवाही की जाएगी।



# प्रवक्ता पुष्पराज के प्रयास से भूगोल प्रयोगशाला की हुई शुरुआत

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

बरखेड़ा के पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय मॉडल इंटर कॉलेज रामनगर जगत में भूगोल प्रयोगशाला का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर आज के अतिथि ग्राम प्रधान कुंदन लाल मौर्य, क्षेत्र पंचायत सदस्य धर्मेंद्र शर्मा व विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेश पांडेय ने फीता काटकर प्रयोगशाला का शुभारंभ किया। प्रवक्ता पुष्पराज मिश्रा ने भूगोल के महत्व व उपयोगिता के विषय में जानकारी दी। बताया कि जो सिद्धांत आप कक्षा में पढ़ते हैं, उन्ही का अनुप्रयोग प्रयोगशाला मे किया जाता है। इस अवसर पर कक्षा 11 और 12 के छात्रों ने मॉडल भी तैयार किया। छात्रों ने प्रदर्शनी में ग्लोब, मिट्टी की परतें, अक्षांश व देशांतर के जाल, सांस्कृतिक भू-आकृति, पृथ्वी की आंतरिक संरचना, जैव मंडल, आधुनिक प्रदूषण के कारण, वायु प्रदूषण, ध्वनि प्रदूषण, ग्लोबल वार्मिंग, नदियों का जाल आदि मॉडल बनाए। अंत में प्रधानाचार्य वीरेश पांडेय ने सभी अतिथियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए छात्रों को उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस दौरान शिक्षक विकास अवस्थी, संजय कुमार, दिलीप कुमार, शिवम मिश्रा, अनिल यादव, कमलेश कुमार, कुशल पाल उपस्थित रहे।

# लाभार्थियों से रू-ब-रू हुए राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार

- भारत विकसित संकल्प यात्रा का ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



भारत विकसित संकल्प यात्रा के ब्लाक स्तरीय कार्यक्रम के अन्तर्गत आज ललौरीखेड़ा ब्लाक के ग्राम सरौरी एवं गौनेरीवदी में कार्यक्रम में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने लाभार्थियों से रू-ब-रू होकर सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी हासिल की और लाभार्थियों से वार्ता की। इस मौके पर उन्होनें कहा की भाजपा की डबल इंजन सरकार गांव गरीब मजदूर और किसानों के लिए कल्याणकारी योजनाऐं चलाकर उनका लाभ पहुचानें का कार्य कर रही है। उन्होनें कहा की सरकार की आयुष्मान योजना, आवास योजना, सहित तमाम ऐसी योजनाऐं है जो गरीबों को सीधे लाभ पहुचा रही है। उन्होनें कार्यक्रम में मौजूद प्रशासनिक अधिकारियों से कहा की सरकार की योजनाओं का सीधा लाभ गरीबों तक पहुचे इसके लिए प्रभावी एवं पारदर्शी कार्यवाही किया जाना सुनिश्चित करें ताकि आमजनों को बिना भेदभाव के सरकार की योजनाओं का लाभ समुचित ढंग से मिल सके। इस मौके पर राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कृषि एवं अन्य विभागों के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में एस0डी0एम0 सदर, खण्ड विकास अधिकारी, ललौरीखेड़ा ब्लाक प्रमुख अजय सिंह गंगवार, ग्राम प्रधान नरेन्द्र कुमार, पूर्व प्रधान रामपाल, बी0डी0सी0 धर्मपाल, सुमित कुमार, रोहिताश, प्रेमपाल आदि मौजूद रहें।

# प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के अनारम्भ आवासों का चेयरमैन ने किया भूमि पूजन



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर जिलाधिकारी अनुज कुमार झा एवं डूडा के परियोजना निदेशक गणेश प्रसाद सिंह के कुशल निर्देशन में शुक्रवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के अन्तर्गत लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास निर्माण (बी0एल0सी0) घटक के अवशेष अनारम्भ आवासां का भूमि पूजन बी0आर0पी0 कालेज के मैदान में तथा बदलापुर पड़ाव पर डूडा द्वारा आयोजित भूमि पूजन कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मनोरमा मौर्य, अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद जौनपुर द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि मनोरमा मौर्य ने कहा कि शासन द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी के तहत देश के शहरी गरीबों को छत देने का कार्य किया जा है। मौके पर मौजूद डूडा विभाग की सी0एल0टी0सी0 सोनी वर्मा ने प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना के संदर्भ में उपस्थित जन समूह को विस्तार से बताया। डूडा के शहर मिशन प्रबन्धक जितेन्द सिंह ने मुख्य अतिथि मनोरमा मौर्य के कर कमलों द्वारा आवास के लाभार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित कराया गया। इस अवसर पर चेयरमैन के प्रतिनिधि डा0 रामसूरत मौर्य, आर0आई0 दीपक कुमार, घनश्याम, डीपीएम खुशबू, डी0सी0 अजय वर्मा, ए0डी0सी0 अभिषेक श्रीवास्तव, जे0ई0 आशुतोष कुमार, नवनीत, बृजनन्दन स्वरूप, संदीप चौधरी सहित न0पा0प0 जौनपुर एवं डूडा के तमाम स्टाफ एवं स्थानीयजन मौजूद रहे।

# जिलाधिकारी ने जन चौपाल लगाकर लोगों की सुनी समस्याएं संबंधित को दिया दिशा निर्देश

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत विकासखंड महराजगंज की ग्राम पंचायत बिझवट में जनचौपाल का आयोजन किया गया। जनचौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी अनुज कुमार झा ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का प्रमाण-प्रत्र वितरित किया। जिलाधिकारी ने शासन के द्वारा संचालित योजनाओं की विभागवार समीक्षा की और ग्रामीणों से इसकी जमीनी हकीकत भी जानी। गांव में हैण्डपम्प के खराब होने की शिकायत आई जिस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जल्द से जल्द इसे ठीक कराने के निर्देश दिये। गांव में बने सामुदायिक शौचालय पर इसके खुलने एवं बन्द होने का समय लिखवाने का निर्देश सचिव को दिया। जिलाधिकारी के द्वारा गर्भवती संगीता एवं पूजा की गोदभराई एवं बच्चो



अथर्व और अंकित को अन्नप्रासन कराया गया। जनचौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय स्टाल लगाया गया। जिलाधिकारी के समक्ष ड्रोन के माध्यम से डीएपी एवं यूरिया के छिडकाव का प्रदर्शन भी किया गया। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन किसानों की प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की किस्त नही प्राप्त हो रही है, इसका कारण केवाईसी का अपडेट न होना व आधार का बैंक से सीडिंग न होना हो सकता है, ऐसे व्यक्ति जनचौपाल में लगे कैम्प में आकर अपनी समस्या का निराकरण करा सकते है। उप परियोजना निदेशक आत्मा डा. रमेश चन्द्र यादव द्वारा अवगत कराया गया कि पीएम किसान सम्मान निधि के कुल 583 लाभार्थी पंजीकृत है जिन्हे योजना का लाभ प्राप्त हो रहा है। सरकार अब नियमित सम्मान निधि के लिए ई-केवाईसी, भूमि का सत्यापन एवं बैंक खाता आधार सीडेड होना अनिवार्य कर दिया गया है, गांव में 31 कृषकों की ई-केवाईसी एवं 17 कृषकों का खाता, आधार सीडेड नही है।

# शराब में मिलावट बनी मौत का कारण मुकदमा दर्ज कर चार भेजे गए जेल

* शराब पीने के बाद हालत बिगड़ने से हुई थी दो की मौत, तीसरा है गंभीर
* मृतक के बेटे की तहरीर पर हत्या और शराब में मिलावट की धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा

जन एक्सप्रेस फॉलो अप

दीप कृष्ण शुक्ला




### बीती शाम ही ठेका हुआ था सील

आईजी के आने के बाद हरकत में आई पुलिस ने तेजी दिखाते हुए बीती देर शाम ही देशी शराब ठेका सील कर दिया था। हालांकि तब बताया गया था जांच में स्टॉक व अन्य किसी प्रकार की छेड़छाड़ न हो इसलिए यह कार्रवाई की गई है।

### थानाध्यक्ष, हल्का इंचार्ज और बीट सिपाही निलंबित

एसपी सिद्धार्थ शंकर मीना ने इस मामले में कार्रवाई करते हुए सोहरामऊ थानाध्यक्ष बदल दिया है। अवधेश सिंह को हटा कर पीआरओ एसपी रहे कमल किशोर दुबे को सोहरामऊ थाने की कमान सौंपी गई है। इसके अलावा हल्का इंचार्ज समेत दो बीट सिपाहियों पर भी निलंबन की कार्रवाई की गई है।

**उन्नाव।** सोहरामऊ थाना क्षेत्र में संदिग्ध हालातों में शराब पीने से तीन लोगों की हालत बिगड़ने पर दो की मौत के मामले में आखिरकार पुलिस ने यह मान लिया है घटना की मुख्य वजह मिलावटी शराब रही। इस मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजने की कार्रवाई की है। उनके पास से पुलिस ने मिलावटी शराब बनाने में प्रयोग होने वाली सामग्री भी बरामद की है। सोहरामऊ थाना क्षेत्र के हिम्मतगढ़ मजरा बिचपरी निवासी हुलासी पुत्र छोटा, पृथ्वीपाल और जयकरन पुत्र गण पतिलाल ने एक साथ शराब पी थी। जिसके बाद तीनो की अचानक तबीयत खराब हो गयी। तीनों को लगातार उल्टियां हो रही थी। जिनमें एक की लखनऊ के निजी अस्पताल दूसरे की जिला अस्पताल लाते समय मौत हो गई थी। तीसरे की हालत बिगड़ते देख उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। डॉक्टर ने हालत में सुधार न होने पर कानपुर हैलेट रेफर कर दिया था। जहां पर अभी तक उसका इलाज चल रहा है। गुरुवार को डीएम, एसपी, जिला आबकारी अधिकारी, एसडीएम, सीओ आदि अधिकारी गांव पहुंचे थे। देर शाम आईजी लखनऊ रेंज तरुण गाबा भी गांव पहुंचे। परिजनों और ग्रामीणों से जानकारी लेने के बाद उन्होंने थाने में मातहतों से पूरे घटनाक्रम की जानकारी ली साथ ही तथ्यों के आधार पर दोषियों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। इस मामले में अब तक चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जिनमें राजकुमार पुत्र स्व. तेजबहादुर सिंह निवासी तुलापुर पीपरपुर अमेठी, टिंकल पुत्र उमाशंकर यादव निवासी तेरवा थाना बेहटामुजावर, रवि पुत्र वीरभद्र सिंह निवासी एरायां थाना सुल्तानघोष फतेहपुर, कृष्णा जायसवाल पुत्र रामसजीवन निवासी माड़ापुर बांगरमऊ थाना एफ-84 शामिल है। मृतक के बेटे की तहरीर के आधार पर थाना सोहरामऊ पर शराब में मिलावट करने और हत्या की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने शराब ठेके से 15 देशी क्वाटर शराब दीवाना ब्राण्ड, 96 ढक्कन, 1 पेचकस, 1 अनुजा ब्रान्ड रंग की डिब्बी बरामद की है। सीओ सिटी आशुतोष कुमार ने बताया कि मिलावटी शराब के कारण मृत्यु हो गई थी जबकि एक एडमिट है। इस संबंध में तहरीर के आधार पर मुकदमा लिख लिया गया है। चार लोगो को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया गया है। आगे जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

### आबकारी विभाग का अपना अलग ही राग

इस घटना में आबकारी विभाग अलग ही राग अलाप रहा है। विभाग का कहना है स्टॉक और बिक्री के मिलान के हिसाब से पांच से सात दिसंबर के बीच तीन हजार से अधिक पौवे बिके है। अगर शराब मिलावटी या जहरीली होती तो और भी केस सामने आते, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। शराब की जांच के लिए विभाग ने सैंपल भी प्रयोगशाला भेजा है।

## किसान को जिंदा जलाने वाले तीन को आजीवन कारावास

* आठ साल पुराने मामले में जिला जज ने सुनाई सजा
* तीनों पर 10-10 हजार का अर्थदंड भी लगाया

जन एक्सप्रेस । उन्नाव



किसान को जिंदा जला कर मार डालने के आठ साल पुराने मामले में जिला जज ने फैसला सुनाते हुए तीन आरोपियों पर दोष सिद्ध होने पर आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके साथ तीनों पर 10- 10 हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया गया है।

बता दे कि 19 जुलाई 2015 की रात अजगैन क्षेत्र के कैथनखेड़ा गांव निवासी किसान रामसेवक अपने खेत पर था। इसी दौरान वहां पहुंचे गांव के पप्पू, उसके भाई कालीचरन व गांव के फत्ते जमीनी रंजिश में रामसेवक को पकड़कर पहले पीटा फिर बेहोस होने पर मिट्टी का तेल डालकर जिंदा जला दिया था। मृतक के बेटे संजय वर्मा ने तीनों के खिलाफ अजगैन कोतवाली में हत्या की धारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर जेल भेजा था। विवेचक दारोगा नारायण त्रिपाठी ने साक्ष्य संकलन के बाद 20 नवंबर 2015 को तीनों आरोपियों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बुधवार को मुकदमे की अंतिम सुनवाई जिला जज की न्यायालय में पूरी हुई। शासकीय अधिवक्ता अनिल त्रिपाठी की दलीलों और पेश किए गए साक्ष्यों के आधार पर जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने आरोपी पप्पू, कालीचरण व फत्ते को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों दोषियों पर 10-10 हजार का अर्थदंड भी लगाया है।

## डीजे पर डांस करने के दौरान विवाद, मारपीट

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव

राजधानी मार्ग स्थित कंचन नगर मोड़ के पास गौरव गेस्ट हाउस में बीती देर रात एक शादी समारोह का कार्यक्रम चल रहा था। डीजे पर डांस करने के दौरान कार्यक्रम में मौजूद दो पक्ष के युवा नाचने को लेकर आपस में भीड़ गए। मारपीट इतनी बढ़ गई की परिसर में डीजे के लाइट साउंड समेत अन्य सामग्री में तोड़फोड़ कर डाली। इसके बाद हंगामा और बवाल की सूचना पर गंगा घाट कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को किसी तरह शांत कराया था। इसके बाद कार्यक्रम आगे बढ़ सका। वहीं इस मारपीट का वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। वीडियो वायरल होने के बाद क्षेत्राधिकारी नगर आशुतोष कुमार ने मामले का संज्ञान लिया है। बताया है कि वायरल वीडियो में मारपीट करने वालों की पहचान कराई जा रही है हालांकि अभी किसी भी पक्ष ने कोई तहरीर नहीं दी है फिर भी वीडियो की जांच पड़ताल कराई जा रही है और कार्यवाही की जाएगी।

## बिठूर की बेटी आरती कुशवाहा ने प्रदेश में बढ़ाया जनपद का मान

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर




जनपद को राज्य स्वच्छ गंगा मिशन उत्तर प्रदेश की ओर से 8 दिसम्बर 2023 दिन शुक्रवार को लखनऊ के जल शक्ति मंत्रालय के सभागार में आयोजित गंगा सम्मान समारोह के तहत बिठूर के महर्षि वाल्मीकि नगर की रहने वाली कुमारी आरती कुशवाहा को महिला गंगा सम्मान से जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, प्रमुख सचिव नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग अनुराग श्रीवास्तव के द्वारा सम्मानित किया गया, इस कार्यक्रम में 66 जिलों से आए प्रतिनिधियों का सम्मान किया गया था। आपको बताते चलें कि बिठूर की बेटी कुमारी आरती कुशवाहा ने वर्ष 2017से 20 में कानपुर नगर में राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन भारत सरकार की नमामि गंगा परियोजना के अंतर्गत सामाजिक क्षेत्र, महिलाओं और युवाओं को जोड़कर उनके रोजगार एवं गंगा स्वच्छता अभियान में सबको साथ लेकर पिछले कई वर्षों के काम करने का कार्य किया है। इतना ही नहीं महिलाओं को स्वैच्छिक रूप से कार्य करने हेतु गंगा दूत के रूप में चयन किया। इतना ही नहीं कुमारी आरती कुशवाहा ने अपनी मेहनत और मां गंगा प्रति अविरल और निर्मल रखने के संकल्प के साथ लगातार प्रयासों के चलते नेहरू युवा केंद्र के अंतर्गत नमामि गंगे परियोजना में युवाओं की सहभागिता कार्यक्रम में स्पेरहेड मास्टर प्रशिक्षा के रूप में भी अपनी सेवाएं प्रदान करती रही। उन्होंने लगभग 200 से अधिक युवाओं और महिलाओं को गंगा स्वच्छता अभियान से जोड़कर लगातार कार्य कर रहीं है। उनकी इसी उत्कृष्ट कार्यो को देखते हुए उन्हें जिला कानपुर नगर से नामित किया गया और उन्हें बीते दिन जल और गंगा संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने हेतु महिला गंगा सम्मान उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से दिया गया। आरती पिछले कई साल से महिलाओं को एकत्रित कर गंगा और घाटों की सफाई भी करती आ रही हैं। बिठूर के घाटों पर आज जो स्वच्छता देखने को मिलती है उसमें कुमारी आरती कुशवाहा का अहम योगदान है।

### आरती कुशवाहा का बचपन से ही सामाजिक कार्यों में था रुझान

महिला गंगा सम्मान को पाने के बाद आरती कुशवाहा ने जन एक्सप्रेस अखबार से हुई बातचीत में बताया कि बचपन से ही उनका सामाजिक कार्यों में रुझान था। वह हमेशा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने को लेकर प्रयागरात रही है। उनका यह मानना है कि जिस तरह उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है वैसे ही प्रदेश की शहर की एवं गांव की महिलाओं को सामाजिक कार्यों, गंगा मां को निर्मल और अविरल बनाने, एवं पर्यावरण को शुद्ध रखने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा जैसे आज उन्हें सम्मान मिला है वैसे ही उनका प्रयास रहेगा कि समस्त महिलाओं को ऐसे ही सम्मान प्राप्त हो।

## सड़क किनारे पड़ा मिला युवक का रक्तरंजित शव, नहीं हुई पहचान

* पुलिस ने अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत की कही बात

जन एक्सप्रेस । उन्नाव

संदिग्ध परिस्थितियों में एक अज्ञात युवक का शव क्षेत्र के कालीमिट्टी चौराहे से 100 मीटर की दूरी पर पड़ा मिला। सुबह टहलने निकले लोगों ने शव देख पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने अज्ञात वाहन के विरुद्ध टक्कर मार देने से हुई मौत की रिपोर्ट दर्ज करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। शव की शिनाख्त न होने के कारण शव को मोर्चरी में रखवा दिया गया है तथा शिनाख्त के प्रयास किये जा रहे हैं। फतेहपुर चौरासी थाना क्षेत्र के कालीमिट्टी शिवराजपुर मार्ग पर शुक्रवार को भोर पहर एक 30 वर्षीय अज्ञात युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में खून से लथपथ कालीमिट्टी चौराहे से 100 मीटर पहले पड़ा हुआ देखा गया। सुबह टहलने निकले लोगों ने जब शव देखा तो खबर जंगल मे आग की तरह फैल गयी। टहलने निकले कालीमिट्टी निवासी ललित की तहरीर पर थाना पुलिस ने सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेश पाठक ने बताया कि अज्ञात युवक के शव की पहचान कराई जा रहीं है। शव को पोस्टमार्टम लिए भेजा गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## बिल्हौर बनखंडेश्वर मंदिर स्थित शंकर इलेक्ट्रॉनिक्स की दुकान में शार्ट सर्किट से लगी आग

* दुकान में रखे इलेक्ट्रॉनिक उपकरण जलकर हुए राख

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो



बिल्हौर कस्बे में जीटी रोड किनारे वनखंडेश्वर मंदिर मार्केट में शुक्रवार सुबह एक इलेक्ट्रॉनिक की दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। आस पड़ोस के लोगों की मदद से आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक दुकान में रखे इलेक्ट्रिक उपकरण जलकर राख हो गए। वहीं आग बुझने के बाद लोगों ने राहत के सांस ली। बिल्हौर कस्बा निवासी गिरजा शंकर मिश्रा की कस्बे में वनखंडेश्वर मंदिर मार्केट में जीटी रोड किनारे शंकर रेडियो के नाम से इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरणों की मरम्मत की दुकान है। शुक्रवार सुबह दुकान से धुआं निकलता देख दुकान के पास से गुजर रहे लोगों को दुकान में आग लगे होने की जानकारी हुई। मामले की सूचना फोन कॉल कर दुकान मालिक के परिवार और स्थानीय पुलिस को दी गई। कुछ ही देर में दुकान स्वामी मौके पर पहुंच गए। दुकान का शटर खोलने ही आग की तेज लपटें दुकान के बाहर तक आने लगीं। इसी बीच कस्बा इंचार्ज कमल सिंह ने पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच कर बिजली विभाग और फायर ब्रिगेड को घटना की सूचना दी।आस पड़ोस के लोगों की मदद से पानी डालकर कुछ ही देर में आग पर काबू पा लिया गया। लेकिन तब तक दुकान में रखें इलेक्ट्रॉनिक्स उपकरण पूरी तरह से जलकर राख हो गए। वहीं आग बुझने के बाद आस पड़ोस के लोगों ने राहत की सांस ली

## प्रमाण पत्र वितरित कर योजनाओं की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के चौबेपुर ब्लॉक के बिरैचामऊ ग्राम में भारत सरकार द्वारा चलाई जा रही विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के तहत कार्यकृम हुआ जिसमे मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य/जिला उपाध्यक्ष भाजपा गोपाल दीक्षित, विशिष्ठ अतिथि ब्लॉक प्रमुख राजेश शुक्ला, वरिष्ठ कार्यकर्ता कर्मेंद्र त्रिपाठी, बीडीओ चौबेपुर एसएन कश्यप, जिला मंत्री अमरनाथ राजपूत, शिक्षण संस्थान प्रकोष्ठ से अजय मोहन शुक्ला, मंडल अध्यक्ष चौबेपुर अमिताभ त्रिपाठी, मंडल अध्यक्ष शिवराजपुर अनुराग शुक्ला, ग्राम प्रधान आलोक दिवाकर, मंडल महामंत्री शिवराजपुर मन्त्री त्रिवेदी मंडल महामंत्री चौबेपुर प्रदीप पांडेय, वा मंडल मंत्री शिवराजपुर प्रदीप तिवारी जी व ब्लॉक के अधिकारियों में शुभम दुबे सहायक कृषि विकास अधिकारी, राजेश सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र वितरित किए वा भारत सरकार की जन कल्याण कारी योजनाओं की जानकारी दी गई व 2047 तक विकसित भारत के तहत सभी लोगो को शपथ दिलाई गई।

## फास्ट फॉरवर्ड

### हंगामा मारपीट करने वाले दबंगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। बुधवार को गंगा घाट कोतवाली में दो पक्षों में 2 घंटे तक जमकर हंगामा हुआ था। जिस पर पुलिस में गुरुवार को एक पक्ष के कानपुर काहू कोठी निवासी विकास वर्मा की तहरीर पर बिंदा नगर निवासी अभिषेक वर्मा और रोहित वर्मा के खिलाफ मारपीट, गाली गलौज, लेनदेन, जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है। वहीं दूसरे पक्ष से बिंदा नगर निवासी राजकुमारी की तहरीर पर पुलिस ने कानपुर काहू कोठी निवासी विकास वर्मा विशाल वर्मा व अन्य पर रुपए के लेनदेन, मारपीट, गाली गलौज, तोड़फोड़ हुआ जान से मारने की धमकी का मुकदमा दर्ज किया है।

### आंखों में मिर्च डाल मोबाइल लूटने का प्रयास

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। मिश्रा कॉलोनी निवासी निखिल भट्ट ने बताया कि वह गुरुवार रात घर जा रहा था। तभी रास्ते में बाइक सवार तीन बदमाशों ने उसे रोक लिया और गाली गलौज करते हुए उसकी आंख में मिर्च पाउडर डाल दिया। जिससे उसे कुछ दिखाई नहीं पड़ा। इस दौरान आरोप है कि बदमाश उसका मोबाइल छीनने लगे। जिस पर उसने हाथापाई करते हुए शोर मचाया। शोर सुन आसपास के लोग दौड़े और बदमाशों को दौड़ने का प्रयास किया। यह देख बदमाश मौके से भाग निकले। पीड़ित ने घटना की जानकारी गंगा घाट कोतवाली पुलिस को दी है।

### मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक लगा जाम

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। शुक्रवार दोपहर करीब 12 :40 बजे अप और डाउन लाइन से एक के बाद एक ट्रेनें निकली। जिससे कुछ देर के लिये क्रासिंग बंद हो गई। जिससे एक ओर मरहला और दूसरी ओर नेतुआ गांव के सामने तक जाम लग गया। जाम को देख पीआरडी के जवान पहुंचे। इसी बीच कानपुर से उन्नाव की ओर जा रही एक एम्बुलेंस भी जाम में फंसी रही। जवानों ने किसी तरह एम्बुलेंस को बाहर निकाला। जिसके बाद आड़े तिरछे खड़े वाहनों को सीधा कराया। इस दौरान एक घंटे तक जाम की स्थिति बनी रही। वहीं नवीन पुल पर सुबह के समय पीक आवर में जाम लगा रहा। जिससे कानपुर आने जाने वाले लोग विलंबित हो गये। वहीं जाम के कारण लोगों को खासी परेशानी उठानी पड़ी।

### चोरों ने सिलेंडर समेत लाखों का सामान किया पार

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। कानपुर धनकुट्टी निवासी अशोक कुमार ओमर का गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के मनसुख खेड़ा में खुजली का दवा बनाने का कारखाना है। गुरुवार देर रात अज्ञात चोर पीछे का दरवाजा तोड़कर कारखाने में घुस गये। जहां से चोरों ने सिलेंडर, दो बैट्रा, इनवर्टर, दस चांदी के सिक्के, साउंड समेत पचास हजार का माल पार कर दिया। जानकारी होने पर पीड़ित ने गंगाघाट कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं उन्होंने बताया कि चोरी गया कुछ माल पुलिया के नीचे पड़ा मिला है।

### पैसे मांगने पर पीटा दी धमकी

जन एक्सप्रेस । शुक्लागंज/उन्नाव। रहमत नगर निवासी नफीस ने बताया कि उसने जमीन लेने के लिये एक साल पहले एक युवक को चार लाख रुपये दिये थे, जमीन का बैनामा कराने के लिये कहा तो आज कल करता रहा। गुरुवार रात उसने एक बार फिर पैसे वापस मांगे तो वह आग बबूला हो गया और उसे मारने के लिये दौड़ा लिया। जिस पर वह बचते हुये घर भाग आया। आरोप है कि दबंग अपने साथियों के साथ धारदार हथियार लेकर घुस आये और उसे मारा पीटा। इतना ही नहीं बीच बचाव करने आई महिलाओं को भी मारा पीटा। मारपीट में सभी को चोटें आई। वहीं उसका सिर फट गया। पीड़ित ने कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर आरोपियों पर कार्यवाही की मांग की है।

## बिछिया ब्लॉक के सरकारी दफ्तर में क्यों रहता है लॉक डाउन

जन एक्सप्रेस । रामचंद्र राजपूत



बिछिया/उन्नाव। ब्लॉक में नियुक्त अधिकारी व कर्मचारी की मनमानी रुकने का नाम नहीं ले रही निरंकुश कर्मचारी ब्लॉक में आना गवारा नहीं समझते जिसके कारण अपने काम से आने वाली ग्रामीण जनता कर्मचारियों के कमरों में बंद ताले देखकर लौटने पर मजबूर हो जाती है निरंकुश कर्मचारी उपस्थिति रजिस्टर में दस्तखत करना भी गवारा नहीं समझते जबकि कर्मचारियों की इस कार्यप्रणाली से बीडीओ अनजान हैं। मुख्यमंत्री के सभी अधिकारियों को आदेश है की सुबह दस बजे से 12 बजे तक जरूर फरियादियों से मिले और अपनी सीट पर ही बैठें लेकिन बिछिया ब्लॉक के कर्मचारी इस पर पानी फेर रहे हैं, दोपहर तक अगर अपनी सीट पर पहुंच जाए तो बड़ी बात है शुक्रवार को बिछिया ब्लॉक में ग्राम विकास अधिकारी जिन कमरों में बैठते हैं वहां ताले लटक रहे थे।सूत्रों की माने तो सिर्फ तीन ग्राम विकास अधिकारियों ने उपस्थित रजिस्टर में दस्तखत थे ब्लॉक में आई शोभा देवी, नरेश, बुद्धि लाल राजरानी, अपने परिवार रजिस्टर की नकल बनवाने के लिए आए थे लेकिन कर्मचारियों के कमरे में बंद ताले देखकर उनको वापस होना पड़ा। अगर ऐसे कर्मचारियों को ऊपर कार्यवाही नहीं की गई तो सरकार की छवि को धब्बा लग रहा है। बीडीओ कुलदीप मिश्रा ने बताया की औचक निरीक्षण कर जांच की जायेगी ब्लॉक में लिस्ट चस्पा है की कौन किस दिन मिलेगा जबकि बीडियो का कार्यभार संभालने वाले एडीओ पंचायत एडीओ आईएसबी व एडीओ ऐजी खुद ही अपने कार्यभार का निर्वाहन नहीं करते हैं।

## बाउंड्री बाल न होने की वजह से आवारा गोवंश से परेशान रहते हैं शिक्षक और बच्चे




* ककवन उच्च प्राथमिक विद्यालय का मामला

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो

बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन ग्राम सभा के उच्च प्राथमिक विद्यालय बाउंड्री वॉल पीछे के हिस्से में नहीं है जहां पर तालाब की सीमा लगती है वहां से बरसात के दिनों में पानी स्कूल तक पहुंच जाता है जहां पर बच्चों को शौच क्रिया आदि जाने के लिए तालाब के किनारे से सांप आदि आने का खतरा बना रहता है यहां तक कि अगर कोई शिक्षक ना देख पाए तो शौच क्रिया करने गए बच्चे तालाब में भी जा सकता है। अक्सर टीचर और इस प्रांगण में आंगनबाड़ी केंद्र कार्यकत्ती मालती सिंह ने बताया कि जब कोई बच्चे शौच क्रिया के लिए निकलते हैं तो खड़े होकर देखना पड़ता है कहीं बच्चे तालाब के अंदर ना चले जाए विद्यालय में खाना बनाने वाली अरुणा सिंह व रीता सिंह ने बताया कि बच्चों की अक्सर नजर रखना पड़ता है वह विद्यालय के इंचार्ज शिक्षक अजीत सिंह ने बताया कि आवारा गोवंश बराबर तालाब की तरफ से गेट की तरफ निकालते रहते हैं जिससे बच्चों के लिये डर रहता है कहीं आवारा गोवंश मार ना दे इसके लिए अरविंद कुमार पूरा दिन गोवंश को भागते रहते हैं कि किसी बच्चे के कहीं चोट ना लग जाए सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि इसी गेट के पास में एक गौशाला है व करीब 500 मीटर की दूरी पर भी ग्राम सभा की गौशाला है जहां पर इन जानवरों को अंदर करने की व्यवस्था पर्याप्त नहीं है।

## रक्तदान शिविर का डीएम ने किया उद्घाटन

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर

शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक द्वारा सम्पूर्ण भारत में एवं कानपुर की नवीन मार्केट ब्रांच में रोटरी क्लब कानपुर नार्थ के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि विशाख जी अय्यर, जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित करके कार्यक्रम की शुरुआत करी। जिलाधिकारी ने बैंक के वरिष्ठ अधिकारियों से रक्तदान शिविर के के बारे में जानकारी ली। रक्तदान शिविर में विभिन्न विभागों के बैंककर्मियों, स्थानीय लोगों एवं शिक्षकों एवं क्षेत्रीय लोगों ने शिविर में बढ़ चढ़ के भागीदारी की और शाम 4 बजे तक 75 यूनिटों का कलेक्शन हुआ। एचडीएफसी बैंक से सर्कल प्रमुख गौरव शाह, नेहा कंसल, संजय पांडे एवं वसुधा खेमका, एचडीएफसी बैंक शहर प्रमुख कानपुर ऑपरेशंस, सत्येंद्र अवस्थी ब्रांच हेड ऑपरेशंस, अशोक पाण्डे, नीरज दुबे, प्राची बाजपेई एवं रोटरी क्लब अध्यक्ष अनुज तिवारी, क्लब सचिव मयंक गुप्ता, अध्यक्ष इलेक्ट निशांत वडेरा, क्लब डायरेक्टर अभिषेक श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में बैंककर्मी रक्तदान शिविर में मौजूद रहे।

### मैदानी इलाकों में बढ़ेगी सर्दी

जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर। शहर के मौसम वैज्ञानिक डॉ. एस एन सुनील पाण्डेय ने शुक्रवार को बताया कि एक चक्रवाती परिसंचरण दक्षिण-पूर्व अरब सागर और निचले स्तर पर आसपास के क्षेत्रों पर बना हुआ है, 11 दिसंबर से एक ताजा पश्चिमी विक्षोभ पश्चिमी हिमालय के करीब पहुंचेगा। यह पश्चिमी विक्षोभ हिमालय पर बर्फबारी करेगा और उत्तर पश्चिम हवाएं गंगा के मैदानी इलाकों यानी उत्तर प्रदेश से लेकर बिहार तक सर्दी बढ़ाएंगी। यह सर्दी रवी की फसल को अधिक लाभकारी सिद्ध होगी, क्योंकि रवी की फसल के लिए तापमान अनुकूल हो जाएगा। बताया कि कानपुर में अधिकतम तापमान 25.0 और न्यूनतम तापमान 14.0 डिग्री सेल्सियस रहा। सुबह की सापेक्षिक आर्द्रता 96 और दोपहर की सापेक्षिक आर्द्रता 56 प्रतिशत रही। हवाओं की दिशाएं उत्तर पश्चिम रहीं जिनकी औसत गति 2.5 किमी प्रति घंटा रही।



## पांच पर किया गुंडा एक्ट/जिला बदर की कार्रवाई

* पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

जन एक्सप्रेस । बिल्हौर ब्यूरो




बिल्हौर तहसील क्षेत्र के ककवन थानाध्यक्ष बृजमोहन सिंह ने बताया थाना क्षेत्र के पांच आरोपियों पर गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई की गई है, जिसमें प्रमुख रूप से ककवन कस्बे के मामले में आरोपित इस्लाम और इकराम, मानवा गांव के पुष्पेंद्र हत्याकांड में आरोपित नौशाद व दिलशाद बिषधन निवासी शरीफुउद्दीन पर गुंडा एक्ट व जिला बदर की कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया कि किसी भी अपराधी को खुले में और जो जमानत पर घूम रहे हैं उनको अपने थाना क्षेत्र में रहने नही दिया जाएगा क्योंकि उनकी गतिविधियां जेल से जमानत पर छूटने के बाद भी संदिग्ध प्रतीत हो रही है। पुलिस ने शुक्रवार को नाबालिक के साथ छेड़छाड़ और पास्को एक्ट में वांछित अभियुक्त थाना क्षेत्र के लहरियापुरवा गांव निवासी सुरेश कश्यप को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। अभियुक्त के लगातार न्यायालय में हाजिर न होने पर न्यायालय से अभियुक्त की गिरफ्तारी का वारंट जारी हुआ था और गुरुवार दोपहर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर आरोपित को उसके घर से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।

# महुआ मोइत्रा की सांसदी रद्द

## आचार समिति की सिफारिश मंजूर, टीएमसी नेता बोलीं, यह बीजेपी के अंत की शुरुआत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

तृणमूल कांग्रेस की सांसद महुआ मोइत्रा को रिश्वत लेकर सवाल पूछने के मामले में शुक्रवार को लोकसभा की सदस्यता से निष्कासित कर दिया गया। संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने निष्कासन का प्रस्ताव पेश किया। इसे सदन ने ध्वनिमत से पारित कर दिया। इससे पहले सदन में लोकसभा की आचार समिति की रिपोर्ट पर चर्चा हुई। रिपोर्ट में महुआ को निष्कासित करने की सिफारिश की गई थी। फैसले के बाद महुआ ने कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। यह आपके अंत की शुरुआत है। चर्चा के दौरान तृणमूल कांग्रेस ने आसन से कई बार यह आग्रह किया कि महुआ मोइत्रा को सदन में उनका पक्ष रखने का मौका मिले। हालांकि, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पहले इसकी इजाजत नहीं दी। उन्होंने इसके लिए संसदीय परिपाटी का हवाला दिया।



### महुआ मोइत्रा ने लोकसभा से निष्कासन पर और क्या कहा...

- कैश या गिफ्ट कोई सबूत ही नहीं मिला। एथिक्स कमेटी ने भी जड़ तक पहुंचे बिना मेरे खिलाफ रिपोर्ट बनाई और कंगारू कोर्ट ने बिना सबूत के मुझे सजा दी।
- 17वीं लोकसभा वाकई ऐतिहासिक रही है। इस सदन ने वुमन रिजर्वेशन रीशेड्यूलिंग बिल पारित होते देखा। इसी सदन ने 78 महिला सांसदों में से एक के सबसे मजबूत विच-हंट को भी देखा है।
- इसने एक संसदीय समिति का हथियारीकरण भी देखा विडंबना है कि एथिक्स कमेटी नैतिक दिशा-निर्देशक बनाया गया था, उसका इस्तेमाल वह करने के लिए किया जा रहा, जो उसे कभी नहीं करना था।

### महुआ मोइत्रा ने कही यह बात

लोकसभा सदस्य के रूप में अपने निष्कासन पर महुआ मोइत्रा ने कहा कि अगर इस मोदी सरकार ने सोचा कि मुझे चुप कराकर वे अदाणी मुद्दे को खत्म कर देंगे, मैं आपको यह बता दूं कि इस कंगारू कोर्ट ने पूरे भारत को केवल यह दिखाया है कि आपने जल्दबाजी और उचित प्रक्रिया का दुरुपयोग किया है। यह दर्शाता है कि अदाणी आपके लिए कितने महत्वपूर्ण है और आप एक महिला सांसद को रोकने के लिए उसे किस हद तक परेशान करेंगे। उन्होंने आगे कहा कि एथिक्स कमेटी के पास निष्कासित करने का कोई अधिकार नहीं है। यह आपके अंत की शुरुआत है। उन्होंने कहा कि लोकसभा की आचार समिति, इसकी रिपोर्ट ने सभी नियमों को तोड़ा है। यह हमें झुकने के लिए मजबूर करने का एक हथियार है। मुझे उस आचार संहिता के उल्लंघन का दोषी पाया गया है, जो अस्तित्व में ही नहीं है। आचार समिति मुझे उस बात के लिए दंडित कर रही है, जो लोकसभा में सामान्य, स्वीकृत है तथा जिसे प्रोत्साहित किया गया है।

### नौ नवंबर को रिपोर्ट की गई थी

इससे पहले भाजपा सांसद विनोद कुमार सोनकर की अध्यक्षता वाली आचार समिति ने गत नौ नवंबर को अपनी एक बैठक में महुआ मोइत्रा को लोकसभा से निष्कासित करने की सिफारिश वाली रिपोर्ट को स्वीकार किया था।



### सदन में क्या-क्या हुआ...

- **लोकसभा स्पीकर ने रिपोर्ट पर चर्चा के लिए आधे घंटे दिए** ओम बिड़ला ने कहा रूल 316 के तहत आधे घंटे की चर्चा दिए थे। इसके बाद विपक्ष के नेता अधीर रंजन चौधरी ने भी इसे पढ़ने 3 दिन का समय मांगा था।
- **विपक्ष ने सदन में मोदी सरकार हाय-हाय के नारे लगाए** अस्पष्ट सांसदों की अगुआई में विपक्ष ने सदन में मोदी सरकार हाय-हाय के नारे लगाए थे। विपक्ष के हंगामे के बीच सदन की कार्यवाही दो बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई थी। उधर सदन के बाहर मीडिया से बातचीत में कांग्रेस नेता शशि थरूर ने इसे इंसाफ का मजाक उड़ाना बताया था।
- **थरूर बोले, ये रिपोर्ट आधी-अधूरी है** कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा कि ऐसा लगता है ढाई मिनट में किसी ने तैयार कर दी हो। आरोप लगाने वालों से जिरह करने का कोई प्रयास नहीं किया गया। सीधे संसद सदस्य के सस्पेंशन पर पहुंचना वास्तव में अपमानजनक है।

### रिपोर्ट पेश होने के बाद किसने क्या कहा...

- कांग्रेस के सांसद मनीष तिवारी बोले, आज सभी पार्टियों ने महुआ के खिलाफ वोटिंग करने के लिए व्हिप जारी किया है। इसलिए सदन स्थगित करके सभी व्हिप विड्रॉ किए जाएं।
- मनीष तिवारी की दलीलों पर लोकसभा स्पीकर ओम बिड़ला ने पूछा आप संसद में बहस कर रहे हैं या कोर्ट में। ऐसा न करें, क्योंकि न तो ये कोर्ट है और न ही मैं न्यायाधीश हूं।
- बीजेपी सांसद हिना गावित ने कहा कि महुआ मोइत्रा से एथिक्स पैनल ने हलफनामे के आधार पर सवाल पूछे, व्यक्तिगत सवाल पूछकर कोई चीरहरण नहीं किया गया।
- बीजेपी के प्रहलाद जोशी ने कहा कि महुआ मोइत्रा को सदन में बोलने की इजाजत न दी जाए।

### 500 पेज की रिपोर्ट कई अहम सिफारिशें

समिति ने 500 पेज की रिपोर्ट बनाई थी। इसमें संसद की गरिमा को बचाने व राष्ट्रीय सुरक्षा को महत्व देने के लिए कई अहम सिफारिश की गई थीं।?महुआ पर रिश्वत ले कर अदाणी समूह के खिलाफ कारोबारी हीरानंदानी को लाभ पहुंचाने के लिए सवाल पूछने के आरोप हैं। खुद महुआ ने स्वीकार किया था कि उन्होंने संसद में सवाल पूछने के पोर्टल से जुड़ी अपनी आईडी-पासवर्ड साझा किए थे। हीरानंदानी ने महुआ को रिश्वत देने की बात स्वीकारी थी।

### समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था

समिति के छह सदस्यों ने रिपोर्ट के पक्ष में मतदान किया था। इनमें कांग्रेस से निलंबित सांसद परणीत कौर भी शामिल थीं। समिति के चार विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट पर असहमति जताई थी। विपक्षी सदस्यों ने रिपोर्ट को फिक्स्ड मैच करार दिया था। उन्होंने कहा था कि भाजपा सांसद निशिकांत दुबे शिकायत में कोई भी दम नहीं है।

# हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय काव्य महोत्सव सम्पन्न




**जन एक्सप्रेस । कोलकाता**

हिन्दी साहित्य परिषद द्वारा गत संध्या अंतर्राष्ट्रीय काव्य महोत्सव सह सम्मान समारोह महानगर कोलकाता में आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारम्भ राजीव नन्दन मिश्र के मंगलाचरण गणेश वन्दना व दिप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि जापान की डॉ रमा शर्मा थी। उन्होंने हिन्दी साहित्य परिषद के कार्यों व उद्देश्यों की सराहना की। उन्होंने जापान में हिन्दी के प्रचार-प्रसार को लेकर कई महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि राजस्थान की डॉ कविता किरण रही। परिषद के अंतर्राष्ट्रीय अध्यक्ष संजय शुक्ल ने अतिथियों के स्वागत के साथ परिषद को नवांकुरों के लिए समर्पित बताया। उन्होंने देश के साथ- साथ विदेशों में हिन्दी की अलख जगाने एवं प्रचार-प्रसार को परिषद का उद्देश्य बताया। विशिष्ट अतिथि प्रभात ख़बर के सम्पादक व साहित्यकार कौशल किशोर त्रिवेदी तथा अतिविशिष्ट अतिथि छपते-छपते समाचार पत्र के प्रबन्ध निदेशक विशम्भर नेवर जी ने परिषद के कार्यों की सराहना करते हुए अपनी शुभकामना प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन कवियत्री मौसमी प्रसाद एवं रौनक अफ़रोज़ ने किया।

### साहित्य सारस्वत सम्मान से किया गया सम्मानित

साहित्यिक क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए जापान की डॉ रमा शर्मा, कोलकात्ता के आचार्य जमाल अहमद जमाल, डॉ कविता किरण एवं योगेन्द्र शुक्ल सुमन को साहित्य सारस्वत सम्मान से सम्मानित किया गया।

### ये रहे उपस्थित

कमांडेंट बिजेन्द्र शर्मा, चन्द्रिका प्रसाद अनुरागी, शब्दाक्षर के अध्यक्ष रवि प्रताप सिंह, स्नेहा रॉय रचनाकर के संस्थापक अध्यक्ष सुरेश चौधरी, ब्राह्मण युवा मंच के अध्यक्ष तारकनाथ दुबे, सुप्रा पेन के एमडी संजीव जैन, दयाल स्टेशनरी के एमडी वीरेन्द्र गुप्ता, सन्दीप गुप्ता, नन्दू बिहारी ,प्रियंका चौरसिया, आलोक चौधरी, वन्दना पाठक, रीमा पांडेय, प्रदीप धानुक, दयाशंकर मिश्र, देवेश मिश्र, आलोक चौधरी सहित कई वरेण्य साहित्यकार व श्रोता उपस्थित रहे ।

### कवियों की कविताएँ सुन तालियों से गूँजता रहा पूरा हॉल

सम्मान के बाद कवियों के कविता, गीत, ग़ज़ल का सत्र प्रारम्भ हुआ जिसे सुनकर श्रोता मन्त्रमुग्ध हो गये। जापान की सुप्रसिद्ध कवियत्री डॉ रमा शर्मा ने अपनी रचना सच्चा हिन्दुस्तानी, अस्पताल का वार्ड, मैं सच हूँ जैसी कई रचनाओं सहित कई रचना सुना कर सभी को भावविभोर कर दिया। राजस्थान की कवियत्री डॉ कविता किरण ने सरस्वती वन्दना, आपको ही देखते रहे गीत सहित कई रचनाओं का पाठ किया। मध्य प्रदेश के गीतकार गीतेश्वर बाबू घायल ने कलमुँही नौकरियाँ, पनिहारिन सहित अन्य कई गीत सुनाये। बिहार के युवा कवि व लेखक राजीव नन्दन मिश्र का गीत सुन्दर सुहावन लागे कोलकाता नगरिया और मैं सनातन हूँ कविता सुनकर पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। पटना के नसीम अख़्तर ने सुना है वो मुझसे अक्सर मिलेंगे जैसे कई शेर एवं ग़ज़ल खूब सराही गयी।

### समाचार पत्र जन एक्सप्रेस की प्रशंसा

युवा कवि राजीव नन्दन मिश्र ने साहित्यिक क्षेत्र में मीडिया के योगदान की खूब सराहना की। मिश्र ने जन एक्सप्रेस के 2009 में हुए स्थापना से अब तक कई बिन्दुओं पर अपनी बात रखीं। उन्होंने जन एक्सप्रेस के सम्पादक अरुण त्रिपाठी को बहुत कम समय में स्वतंत्र , निडर व निष्पक्ष पत्रकारिता का एक श्रेष्ठ उदाहरण बताया।

# सिखों का दान, सिखों को या गैर-सिखों को : ठाकुर दलीप सिंह



**जन एक्सप्रेस । पंजाब**

'सिखों का दान; सिखों को होना चाहिए' इस विषय पर मेरे पांच वीडियो और लेखों में की गई विनती से कुछ सिख सहमत नहीं हैं। मानस की जात सभै एकै पहचानबो पंक्ति को आधार बना कर कुछ सिख, मेरी इस पंथ-हितैषी विनती का विरोध कर रहे हैं। और, कह रहे हैं कि मानस की जात, पंक्ति गुरु जी द्वारा लिखी गई होने के कारण, सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान करना, कोई गलती नहीं। उन सज्जनों की बातों से इस तरह लगता है कि उन्होंने 'मानस की जात सभै एकै पहचानबो' वाला पूरा शब्द पढ़ा ही नहीं, तत्व तो समझना ही क्या था; परन्तु यह सिख, सिर अड़ाई अवश्य करते हैं। गुरु जी द्वारा लिखे इस शब्द में दान करने संबंधी संकेत मात्र भी नहीं। इस पूरे शब्द तथा पूरी 'अकाल उस्तत' में कहीं भी यह नहीं लिखा गया सिख और गैर-सिख, एक समान पहचानें। या, सिखों को छोड़कर, गैर-सिखों को दान करना चाहिए।

यह पंक्तियाँ इस प्रकार हैं

***कोऊ भयो मुंडीआ, संनयासी, कोऊ जोगी भयो,***
***कोऊ ब्रह्मचारी, कोऊ जती, अनुमानबो॥***

हिंदू तुरक कोऊ राफजी इमाम साफी
मानस की जात सबै एकै पहचानबो॥

इस शब्द में तो मनुष्यों की विविधता का वर्णन करके, सब की जात एक ही मानी गई है। जो सज्जन मानस की जात पंक्ति को आधार बना कर, सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान करना चाहते हैं वह सज्जन विचार करें जब इस पंक्ति के अनुसार, सभी मनुष्यों की जाति एक ही है, फिर भी सिखों ने वास्तविक रूप से जाति का त्याग नहीं किया। परन्तु, गुरु जी द्वारा लिखी पंक्ति का अर्थ समझे बिना ही, मुझे बताते हैं, मानस की जात सभै एकै पहचानबो, गुरु जी ने लिखा है; इस लिए सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को भी दान दिया जा सकता है, केवल सिखों को ही दान करना आवश्यक नहीं। सिख भाइयो, मेरी विनती है कि जब सभी सिख समृद्ध हो जाएंगे, तो गैर सिखों को भी दान कर दीजिएगा। परन्तु, मानस की जात पंक्ति पढ़ कर, सिखों का धन गैर-सिखों को दान न करें। सिख का दान; केवल सिखों को ही होना चाहिए। क्योंकि, सतगुरु गोबिंद सिंह जी का वचन है दान दयो इन्ही को भलो, अरु आन को दान न लागत नीको (पा 10)। अर्थात सिखों द्वारा, सिखों को दिया गया दान ही मुझे अच्छा लगता है। किसी और को दिया गया दान, मुझे अच्छा नहीं लगता। मानस की जात पंक्ति का अर्थ यह कतई नहीं है कि सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान दिया जाए। यदि मेरा यह लेख पढ़ कर, फिर भी उन सिखों का मन सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान करने का बनता है, तो मुझे गुरुवाणी की पंक्तियाँ ढूंढ कर बताएं, जिनमें यह आदेश हो सिखों को छोड़ कर, गैर-सिखों को दान करना चाहिए, मैं अपने विचार बदलने को तैयार हूं। यदि कोई पंक्ति नहीं बता सकते, तो वह मेरे विचारों से सहमत हो जाएं और सिखों का दान, केवल सिखों को ही करें। क्योंकि, सतगुरु रामदास जी का वचन है गुरसिखां अंदरि सतिगुरू वरतै जो सिखां नू लोचै सो गुर खुसी आवै।


## पंजाब-हरियाणा में अब होगी कोहरे की दस्तक

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।**

बदलते मौसम के चलते अगले कुछ दिनों में उत्तर भारत के कई राज्यों में तापमान के कम होने का अनुमान है। मौसम विभाग के मुताबिक न्यूनतम तापमान में 2 से 4 डिग्री की गिरावट दर्ज हो सकती है। इसके अलावा हरियाणा और पंजाब समेत पूर्वी उत्तर प्रदेश के अलग-अलग हिस्सों में घना कोहरा भी पड़ेगा। हरियाणा और पंजाब के कुछ हिस्से में पश्चिमी विक्षोभ के चलते साइक्लोनिक सर्कुलेशन जैसी परिस्थितियां बन रही हैं। मौसम विभाग के वैज्ञानिकों का कहना पश्चिमी हिमालय रीजन में बर्फबारी भी बढ़ेगी।

# चंद्रबाबू नायडू ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी को लिखा पत्र, मतदाता सूची में गड़बड़ी का लगाया आरोप

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



टीडीपी प्रमुख चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को आंध्र प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को पत्र लिखकर मतदाता सूची में गड़बड़ी की शिकायत की है। पूर्व सीएम नायडू ने आरोप लगाया कि वाईएसआरसीपी सरकार इस अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार है। साथ ही कहा कि मतदाताओं के नामांकन के लिए निर्धारित प्रक्रिया का पालन नहीं किया जा रहा है। निर्वाचक नियमावली-2023 के मुताबिक मतदाता सूची में जरूरी बदलाव नहीं किए जा रहे हैं। जबकि मैनुअल स्पष्ट रूप से एकाधिक प्रविष्टियों को हटाने की प्रक्रिया निर्दिष्ट करता है, लेकिन इन प्रक्रिया का अनुपालन नहीं किया जाता है। अयोग्य लोगों को ऑनलाइन मोड के जरिए नामांकित किया जा रहा है। विपक्षी दलों के समर्थकों के नाम कथित तौर पर हटाए जा रहे हैं। नायडू ने कहा कि टीडीपी द्वारा उठाई गई आपत्तियों पर चुनाव आयोग ने अभी तक कोई फैसला नहीं लिया है। उन्होंने आरोप लगाया कि बिना जांच के मतदाताओं को मताधिकार से वंचित किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी से अंतिम मतदाता सूची में गड़बड़ी की पुनरावृत्ति की कोई गुंजाइश नहीं छोड़ने के लिए कदम उठाने की अपील करते हुए, नायडू ने चुनाव आयोग के अधिकारी से यह सुनिश्चित करने के लिए कार्रवाई करने को कहा कि उनके अधीनस्थ नियमों का अनुपालन करें।

## दिल्ली सहित दूसरे राज्यों के 'एम्स' में होगा सरकारी कर्मियों-पेंशनर्स का कैशलेस इलाज

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**




एम्स, नई दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और जेआईपीएमईआर पुडुचेरी के अलावा इसी तरह के दूसरे चिकित्सा संस्थानों में केंद्र सरकार के सेवारत कर्मियों और पेंशनरों को कैशलेस इलाज की सुविधा मिलेगी। इसके लिए कर्मचारियों व पेंशनरों को चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे। केंद्र सरकार ने जो प्रक्रिया तैयार की है, वह बेहद सरल है। एम्स में सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए एक विशेष डेस्क बनेगा। इनडोर उपचार के लिए कमरे के किराए के मामले को छोड़कर एम्स, सीजीएचएस को अपनी निर्धारित दरों के अनुसार बिल भेजेगा। सीजीएचएस पेंशनभोगियों और लाभार्थियों की अन्य पात्र श्रेणियों के लिए बाह्य रोगी विभागों (ओपीडी), जांच और इनडोर उपचार के लिए कैशलेस उपचार उपलब्ध होगा। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री डॉ. भारती प्रवीण पवार ने राज्यसभा में पांच दिसंबर को सांसद रविचंद्र वद्दीराजू द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में बताया, सीजीएचएस लाभार्थियों के लिए कैशलेस इलाज की सुविधा शुरु की गई है। इस सुविधा के दायरे में एम्स नई दिल्ली, पीजीआईएमईआर चंडीगढ़ और जेआईपीएमईआर पुडुचेरी के अलावा भुवनेश्वर, जोधपुर, भोपाल, पटना, रायपुर, ऋषिकेश, बिलासपुर, राजकोट, कल्याणी, भटिंडा, बीबीनगर, गुवाहाटी, देवघर और मंगलागिरी के एम्स संस्थान भी शामिल हैं। सीजीएचएस लाभार्थियों को कैशलेस उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सरकार स्वास्थ्य योजना (सीजीएचएस) व उक्त संस्थानों के बीच इस वर्ष जून में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए थे। सीजीएचएस लाभार्थियों को अग्रिम भुगतान और सीजीएचएस से अदायगी की परेशानी उठाए बिना, इन चिकित्सा संस्थानों में अत्याधुनिक उपचार सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

## नशे के सौदागरों का भंडाफोड़, केमिकल फैक्ट्री से 106 करोड़ रुपये की मेफेड्रोन जब्त, तीन गिरफ्तार



**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक केमिकल फैक्ट्री में नशे के सौदागरों का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने छापेमारी में दौरान केमिकल फैक्ट्री से 106 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य का मेफेड्रोन जब्त किया है। वहीं प्रतिबंधित पदार्थ का निर्माण करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वरिष्ठ निरीक्षक शीतल राउत ने कहा कि एक गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने गुरुवार को खालापुर के सजगांव में कंपनी पर छापा मारा और फैक्ट्री में निर्मित मेफेड्रोन से भरे डब्बों को जब्त किया गया। साथ ही कार्रवाई करते हुए फैक्ट्री को सील कर दिया गया है। अधिकारी ने जानकारी देते हुए नारकोटिक ड्रग्स एंड साइकोट्रोपिक सब्सटें(एनडीपीएस) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि पुलिस टीम को तीन प्लास्टिक ड्रमों में 85.2 किलोग्राम मेफेड्रोन मिला, जिसमें दो कंटेनरों में 30 किलोग्राम और तीसरे ड्रम में 25.2 किलोग्राम था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि जब्त किए गए मादक पदार्थ की कुल कीमत 106 करोड़ रूपये आंकी गई। पुलिस ने मेफेड्रोन के निर्माण में इस्तेमाल होने वाला 15.37 लाख रुपये का कच्चा माल और रसायन भी जब्त किया है।

## पिंपरी चिंचवड़ में मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में लगी आग, छह लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई**

महाराष्ट्र में पिंपरी चिंचवड़ शहर के तलावड़े इलाके में एक मोमबत्ती बनाने वाली फैक्ट्री में आग लगने की घटना सामने आई है। इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई। महाराष्ट्र के पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम के आयुक्त शेखर सिंह ने यह जानकारी दी है। पिंपरी-चिंचवड़ नगर निगम आयुक्त शेखर सिंह ने हादसे की जानकारी देते हुए आगे कहा कि फायर ब्रिगेड को दोपहर करीब 2.45 बजे तलवाडे स्थित फैक्ट्री में आग लगने की सूचना मिली। जिसके बाद मौके पर पहुंचकर फायर ब्रिगेड कर्मियों ने आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि इस हादसे में छह लोगों की मौत हो गई और आठ लोग घायल हो गए। घायलों को पुणे और पिंपरी चिंचवड़ नगर निगम क्षेत्र के अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। उन्होंने कहा कि फैक्ट्री में मोमबत्तियां बनाई जाती हैं।

# पहल : पर्यावरण संरक्षण में संजीवनी बनेगा हरित भारत अभियान

- पर्यावरण संरक्षण के लिए इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति ने शुरू किया अभियान
- इस वर्ष दुनिया के 10 सर्वाधिक प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली का पहला स्थान चिंता का विषय

**जन एक्सप्रेस । आगरा**




समूचे विश्व में निरंतर हो रहे जलवायु परिवर्तन के चलते पर्यावरण संरक्षण की महती आवश्यकता है, इसी उद्देश्य के तहत इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति द्वारा हरित भारत अभियान की शुरुआत की गई। शुक्रवार को होटल भावना क्लार्क्स इन में आयोजित समारोह में अभियान को गति देने के लिए फाउंडेशन पदाधिकारियों एवं अतिथियों की मौजूदगी में उद्घोषणा एवं पोस्टर विमोचन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर पर्यावरण के प्रति अपने नैतिक दायित्वों का आह्वान करते हुए इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के चेयरमैन पूरन डावर ने कहा कि मानव जाति के अस्तित्व बचाये रखने के लिए 'हरित भारत अभियान' संजीवनी साबित होगा। विश्व के प्रदूषित देशों की बात करें तो भारत दुनियां में आठवें स्थान पर आता है यह हमारे लिए चिंता का विषय है। ख्याति प्राप्त कवि पवन आगरी ने कहा कि स्वच्छता और हरियाली एक दूसरे के पूरक हैं ऐसे में हरित भारत अभियान को हरित क्रांति के रूप में गति दिए जाने की आवश्यकता है यह प्रयास सिर्फ सरकारी स्तर पर नहीं बल्कि प्रत्येक नागरिक का अहम कर्तव्य होना चाहिए।

इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन के अध्यक्ष मधुसूदन भट्ट ने कहा कि साल 2023 में दुनिया के 10 सबसे प्रदूषित शहरों की सूची में दिल्ली का पहला स्थान होना चिंता का विषय है अब वक्त आ गया है कि हम सभी एकजुट होकर कृत्रिम जीवन जीने के आदी हो चुके मानव को प्रकृति से जोड़ें और आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुरक्षित करें।

इस अभियान के संयोजक ब्रजेश शर्मा ने कहा कि ग्लोबल वार्मिंग के दुष्परिणाम पूरी दुनिया लगातार देख रही है ऐसे में इस प्रकार के अभियान ही लोगों को एक स्वस्थ जीवन देने में सहायक हो सकते हैं। क्योंकि प्रकृति का सम्मान ही अच्छे जीवन का आधार है।

### इस मौके पर रहे मौजूद

इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन संस्कृति के चेयरमैन पूरन डावर, महासचिव अजय शर्मा, संयोजक ब्रजेश शर्मा, अध्यक्ष मधुसूदन भट्ट, प्रख्यात कवि पवन आगरी, होटल भावना क्लार्क इन के जीएम गजेंद्र सिंह, फाउंडेशन के निदेशक मोहित जैन, डॉ. रामनरेश शर्मा, अविनाश वर्मा, अभिषेक शर्मा आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)